दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 13 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-232 ■ पृष्ठ -16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

शारदीय नवरात्र



मां चंद्रघंटा (तृतीय)

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति है चंद्रघंटा। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-अराधना की जाती है। इस देवी के मस्तक पर घंटे का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इस देवी के दस हाथ है वे खड़ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित है ।

सहायता से वंचित बाढ़ पीड़ित परिवारों को डीएम चिह्नित करें : सम्राट

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को द्वितीय चरण में 1 लाख 60 हजार 201 बाढ़ पीड़ित परिवारों को अनुग्रहिक अनुदान वितरण के तहत उनके बैंक खातों में 7 हजार रुपए प्रति परिवार की दर से 112.14 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। प्रथम चरण में 15 सितंबर 2026 को 8 लाख 77 हजार 190 परिवारों के बैंक खातों में 7 हजार रुपए प्रति परिवार की दर से 614.03 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गयी थी। अब तक कुल 10 लाख 37 हजार 391 बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में 726.17 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गयी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान संबंधित विभाग के लोगों एवं प्रशासन के द्वारा राहत एवं बचाव कार्य को बेहतर ढंग से किया गया। सभी डीएम यह सुनिश्चित करें कि राहत सहायता से जो परिवार वंचित रह गए हैं, उन पात्र परिवारों को भी चिह्नित कर इस प्रक्रिया में शामिल किया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार सरकारी सहायता से वंचित न रहे। सीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित किसानों को फसल क्षति हेतु कृषि इनपुट अनुदान की राशि 14 अक्टूबर को दशहरा से पहले उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं की मरम्मती एवं पुनर्स्थापन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसे दीपावली से पहले पूरा करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को आवागमन एवं दैनिक गतिविधियों में परेशानी न हो। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री रत्नेश सादा, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव आदि उपस्थित थे।

सीएम ने बाढ़ प्रभावित 1.60 लाख परिवारों के खातों में भेजी राशि



मुख्य बिंदु

14 को फसल क्षति के लिये किसानों को मिलेगा कृषि इनपुट अनुदान

अब तक 10,37,391 बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में राशि अंतरित

सीएम ने डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पटना (एनएसबी)। महान समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व विजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री श्रवण कुमार, रामकृपाल यादव, शीला कुमारी, विधायक संजय सरावगी, श्याम रजक, संजय कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, बिहार राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, पूर्व विधायक सतीश कुमार, पूर्व विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र जितेंद्र राणा, डीएम कुंदन कुमार, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ. लोहिया जी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

पीएमसीएच में अब 2500 बेड पर होगा इलाज

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को पीएमसीएच पुनर्विकास योजना (फेज-1) के अंतर्गत नवनिर्मित अस्पताल भवन टावर-3 का शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात सीएम ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध कराई गई आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकीय सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीएम को टावर-3 के भूतल पर कियोस्क एवं काउंटर के माध्यम से ओपीडी मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया, अल्पाहार गृह की व्यवस्था तथा पीएमसीएच पुनर्विकास योजना के तहत अब तक पूर्ण कराए गए कार्यों और निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। सीएम ने नवनिर्मित टावर-3 के पांचवें तल पर पहुंचकर पीकू वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। टावर-3 के छठे तल पर स्थित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर-22 का भी निरीक्षण किया।

सम्राट चौधरी ने नवनिर्मित टावर-3 का किया उद्घाटन

संक्षिप्त खबरें

जम्मू-कश्मीर लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर समेत चार आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर समेत चार आतंकी मारे गए। चारों की पहचान मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद वकास और मोहम्मद असीम के रूप में हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों का यह समूह सोमवार दोपहर बाद कृष्णा घाटी सेक्टर के नंगी टकरी इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वे बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्र में पहुंच गए, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ।

बीपीएससी 72वीं प्रारंभिक परीक्षा दूसरी बार टली

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 72वीं प्रारंभिक परीक्षा एक बार फिर स्थ गित कर दी गई है। पहले 26 जुलाई की परीक्षा स्ि)ष त की गई। और अब 25 अक्टू बर को भी परीक्षा नहीं होगी। इस संबंध में सोमवार को बीपीएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसमें अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थूगित किए जाने की बात कही गई है। समझा जाता है कि साल के अंत तक परीक्षा ली जाएगी। 1187 पदों के लिए दूसरी बार परीक्षा स्थगित की गई। इससे पहले यह परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित कराई जानी थी। लगातार दूसरी बार परीक्षा स्स्ति होने से अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ गई है। अब उनकी नजर नई तारीख पर टिक गई है।

बिहार में भूमिहीन परिवारों को मिलेगी आवासीय जमीन

पटना (एनएसबी)। अभियान बसेरा के तहत भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज होगी। इसके लिए अब विकास मित्रों की मदद से पात्र परिवारों के आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरवाए जाएंगे। आवेदन तय समय-सीमा के भीतर बिहारभूमि पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

विकास मित्र भरवाएंगे फॉर्म, पोर्टल पर होंगे अपलोड

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को यह निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में सभी अपर समाहताओं, भूमि सुधार उप समाहताओं और अंचल अधिकारियों के साथ अभियान बसेरा, जमाबंदी सुधार अभियान समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। मंत्री ने अभियान बसेरा को प्राथमिकता देते हुए पात्र भूमिहीन परिवारों के मामलों में देरी नहीं करने को कहा। विकास मित्रों को आवेदन भरने की जिम्मेदारी देने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों की पहचान और आवेदन प्रक्रिया को गति देना है।

बिहार सम्राट कैबिनेट की बैठक में 23 एजेंडों पर लगी मुहर

पटना में बनेगा राज्य का पहला टेक पार्क, वैशाली में पांच स्टार रिसॉर्ट

डबल इंजन की सरकार से बिहार का हो रहा सर्वांगिण विकास : सीएम



पटना (एनएसबी)। सोमवार को सम्राट कैबिनेट की बैठक में 23 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट बैठक के बाद सीएम ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार से बिहार का सर्वांगिण विकास हो रहा है। सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के सरकार के प्रमुख के रूप में 25 पूरा वर्ष पूरा होने पर पूरे बिहार की तरफ से अभिनंदन किया गया। मंत्रिपरिषद ने पीएम मोदी के प्रति अपना आभार जताया है। 12 वर्षों से बिहार के विकास के लिए कृतज्ञता जतायी गई है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा, इसमें बिहार की अहम भूमिका होगी।

वहीं राजधानी के गर्दनीबाग में राज्य का पहला टेक पार्क बनाया जाएगा। इसके निर्माण और विकास के लिए मंत्रिपरिषद ने एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली के चयन को नामांकन के आधार पर मंजूरी दी है। साथ ही सूचना प्रावैधिकी विभाग और एनबीसीसी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। टेक पार्क के निर्माण से बिहार में आइटी और आइटीईएस क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। यह बिहार आइटी नीति-2024 और बिहार जीसीसी नीति-2026 के तहत निवेश आकर्षित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। सरकार के अनुसार, इस परियोजना से 100 से अधिक कंपनियों के निवेश की संभावना है और 5000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वहीं वैशाली में पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर आवासन उपलब्ध कराने के लिए पांच सितारा रिसॉर्ट बनाया जाएगा। पर्यटन विभाग ने इसके निर्माण के लिए पहले जारी संकल्प में संशोधन की स्वीकृति दी है। यह परियोजना जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से पूरी की जाएगी। विभाग ने 27 अगस्त 2025 को जारी संकल्प में पांच एकड़ जमीन पर पांच सितारा होटल बनाने का निर्णय लिया था। अब विभाग ने 10 एकड़ अधिग्रहित जमीन पर पांच सितारा रिसॉर्ट के निर्माण को बेहतर विकल्प माना है। सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र की तरफ से बिहार को लगातार सहयोग मिल रहा है। पटना के बाद दरभंगा में 2000 करोड़ की लागत से बिहार का दूसरा एम्स के भवन का निर्माण शुरू हो रहा है। प्रदेश में 8 नए ब्रिजों पर काम जारी है। आयुष्मान भारत योजना से 90 प्रतिशत परिवारों को लाभ मिला। 12 वर्षों में बिहार को 13 लाख करोड़ रुपये केन्द्र सरकार से मिले। बंद पड़े कई ब्रिजों का काम शुरू हुआ है। इसके साथ ही 8 नए ब्रिजों पर काम जारी है। बक्सर, सोनपुर, भागलपुर, कहलगांव-कटैया में निर्माण जारी है. बेगूसराय-सूर्यगढ़ा के बीच 6 लेन सड़क बनेगी।

कोविड मुआवजे पर पटना हाईकोर्ट का अहम फैसला

अनधिकृत लैब की रिपोर्ट पर भी मिलेगा मुआवजा



पटना (एनएसबी)। पटना हाईकोर्ट ने कहा है कि कोरोना महामारी में हुई मौत के मुआवजे का दावा सिर्फ इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि मृतक की कोविड जांच रिपोर्ट अनाधिकृत लैब से जारी हुई थी।

न्यायाधीश लोक कुमार की एकलपीठ ने शांति देवी और विनोद कुमार की अलग-अलग रिट याचिकाओं का निष्पादन करते हुए बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के उन आदेशों को निरस्त कर दिया, जिनमें केवल लैब के प्राधिकृत नहीं होने के आधार पर मुआवजे के दावे खारिज किए गए थे। अदालत ने समिति को दोनों आवेदनों पर पुनर्विचार कर नए सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के गौरव बंसल बनाम केंद्र सरकार मामले में जारी दिशा-निदेर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि मृत्यु प्रमाणपत्र और अस्पताल के दस्तावेजों से कोरोना संक्रमण के कारण मौत की पुष्टि होने पर केवल जांच लैब के प्राधिकृत नहीं होने के आधार पर मुआवजे का दावा खारिज नहीं किया जा सकता।

कोरोना मुआवजे का दावा अनाधिकृत लैब रिपोर्ट पर खारिज नहीं

हाईकोर्ट ने बिहार स्वास्थ्य समिति के आदेश रद्द किए

मृत्यु प्रमाण पत्र से पुष्टि होने पर मुआवजा मिलेगा

केरलम, तमिलनाडु समेत 6 राज्यों को मिले नए राज्यपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 6 राज्यों में राज्यपाल नियुक्त किए



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति ने सोमवार को छह राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति और तबादले को मंजूरी दे दी। जारी अधिसूचना के अनुसार सिक्किम, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक और उत्तराखंड में नए राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर को अब केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को तमिलनाडु का नया राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा ब्रज मोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल, डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल तथा डॉ. ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं दुष्यंत गौतम को सिक्किम का नया राज्यपाल बनाया गया है। इन नियुक्तियों के साथ विभिन्न राज्यों में राज्यपाल पदों पर व्यापक फेरबदल किया गया है। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभी नियुक्तियां उनके संबंधित राज्यों में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगी।

ओम प्रकाश माथुर केरल, राजेंद्र अर्लेकर तमिलनाडु के राज्यपाल ओडिशा, कर्नाटक, उत्तराखंड, सिक्किम को भी नए राज्यपाल मिले

नियुक्तियों की मुख्य सूची: ओम प्रकाश माथुर झ्र केरल के राज्यपाल, राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर-तमिलनाडु के राज्यपाल, ब्रज मोहन राम-ओडिशा के राज्यपाल, डॉ. सुधा यादव-कर्नाटक की राज्यपाल, डॉ. ढाल सिंह बिसेन-उत्तराखंड के राज्यपाल, दुष्यंत गौतम-सिक्किम के राज्यपाल नियुक्त किये गये।

बिहार विस चुनाव : दो बागियों को 6 साल के लिए पार्टी से किया निलंबित



पटना (एनएसबी)। विधान परिषद चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के विरुद्ध बगावत करने वाले दो कार्यकताओं को भाजपा ने पार्टी से छह वर्ष के लिए निलंबित कर दिया है। कार्रवाई के दायरे में आए दोनों कार्यकर्ता सारण शिक्षक सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इसमें सारण के राहुल सिंह एवं सिवान के रमेंद्र राय का नाम सम्मिलित है।

आनंद पुष्कर के सामने डटे मैदान में : विदित हो की एनडीए में सारण शिक्षक सीट पर जदयू के प्रत्याशी आनंद पुष्कर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अक्षय कुमार ने दोनों कार्यकताओं के निलंबन से संबंधित आदेश सोमवार को जारी कर दिया। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए दोनों नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। इस कदम के जरिए भाजपा ने स्पष्ट संदेश देने की कोशिश की है कि पार्टी के निर्णय और अधिकृत प्रत्याशियों के विरुद्ध जाकर चुनाव लड़ने वालों को संगठन में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधान परिषद चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के खिलाफ बगावत का मामला

दिल्ली में प्रदर्शन मेरा मुद्दा नहीं : सीजेआई सूर्यकांत



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन और पाबंदियों पर सीजेआई सूर्यकांत ने सोमवार को कहा- ये मेरा मुद्दा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और कोई भी आम नागरिक या निर्वाचित जनप्रतिनिधि याचिका दाखिल कर सकता है। सीजेआई विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस बीच, उखकका वह लेटर भी सामने आया जो उन्होंने रविवार को कठउक्रअ ब्लॉक के नेताओं को मुलाकात से इनकार करने के लिए लिखा था। इसमें उन्होंने कहा कि विपक्ष जिन मुद्दों पर चर्चा करना चाहता है, वे पहले से सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। ऐसे में इनपर मीटिंग करना न्यायिक मयार्दा और नैतिकता के खिलाफ होगा।

इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने उएउ ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सीजेआई को लेटर लिखकर मुलाकात का समय मांगा था। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 12 अक्टूबर की शाम अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने की इच्छा जताई थी।

जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन पर लगी रोक

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अब प्रदर्शन नहीं हो सकेंगे। केंद्र सरकार ने इसे निर्धारित प्रदर्शन स्थल की लिस्ट से हटा दिया है। सरकार ने 33 साल पहले जंतर-मंतर को प्रदर्शन की जगह तय किया था। गृह मंत्रालय की बनाई कमेटी की सिफारिश पर दिल्ली का रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और पूर्वी दिल्ली का उइऊ ग्राउंड प्रदर्शन स्थल बनाए गए हैं। यहीं पर अन्ना आंदोलन, पहलवानों का प्रदर्शन, कॉकरोच पार्टी का धरना हुआ था। कॉकरोच जनता पार्टी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और SIR पर रोक की मांग को लेकर सोमवार को भी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की परमिशन मांगी थी, लेकिन पुलिस ने इनकार कर दिया।

विपक्ष का पहली बार सुप्रीम कोर्ट तक मार्च

SIR और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका लगाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल, प्रियंका, खड़गे के साथ अन्य विपक्षी सांसद सोमवार शाम अचानक सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे। पहले विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च निकाला था। उन्हें 500 मीटर पहले रोक दिया गया था। यह पहली बार है जब विपक्षी नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला।

एसआईआर में गड़बड़ी के खिलाफ विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत 11 विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। राहुल ने आगे की रणनीति तय करने के लिए 13 अक्टूबर को सभी विपक्षी सांसदों के अपने घर चाय पर बुलाया है। मार्च के पहले राहुल गांधी ने 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष का मार्च शिवजी की बारात की तरह है, इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। रविवार को विपक्षी सांसदों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को पत्र लिखा था और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। लेकिन सीजेआई ने मिलने से इनकार कर दिया और याचिका दाखिल करने के लिए कहा था।

खबरें : एक नजर में



पीके मोतिहारी में शिक्षक संवाद में पहुंचे।

30 वर्षों से अटके वित्तरहित शिक्षकों के मामले का भी निकालेंगे समाधान : प्रशांत किशोर

मोतिहारी (दैनिक नवसंदेश)। पीके मोतिहारी में शिक्षक संवाद में पहुंचे, बोले- लोकसभा चुनाव से पहले 7वां वेतनमान नहीं दिला पाए तो शिक्षकों से वोट मांगने नहीं आएंगे, 30 वर्षों से अटके वित्तरहित शिक्षकों के मामले का भी निकालेंगे समाधान'।

पीके ने दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी को सीजाआई से नहीं मिलने पर दिया बड़ा बयान, बोले- कौन मिलने दे रहा है या नहीं, यह महत्वपूर्ण नहीं, महत्वपूर्ण यह है कि समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग आज की व्यवस्था से सहमत नहीं है और आंदोलन कर रहा है, राहुल गांधी भी चाहेंगे तो यह नहीं रुकेगा, लोग इन समस्याओं को लेकर नाराज हैं और सड़क पर डंडा खाने को तैयार हैं, लेकिन चुप बैठने को नहीं' ।

एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, के मुताबिक एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 25 अक्टूबर, (रविवार) को आयोजित होनी थी। उक्त परीक्षा अपरिहार्य कारण से स्थगित की जाती है।

लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के कार्यो की समीक्षा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रमों से



संबंधित समिति के कार्यो की समीक्षा हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में तीनों वित्तीय समितियों की लंबित कंडिकाओं एवं उनके निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों ने बताया कि लोक लेखा समिति की 26 कंडिकाओं का निष्पादन किया गया है। पूर्व निर्देश के आलोक में शेष लंबित कंडिकाओं के निष्पादन हेतु महालेखाकार कार्यालय द्वारा 21 विभागों के साथ बैठक की जा चुकी है तथा इस माह 10 अन्य विभागों के साथ बैठक की जा रही है। सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति की कुल 766 लंबित कंडिकाओं में से 268 का निष्पादन किया जा चुका है। 18वीं विधान सभा के दौरान इस समिति की 88 कंडिकाओं का निष्पादन हुआ है। वहीं, प्राक्कलन समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के आय-व्यय की समीक्षा की जा रही है। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि तीनों वित्तीय समितियों की सभी लंबित कंडिकाओं का निष्पादन मार्च 2027 तक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागों, वित्त विभाग तथा महालेखाकार कार्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। डा. प्रेम कुमार ने कहा कि वित्तीय समितियाँ सरकारी व्यय की निगरानी, वित्तीय जवाबदेही तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित कंडिकाओं का निष्पादन सुनिश्चित करने तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया।

नालंदा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर निलंबित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में नालंदा जिले के रहुई प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दौलतपुर के प्रभारी हेडमास्टर सुधीर प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामला सामने आते ही शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजीव रंजन कुमार के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए रहुई के बीईओ को निर्देश दिया गया है।

न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण : जीवेश

नकली दवा मामले में बिना तथ्य जांचे मेरे खिलाफ चलाया गया था दुष्प्रचार, कांग्रेस और विपक्ष माँगे माफी : जीवेश मिश्रा

जाले की जनता ने दुष्प्रचार को नकार कर लगातार तीसरी बार दिया आशीर्वाद : जीवेश मिश्रा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनके खिलाफ नकली दवा मामले को लेकर कांग्रेस और विपक्षी नेताओं द्वारा चलाया गया प्रचार पूरी तरह तथ्यहीन और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि राजस्थान के राजसमंद स्थित न्यायालय द्वारा 29 सितंबर को मामले में सभी आरोपियों को बाइज्जत बरी किए जाने के बाद अब उन तमाम लोगों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, जिन्होंने न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने से पहले उन्हें दोषी ठहराने का प्रयास किया।

जीवेश मिश्रा ने कहा कि पिछले वर्ष चुनाव से पहले कांग्रेस और कुछ अन्य राजनीतिक दलों ने इस मामले को लेकर लगातार दुष्प्रचार किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत तथा अन्य नेताओं ने सदाकत आश्रम में प्रेस वार्ता कर उन्हें नकली दवा बनाने का सरगना तक बता दिया और इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि उस समय मामला न्यायालय में विचाराधीन था और अपील की प्रक्रिया भी चल रही थी। इसके बावजूद बिना न्यायालय के अंतिम निष्कर्ष की प्रतीक्षा किए राजनीतिक बयानबाजी की गई।

उन्होंने कहा कि संबंधित मामला वर्ष 2012 का था, जिसे उन्होंने वर्ष 2015 के चुनावी हलफनामे में पारदर्शिता के साथ दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि यह मामला ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट से संबंधित था और वे उस दवा के निर्माता भी नहीं थे। न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि परिवाद दाखिल किए जाने से पहले ही संबंधित दवा की शेल्फ लाइफ समाप्त हो चुकी थी। ऐसे में एक्सपायर हो चुकी दवा की गुणवत्ता को आधार बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करना ही सवालों के घेरे में था।

भाजपा नेता ने कहा कि न्यायालय ने मेल फार्मास्युटिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बनाम पीजीआईएमईआर (2020) के निर्णय का भी उल्लेख किया है, जिसमें अत्यधिक देरी और दवा की एक्सपायरी के बाद की गई कार्रवाई के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्पणी की गई थी। उन्होंने कहा कि अदालत के स्पष्ट आदेश के बाद यह साबित हो गया है कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का राजनीतिक इस्तेमाल किया गया।



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता की।

जीवेश मिश्रा ने कांग्रेस, तेजस्वी यादव, पप्पू यादव, रोहिणी आचार्य, प्रशांत किशोर तथा एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी समेत उन सभी लोगों से सार्वजनिक माफी की मांग की, जिन्होंने इस मामले को लेकर उनके और उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी की। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने कानूनी नोटिस के बाद अपने बयान और ट्वीट तक हटा दिए थे।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी उचित नहीं है। न्यायालय पर भरोसा रखना और अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा करना लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने मीडिया से भी आग्रह किया कि पूरे मामले की समय-सीमा और न्यायालय के आदेश को जनता के सामने रखा जाए, ताकि लोग स्वयं निष्कर्ष निकाल सकें।

जीवेश मिश्रा ने कहा कि जाले की जनता ने तमाम दुष्प्रचार को खारिज करते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार भारी समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे आगे भी पूरी निष्ठा के साथ जाले की जनता की सेवा करते रहेंगे।

इस प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के संजय कुमार साव उर्फ साधु साव अपने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की : एजाज अहमद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू के समक्ष भाजपा के संजय कुमार साव उर्फ साधु साव सहित ने अपने समर्थकों ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, राजद नेता एजाज अहमद, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, भाई अरुणकुमार, ई अशोक यादव सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

राजद नेता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने राजद की सदस्यता रसीद देकर भाजपा नेता के साथ उनके समर्थकों को राजद की सदस्यता ग्रहण करवाई। और पार्टी का प्रतीक चिन्ह हरा गमछा और लालु जी के संघर्ष और योगदान पर लिखी गई गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर उन्हें सम्मानित किया ।

इस अवसर पर रणविजय साहू ने कहा कि बिहार महंगाई बढ़ाकर आम लोगों को विकास से कोसों दूर रखने वाली पार्टी भाजपा ने लोगों को ठगने का कार्य किया है। जुमलाबाजी की राजनीति करके नौजवानों को नौकरी और रोजगार वंचित रखा जा रहा है। लालू जी के विचार और तेजस्वी जी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा के संजय साव ने अपने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की।

दशहरा महोत्सव के दूसरे दिन गांधी मैदान में बिखरे बिहार की लोक संस्कृति के रंग

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा पटना प्रमंडल के संयुक्त तत्वावधान में गांधी मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव के दूसरे दिन बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और लोक कलाओं की मनोहारी झलक देखने को मिली। लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियों, भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों और पारंपरिक लोकनृत्यों ने उत्सव के माहौल को और भी जीवंत बना दिया।



प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू नवगीत ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मगध संगीत संस्थान के कलाकारों द्वारा बिहार गौरव गाथा पर आधारित भावनृत्य से हुई। महका-महका सोंधी माटी का बिहार है,. गीत के माध्यम से कलाकारों ने बिहार की लोक संसति, ऐतिहासिक विरासत, त्योहारों और गौरवशाली परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को बिहार की सांस्कृतिक जड़ों और अपनी माटी की सुगंध से जोड़ दिया।

इसके बाद प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू नवगीत ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उन्होंने मांगे ला हम वरदान हे गंगा मइया सहित छठ गीतों और मैथिली लोकगीत राम लगिहे पाहुनवां की प्रस्तुति देकर बिहार की लोक संगीत परंपरा की विविधता और मिठास को दर्शाया। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को लोक संस्कृति के रंग में सराबोर कर दिया।

प्रसिद्ध गायिका उषा सिंह ने सत्यम शिवम् सुंदरम और कोयल बिनु बगिया ना शोभे राजा जैसे गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम में संगीत और सुरों की खूबसूरत छटा बिखेरी। उनकी गायकी ने दर्शकों को भावविभोर किया। वहीं, कला श्री समूह के कलाकारों ने दुर्गा वंदना पर आधारित मनोहारी शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति, साधना और भारतीय शास्त्रीय कला का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त सामा-चकेवा पर्व पर आधारित संगीतमय नृत्य के माध्यम से मिथिला की लोक परंपराओं, पारिवारिक स्नेह और सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से अभिव्यक्त किया गया। पारंपरिक लोकनृत्य झिझिया की प्रस्तुति ने भी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और बिहार की लोक कलाओं की जीवंतता को रेखांकित किया।

अभियान बसेरा को गति देने के लिए विकास मित्र भरेंगे आवेदन फॉर्मेट : डा. दिलीप कुमार जायसवाल

निर्धारित समय-सीमा में बिहारभूमि पोर्टल पर अपलोड होंगे आवेदन



मंत्री ने बैठक कर सभी अंचल अधिकारियों को दिए निर्देश।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अभियान बसेरा के तहत पात्र भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने के लिए अब आवेदन फॉर्मेट भरने में विकास मित्रों का सहयोग लिया जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के माननीय मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर जानकारी रखने वाले विकास मित्रों के सहयोग से आवेदन फॉर्मेट भरवाए जायेंगे तथा उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर बिहारभूमि पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।

मंत्री की अध्यक्षता में राज्य के सभी अपर समाहर्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्ताओं एवं अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान बसेरा, जमाबंदी सुधार अभियान की प्रगति सहित विभागीय कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई और लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर जोर दिया गया। बैठक का संचालन विभाग के सचिव जय सिंह एवं सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी ने किया।

अभियान बसेरा के कार्यो को दें प्राथमिकता : मंत्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विकास मित्रों के सहयोग से विभाग द्वारा निर्धारित फॉर्मेट भरवाने की प्रक्रिया में तेजी लाएं। आवेदन फॉर्मेट भरने के बाद उसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर बिहारभूमि पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने अभियान बसेरा से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता देते हुए पात्र लाभार्थियों के मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया।

लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर हो निष्पादन : समीक्षा बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी अधिकारियों को लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एसआईआर की प्रक्रिया मतदाता सूची का शुद्धिकरण : शिक्षा मंत्री

अबतक आठ बार एसआईआर, सात कांग्रेस सरकार ने कराए



पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की आवश्यक प्रक्रिया है। मतदाता सूची में मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं की पहचान करना तथा छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ना देशहित और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है।

एसआईआर से जुड़े आंकड़ों का हवाला देते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि देश के लगभग 95 करोड़ मतदाताओं में से 82 करोड़ यानी करीब 88 फीसदी मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरकर अपनी जानकारी दर्ज कराई। इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 2.89 करोड़ मृत वोटरों और 1.01 करोड़ दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं की पहचान की गई। वहीं, दो करोड़ से अधिक लोगों ने फर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन किया। श्री तिवारी ने कहा कि अबतक आठ बारा 1952-56,1957, 1961,1965-66, 1983-84, 1987-89, 1992-95 और 2002-04 में एसआईआर हो चुका है। इनमें सात बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही है। इसके अलावा तमिलनाडु और केरलम में कांग्रेस गठबंधन के दल अपनी जीत में एसआईआर की अहम भूमिका को स्वीकार कर चुके हैं। केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्नीथला ने माना था कि पहले सीपीएम फर्जी वोट डलवाती थी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी एसआईआर का समर्थन किया है। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाने का बयान दे चुके हैं।

हर 15 दिन में पुलिस अफसरों का बनेगा रिपोर्ट कार्ड : जितेंद्र

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए अब हर 15 दिन पर समीक्षा बैठक होगी। आईजी जितेंद्र राणा ने 112 आपातकालीन सेवा के रिस्पांस टाइम को कम करने और नशे व गंभीर अपराधों के खिलाफ अभियान तेज करने का आदेश दिया है।

कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा ने पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित क्षेत्रीय समीक्षा बैठक में उन्होंने गंभीर अपराधों, नशीले पदार्थो के अवैध कारोबार और आपातकालीन पुलिस सेवाओं की स्थिति की व्यापक समीक्षा की और अधिकारियों को कार्यशैली में तेजी लाने की हिदायत दी।

आपात स्थिति में आम लोगों तक पुलिस सहायता तुरंत पहुंचाने के उद्देश्य से आईजी ने इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम को और अधिक



आईजी जितेंद्र राणा ।

प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) को स्पष्ट कहा कि पुलिस के रिस्पांस टाइम को घटाने के लिए व्यवस्था में जरूरी सुधार किए जाएं, ताकि संकट के समय जरूरतमंदों को बिना किसी देरी के त्वरित सहायता मिल सके।

समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक (अपराध) को शराब माफियाओं, नशीले पदार्थो के कारोबार और अन्य संगीन अपराधों से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया गया।

खुसरूपुर थाने का ग्रामीण एसपी कोमल मीणा ने किया निरीक्षण, लंबित कांडों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), पटना सुश्री कोमल मीणा ने खुसरूपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, पुलिस व्यवस्था तथा लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

थाना के अभिलेखों से लेकर लंबित कांडों तक की समीक्षा : निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एसपी ने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस व्यवस्था, सीसीटीएनएस प्रणाली और सिरिस्ता के कार्यो का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अभिलेखों के उचित रखरखाव, थाना की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा पुलिस कार्यो के समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया। साथ ही अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं जवाबदेही के साथ करने का निर्देश दिया।

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ का अंशदान दिया



मंत्री, पर्यटन विभाग द्वारा उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट मुख्यमंत्री, बिहार को सौंपा गया।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि, पटना द्वारा 12-10- को मुख्यमंत्री राहत कोष में 01 (एक) करोड़ रूपये का अंशदान दिया गया। मंत्री, पर्यटन विभाग द्वारा उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट मुख्यमंत्री, बिहार को सौंपा गया। इस अवसर पर लोकेश कुमार सिंह, भाप्रसे, सचिव, पर्यटन विभाग, नन्द किशोर, भावसे, प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि एवं प्रदीप सिंह, भाप्रसे, अपर प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि उपस्थित थे।

खबरें — खास-खास

आयुष के दम पर राज सयर की जीत, जिग जैग ने सीएबी रेड को 83 रन से हराया

विमला देवी मेमोरियल अंडर-13 टूर्नामेंट में दो मुकाबलों का रोमांच, अनुज मनीष दूबे और शिवम चंद ने दिखाया दम

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में राज सयर इंडोर क्रिकेट एकेडमी ने टर्फ किंग क्रिकेट एकेडमी को दो विकेट से हराया। वहीं, दूसरे मुकाबले में जिग जैग क्रिकेट एकेडमी, बक्सर ने सीएबी रेड को 83 रन से करारी शिकस्त दी। सरदार पटेल स्पोर्टस फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे टूर्नामेंट के तीसरे दिन के पहले मैच में टर्फ किंग क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20.2 ओवर में 118 रन बनाए। टीम की ओर से अतिरिक्तके 54 रन अहम रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राज सयर इंडोर क्रिकेट एकेडमी ने अमन सिंह के 16, अभिनव कुमार के 19 और आयुष सिंह के 15 रन की मदद से 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 119 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। गेंदबाजी में सिद्धार्थ ने तीन विकेट लिए, जबकि आयुष सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



विजेता टीम को मिला पदक।

संक्षिप्त स्कोर : टर्फ किंग क्रिकेट एकेडमी - 20.2 ओवर में 118/10, आदिप्त 14, आयुष 19, क्रियांश 10, अतिरिक्त54, अयांश कृष्णा 2/17, आयुष सिंह 2/15, सिद्धार्थ 3/13, आयुष 1/16, अश्विन कृष्णा 2/23.

राज सयर इंडोर क्रिकेट एकेडमी - 19.4 ओवर में 119/8, अमन सिंह 16, अभिनव कुमार 19, आयुष सिंह 15, अतिरिक्त 52, अंगद 2/21, अराध्य 1/27, अयान गर्ग 1/12, स्वास्तिक 2/24.

दूसरे मुकाबले में जिग जैग क्रिकेट एकेडमी, बक्सर ने शानदार बल्लेबाजी की। कप्तान शिवम चंद ने 60 रन की पारी खेली, जबकि अनुज मनीष दूबे ने नाबाद 52 रन बनाए। अतिरिक्त के 52 रन की मदद से टीम ने 21 ओवर में सात विकेट पर 213 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में सीएबी रेड की टीम निर्धारित 21 ओवर में नौ विकेट पर 130 रन ही बना सकी। पियूष रंजन ने नाबाद 29 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। जिग जैग के सिद्धार्थ प्रियत्तम ने तीन विकेट लिए। अनुज मनीष दूबे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

संक्षिप्त स्कोर : जिग जैग क्रिकेट एकेडमी, बक्सर 21 ओवर में 213/ 7, चीकू राय 15, शिवम चंद 60, अंश राज 18, अनुज मनीष दूबे नाबाद 52, अतिरिक्त 52, कमल नयन राय 1/ 29, अयांश 2/14, माही 2/33, कार्तिक 2/45.

सीएबी रेड -21 ओवर में 130/9, अरबाज आलम 20, पियूष रंजन नाबाद 29, कमल नयन राय नाबाद 10, अतिरिक्त50, शोभित 1/12, चीकू राय 2/26, सिद्धार्थ प्रियत्तम 3/21, विनायक ठाकुर 2/16/

दावत कंप्यूटर सेंटर ब्रांच का अररिया के सदर विधायक आबिदुर रहमान ने किया उद्घाटन

कंप्यूटर शिक्षा आधुनिक युग के पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी

अररिया/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। नई पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा, वो कंप्यूटर की तकनीक से जोड़ कर और उन्हें संवार कर उसे रोजगार के अवसरों से जोड़ने का जो सपना पत्रकार डाक्टर अब्दुल कादिर शम्स (मरहूम) ने देखा था, वह अब बाजाप्ता हकीकत का रूप ले रहा है। इसी शैक्षणिक वो कल्याणकारी मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में अररिया जिला मुख्यालय स्थित जीरोमाइल में जेड एन एकेडमी परिसर में दावत कंप्यूटर सेंटर की नई शाखा का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण उपलब्धियां है। जेड एन स्कूल जीरोमाइल अररिया में सदर विधायक आबिदुर रहमान ने दावत कंप्यूटर सेंटर की नई शाखा इकाई के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डाक्टर अब्दुल कादिर शम्स (मरहूम) ने अपनी जीवन में नई नस्ल की तालीम वो तरबीयत और तरक्की के लिए जो काम कर गए ,वह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है, उन्होंने अपने हिस्से की जिम्मेदारी बखूबी अंजाम यानी अदा किए ,लेकिन उनका मिशन अभी भी अधूरा है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हमसब उनके शैक्षिक सपना को साकार करने के लिए हम सब आगे आएं और इस नेक काम को और आगे बढ़ाएं। सदर विधायक आबिदुर रहमान ने इस बात पर जोर दिया कि स्व डाक्टर अब्दुल कादिर शमश के तालीमी मिशन को आगे बढ़ाना , सिर्फ एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह सामाजिक बिरादरी की संयुक्त जिम्मेदारी भी है। मरहूम डा शम्स के भाई पूर्व सीनियर पत्रकार व शिक्षक अब्दुल वाहिद रहमानी जिस अजम वो जज्बे के साथ इस मिशन को आगे बढ़ाने में मसरूफ हैं , इनका सहयोग करना , समय की अहम जरूरत है। दावत कंप्यूटर सेंटर की नई शाखा का स्थापना महज एक इदारे का उद्घाटन नहीं , बल्कि नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने, उसमें आधुनिक हुनर पैदा करने और उसे स्वरोजगार वो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने वो उन्हें काबिल (योग्य) बनाने की तकनीकी महारत नौजवानों के लिए एक संवेदनशील कोशिश है। इस मौके पर मंच संचालन कर रहे शिक्षक अरशद अनवर अलिफ , पूर्व मुखिया वशीक साहब, इकबाल नदवी, विधायक पुत्र आफताब उर रहमान, कंप्यूटर सेंटर के इंचार्ज मोहम्मद अबू नसर, मुजम्मिल हसीन, पत्रकार कमर आलम, जसीमुद्दीन, आदि गणमान्य लोग वो ग्रामीण मौजूद थे।



जेड एन स्कूल जीरोमाइल अररिया में सदर विधायक आबिदुर रहमान ने दावत कंप्यूटर सेंटर की नई शाखा इकाई के उद्घाटन किया।

संक्षिप्त खबरें

भव्य तरीके से निकली मां दुर्गा की जलभरी यात्रा



सहार (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों पे विशेष कर सहार बाजार में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के पूर्व भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सोन नदी से जल उठाया। इसके बाद कलश यात्रा बस स्टैंड रोड और थाना रोड होते हुए पंडाल तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए जिस से भक्तिमय माहौल बना रहा।जलभरी यात्रा को आकर्षक बनाने के लिए घोड़े और नौ देवियों की भव्य झांकी निकाली गई, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अमृत कुमार, उपाध्यक्ष भोला सिंह, सचिव पप्पू विश्वकर्मा, उपसचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ केशरी एवं रोहित केशरी तथा सूचना मंत्री हिमांशु केशरी और आर्यन केशरी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अंचल कार्यालय में बिना चढ़वा के नहीं संभव कोई कार्य

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार आलम यह है कि गलत काम करने से कर्मचारी तनिक भी परहेज नहीं करते हैं। कर्मचारियों को बिना चढ़ावे की परिमार्जन दाखिल खारिज या जमाबंदी कोई भी प्रक्रिया संभव नहीं है। पैसों के बल पर पूर्व में राजस्वकर्मी व अधिकारी रिश्वत के बल पर परिमार्जन दाखिल खरीद वी जमाबंदी से संबंधित करने में माहिर हैं। जिसके कारण फर्जी जमाबंदी दाखिल खारिज से संबंधित मामले भूमि उपसमाहर्ता कार्यालय में लंबित पड़े हैं।इस प्रखंड के सैकड़ो लोग जिला मुख्यालय के चक्कर काटते हुए नजर आ रहे हैं। आज भी संबंधित कर्मचारियों द्वारा अधिकारियों के हवाला देकर खुलेआम रिश्वत की मांग की जाती है। दलालों से लेकर साइबर कैफ के दुकानदार भी खूब मालामाल हो रहे हैं। नारायणपुर गांव निवासी नंदकिशोर सिंह नरेंद्र सिंह सिंह ने बताया किपिछले कई दिनों से ऑनलाइन आवेदन किए जाने के बावजूद भी परिमार्जन की प्रक्रिया अभी तक नहीं पूरी हो सका है। जिसमें सीधे तौर पर अवैध राशि की मांग की जाती है। वहीं नारायणपुर की एक महिला ने बताया कि मेरे जमीन पर दखल कब्जा होने के बावजूद भी संबंधित कर्मियों द्वारा मिली भगत से किसी दूसरे के नाम दाखिल खारिज कर जमाबंदी किया गया है। हालांकि इस अंचल कार्यालय में संबंधित शिकायत से मामले शुद्धि लेने वाला कोई नहीं है। शिकायत का निष्पादन तो दूर की बात अंचलाधिकारी महोदय से मिलने के लिए मीडिया कर्मी हो या जो बारी का इंतजार करना पड़ता है।

शारदीय नवरात्र कलश स्थापना के साथ शुरू

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के हाट बजारो पर माँ दूर्गा के मदिरो पूजा पंडाल मे शारदीय नवरात्र के कलश स्थापना के साथ विद्वान पंडित दौरा पूजा-पाठ कर शारदीय नवरात्र की शुरूआत की गई। कलश स्थापना के दौरान वैदिक मंत्रोंचारण से भक्ति में माहौल को गया। इस अवसर पर पूजा पंडाल एवं मूर्ती के अतिम रुप देने के लिए पूजा समिति दौरा रात दिन कार्य किया जा रहा है। अगिआंव के नारायणपुर बाजार बड़गांव बेरथ पावना नोनउर मड़नपुर के पूजा पंडाल को कलाकार अतिम रूप देने के लिए कार्य कर रहे है। रग बिरगी रौशनी से सजाया जा रहा है। पूजा पंडाल के सुरक्षा के लिए पूजा समिति के सदस्य लगे हुए है। प्रशासन दौरा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिए गए है।

कुर्की-जब्ती मामले आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना के फरहंगपुर गांव में न्यायालय के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने पहुंची पुलिस को देखकर फरार आरोपी ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी की पहचान फरहगपुर गांव निवासी महेंद्र राम के पुत्र धीरेंद्र राम के रूप में हुई है।इस संबंध में चांदी थाने के अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने के लिए पुलिस टीम गांव पहुंची थी।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई, छह वाहनों से 24 हजार जुर्माना वसूला

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह भारी वाहनों से कुल 24 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला है। यह कार्रवाई नो एंट्री में प्रवेश करने और यातायात नियमों के अन्य उल्लंघनों को लेकर की गई।इस संबंध में चांदी थाने के अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में नियमों का उल्लंघन करने वाले छह भारी वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

शायर अजहर रसूल को किया गया सम्मानित



पीरा (दैनिक नवसंदेश)। मशहूर युवा शायर अजहर रसूल को उनकी शायरी के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की 118वीं जयंती पखवारा के मौके पर संत रविदास जनसेवा संगठन की ओर से आरा में आयोजित समारोह के दौरान पूर्व विधायक व चिकित्सक डा. एसएम ईशा ने सम्मानित किया। मौके पर डा केएन सिंहा, डा मदन मोहन द्विवेदी, जर्नादन मिश्र, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, कसीम सहसरामी समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आरण्य देवी मंदिर में उमड़ी रही भक्तों की भीड़



संध्या समय युवतियों एवं महिलाओं ने मां के मंदिर जलाया दीप

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा- अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजन किया। प्रसाद स्वरूप नारियल, लड्डू, पेडा आदि चढ़ाया। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा है। शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वही माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा।

बिहार टी-10 प्रीमियर लीग का उद्घाटन

देशभर से पहुँचे युवा क्रिकेट प्रतिभागी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार टी-10 प्रीमियर लीग (बीटी10पीएल) का उद्घाटन वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में किया गया। उद्घाटन लीग के चेयरमैन आलोक अंजन द्वारा किया गया। आयोजनकर्ता राहुल सिंह सरकार, डॉ. विकास कुमार, धनंजय सिंह, डॉ. धनजी सिंह, मुकेश सिंह जयतेश, कमल किशोर सिंह, सुजीत सिंह, दीपक सिंह, अंकुर आनंद और अविनाश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजन के अंतर्गत देशस्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से आए युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की खेल क्षमता, प्रदर्शन, तकनीक, अनुशासन और क्रिकेट के प्रति लगन का आकलन किया गया, ताकि योग्य प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। आयोजकों ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करता है। ऐसे आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लीग के सचिव राहुल सिंह सरकार ने आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।

साथी जवान के द्वारा की गयी फायरिंग के दौरान होमगार्ड जवान की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। संदेश थाना क्षेत्र के संदेश थाना परिसर में स्थित पुरुष बैरक में रविवार की रात गोली लगने से होमगार्ड जवान की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पहुंच मामले की छानबीन में शुरू कर दी है। छानबीन के दौरान एसपी अवधेश दीक्षित संदेश थाना परिसर में मौजूद घटनास्थल निरीक्षण किया। मौके पर एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल से कई साक्ष्य को इकट्ठा किया है। मृतक जवान सहार थाना के गुलजारपुर गांव निवासी प्रेम शंकर राय का 25 वर्षीय पुत्र मोनल राय है। वर्तमान में संदेश थाना में कार्यरत था। जबकि फायरिंग करने वाला जवान सहार थाना के एकवारी गांव निवासी रितु कुमार है। घटना के बाद मौके से फरार हो गया है। मृतक जवान मोनल राय रविवार की शाम ड्यूटी खत्म कर अपने बैरक में बेड पर लेटा था। फरार जवान रितु कुमार संध्या गश्ती से वापस लौट बैरक में आया था। इस बीच अचानक फायरिंग हो गई और उसे गोली लग गई। गोली की आवाज सुनते ही बैरक में मौजूद जवान एवं पुलिस

एसपी ने कहा: जांच के बाद ही कारण हो पाएगा स्पष्ट





पदाधिकारी के बीच हड़कंप मच गई। पुलिसकर्मियों द्वारा उसे इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक होमगार्ड जवान के भाई धीरज कुमार राय ने बताया कि रविवार की रात करीब आठ बजे उसका फोन आया था और आने-जाने को लेकर बाइक खरीदने की बात कर रहा था। उसने बताया कि घटना की जानकारी उसके थाना के किसी भी स्टाफ या अन्य अधिकारियों द्वारा हमें नहीं दी गई। हम लोगों को दूसरे व्यक्ति से इस घटना की जानकारी मिली। उसने बताया कि उनके भाई की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

चालक से मारपीट कर टेंपो लूटने के मामले में एक गिरफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। गीधा थाना क्षेत्र में चालक के साथ मारपीट कर टेंपो लूटने के मामले में पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। दो विधि-विरुद्ध बालकों को भी पकड़ा गया, जिनमें से एक शौच जाने के दौरान पुलिस की पकड़ से फरार हो गया। पुलिस ने कायमनगर के समीप से लूट का टेंपो और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पहचान छिपाने के लिए टेंपो से नंबर प्लेट भी हटा दी गई थी। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि बिहिया थाना के धरहरा निवासी टुनटुन कुमार ने 23 सितंबर 2026 को टेंपो लूटने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उनका चालक करण कुमार बिहिया से एक आलू कारोबारी का भाड़ा तय कर कायमनगर से आलू लाने के लिए टेंपो लेकर निकला था। उसके साथ दो आलू कारोबारी भी थे। कायमनगर पहुंचने पर चालक को फोन कर वीरमपुर से आलू लाने के लिए कहा गया। इसके बाद वह वीरमपुर की ओर जाने लगा। इसी दौरान ज्ञानपुर जाने वाले रास्ते में डुमरिया बगीचा के पास दोनों आलू कारोबारी शौच के बहाने टेंपो से उतर गए।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ धरना

राष्ट्रपति के नाम भेजा गया ज्ञापन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में आक्रोशपूर्ण धरने का आयोजन किया गया। इस एकदिवसीय धरना कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया और कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, विशेषकर श्रीमती सोनिया गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के विरुद्ध नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रो अंगोमचा बिमोल अकोइजाम द्वारा जेएनयू की छात्राओं के साथ गंभीर यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार किया गया है। छात्राओं ने अपने बयानों में इसकी स्पष्ट पुष्टि की है। बावजूद कांग्रेस पार्टी खुद महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व का दावा करती है। धरना के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक स्मार पत्र जिला पदाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि आरोपी सांसद प्रो अंगोमचा बिमोल अकोइजाम की सदस्यता तत्काल प्रभाव से बर्खास्त की जाए, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस सांसद प्रो अकोइजाम द्वारा जेएनयू परिसर में छात्राओं के साथ किया गया कृत्य बेहद घृणित, अमानवीय और पूरी तरह से अक्षम्य अपराध है। ऐसे जनप्रतिनिधियों को एक पल भी संसद में बैठने का अधिकार नहीं है। भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री सुषमा लता कुशवाहा ने कहा कि उच्च शिक्षा के परिसरों में इस प्रकार की ओछी मानसिकता और कृत्य न केवल नारी शक्ति का अपमान है। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि विडंबना है कि एक तरफ जिस पार्टी के सर्वोच्च पदों पर महिला नेतृत्व विराजमान होने का दावा करती है, उसी पार्टी के सांसद द्वारा परिसरों में महिलाओं और छात्राओं के साथ इस तरह के घिनौने और आपराधिक कृत्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सी.डी. शर्मा, हरेंद्र पांडे, राजेंद्र तिवारी, विजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष ई धीरेंद्र सिंह, सूर्यकांत पांडे, ज्योति प्रकाश, राजकुमार कुशवाहा, संतोष कुमार चंद्रवंशी, नरेंद्र तिवारी, शालिनी सिंह,संजय कुमार सिंह, डॉ. केएन सिन्हा, सुनील कुमार, अशोक सिंह, कुंदन कुशवाहा, धर्मेन्द्र सिंह, पिंटू राय, धीरज सिंह, विष्णु सिंह, दुर्गेश सिंह, शुभम पांडे, संतोष सिंह संतु, मनीष रोशन, प्रशांत सिंह, संजय सिंह, अरविंद सिंह, आदित्य मुनि सिंह आदि प्रमुख थे।

पूजा के विभिन्न कार्यक्रम, जयन्ती पखवाड़ा तथा निशुल्क चिकित्सा शिविर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर में आज विभिन्न पूजा के कार्यक्रम, दिनकर जयंती एवं निशुल्क जांच शिविर तथा रामलीला उद्घाटन सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुए। नवरात्रि के प्रथम दिन, आनंद हॉस्पिटल ,आवासीय परिसर में श्री दुर्गा पूजा के कलश का स्थापना पूजा डॉ केएन सिन्हा द्वारा किया गया। डॉ सिन्हा द्वारा स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। डॉ सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह में एक घंटा शारीरिक श्रम, टहलने, योगा, कसरत, साइकिलिंग करें। खाने में शाकाहारी एवं फल फूल, हरी सब्जी का ज्यादा सेवन करें। तले, छाने, भूने चीज, फास्ट फूड, जंक फूड और बाजारू खाने का त्याग करें। शाम में खाना खा लें, इसके बाद रात में सिर्फ दूध, मखाना, हल्दी ही लें। डॉ एसएम ईसा के यहां राष्ट्रकवि रामधारी सिंह की जयंती पखवाड़ा का समापन के समय डॉ ईशा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। बाद में सिन्हा की अध्यक्षता में संयुक्त चित्रगुप्त पूजा समिति के द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें शहर के सभी पांचो पूजा समिति के द्वारा समन्वय



स्थापित कर विसर्जन के समय एक जुलूस निकालने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर अमरदीप कुमार जय, प्रो दिनेश कुमार सिन्हा, डी राजन, दिनेश कुमार मुन्ना, डॉ मदन मोहन द्विवेदी, डॉ सुधीर कुमार सिन्हा, अधिवक्ता रवि सिन्हा, डॉ संदीप कुमार सिन्हा, प्रो सच्चिदानंद सिन्हा, सोनू कुमार राय, अध्यक्ष रामलीला समिति, हाकिम प्रसाद, शशिकांत यादव आदि थे।

समय सीमा बीतने के बावजूद नहीं शुरू हुआ सड़क निर्माण

74.494 लाख की लागत से बननी है 1.6 किमी सड़क



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड अंतर्गत बिहियां-बिहटा स्टेट हाइवे पर मस्जिद मोड़ से मसहिंयां टोला तक सड़क निर्माण की निर्धारित समय सीमा बीत गई, लेकिन धरातल पर काम शुरू नहीं हुआ। 74.494 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से लगाए गए सूचना पट्ट के अनुसार, सड़क की लंबाई करीब 1.600 किलोमीटर है। ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण व प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कार्य प्रारंभ करने की तिथि 3 जुलाई 2025 और पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 2 जुलाई 2026 अंकित है। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह मार्ग एसएच-102 को जोड़ता है। इससे आसपास के ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों और मजदूरों का आवागमन होता है। सड़क निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि योजना पूरी होने से मार्ग की स्थिति सुधरेगी और आवाजाही सुगम होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूचना पट्ट लगाने के साथ निर्माण कार्य की प्रगति सुनिश्चित करना भी विभाग की जिम्मेदारी है। निर्धारित समय सीमा में काम शुरू नहीं होना निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

दान उत्सव से जुटाई राहत सामग्री बाढ़ पीड़ितों में बांटी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। महाराजा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से शनिवार को बाढ़ प्रभावित नूरपुर और परोहा गांव में जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की गई। इसके लिए महाविद्यालय परिसर में दो से आठ अक्टूबर तक दान उत्सव आयोजित किया गया था। इसमें विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने कपड़े, राशन, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं दान की थीं। प्राचार्या डॉ. कनक लता कुमारी, एनएसएस इकाई-एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंकिता ओझा, इकाई-दो के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रविकांत सहित अन्य प्राध्यापकों ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को रवाना किया। एनएसएस कैंपस एम्बेसडर नितीश कुमार सिंह के नेतृत्व में साक्षी कुमारी, सुमंत कुमार, सुधांशु कुमार, बिट्टू कुमार, अमन कुमार,आनंद कुमार, मनोज कुमार, आकाश कुमार, बादल कुमार, अमित कुमार, आदित्य कुमार, नितीश कुमार राय, साक्षी कुमारी, दीपक कुमार, शिवम कुमार, विकास कुमार और करण कुमार सहित अन्य स्वयंसेवकों ने गांवों में पहुंचकर राहत सामग्री का वितरण किया। गंगा दूत चंदन कुमार, मनीष कुमार और उनके सहयोगियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। राहत अभियान के तहत दिशा एक प्रयास संस्था की निदेशक सुनीता कुमारी की पहल पर बाढ़ प्रभावित महिलाओं को सौ सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए गए। इसका उद्देश्य महिलाओं की व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में सहयोग करना था। इस पहल से विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा मिला।

वीर कुंवर सिंह विवि का स्थापना दिवस 22 अक्टूबर को आरा क्लब में मनाया जाएगा



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शाहाबाद सिविल सोसाइटी एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ की संयुक्त बैठक एवं प्रेस वार्ता आरा क्लब में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 अक्टूबर को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह आरा क्लब आरा में आयोजित होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं शाहाबाद क्षेत्र की शैक्षणिक, सामाजिक, भाषाई और प्रशासनिक समस्याओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में शाहाबाद सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ. शशि कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शैक्षणिक संस्थानों की जवाबदेही और शाहाबाद के समग्र विकास पर गंभीर विमर्श का अवसर है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए समाज के जागरूक लोगों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों को मिलकर पहल करनी होगी। बैठक में तीन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा एवं आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। इस बात पर सहमति बनी कि शैक्षणिक संस्थानों की कार्यप्रणाली की प्रभावी निगरानी तथा शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त कमियों को दूर करने के लिए संगठित प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए आंदोलन तेज करना बैठक में भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की माँग को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिलों वाले ऐतिहासिक शाहाबाद क्षेत्र को अलग प्रमंडल का दर्जा दिलाने की माँग पर भी विचार किया गया। बैठक में पूर्व प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह, डॉ. निर्मल कुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, डॉ. विमल कुमार सिंह, शशिकांत तिवारी, अशोक कुमार पासवान, अशोक कुमार सिंह, धनंजय सिंह, अजय कुमार, शंकर कुमार सोनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शाहाबाद को प्रमंडल बनाने के लिए आंदोलन तेज करने का निर्णय

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को मारी टक्कर, एक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पवना थाना क्षेत्र के बद्री टोला एवं पहरपुर गांव के समीप सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव निवासी संतोष साह का 18 वर्षीय पुत्र अंगद कुमार है। वह इंटर का छात्र था। जबकि जख्मी उसी गांव निवासी केवलेश उपाध्याय का 18 वर्षीय पुत्र अंकित उपाध्याय है। पवार पंचायत के मुखिया विजय कुमार रजक ने बताया कि वह अपने दोस्त अंकित उपाध्याय के घर की बच्ची को बाइक द्वारा स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान तीन पहिया मालगाड़ी ने उन्हें रौंद दिया, जिसमें अंगद कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त अंकित उपाध्याय गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

पेंशन योजनाओं के लंबित आवेदनों को दो से तीन दिनों में निष्पादन करें : डीएम

कायाकल्प के तहत स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं संबंधित विभाग

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक, जनकल्याणकारी एवं राजस्व संबंधी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को लंबित कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा बताया गया कि जिले में विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित लगभग 4,000 आवेदन लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों की जांच एवं आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करते हुए अगले दो से तीन दिनों के अंदर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि बहादुरपुर, जाले, सिंहवाड़ा एवं किरतपुर सहित अन्य प्रखंडों में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि का सीमांकन किया जाना लंबित है। इस पर अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संबंधित स्थलों पर भूमि की पहचान एवं सीमांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें, ताकि सामुदायिक भवन निर्माण से संबंधित आगे की कार्रवाई समय पर की जा सके। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं के लिए छात्रावास निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि चिह्नित करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का नियमानुसार एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपर समाहर्ता राजस्व रोहित कुमार को सहयोग पोर्टल पर लंबित आवेदनों की नियमित निगरानी एवं अनुश्रवण करने का निर्देश दिया, ताकि आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाई जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल, अपर समाहर्ता राजस्व रोहित कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशिष अमन सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



समीक्षा करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

संक्षिप्त खबरें

बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, 4.87 लाख की चोरी पकड़ी

बेनीपुर (एनएसबी)। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, घनश्यामपुर के द्वारा सोमवार को बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी की गई। इस दौरान एक परिसर में 7.5 किलोवाट की अवैध बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बेनीपुर द्वारा थानाध्यक्ष, जमालपुर को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन के अनुसार दिनांक 12.10.2026 को घनश्यामपुर प्रशाखा अंतर्गत छापेमारी दल ने उपभोक्ता के परिसर की जांच की। यह परिसर विरेन्द्र प्रसाद यादव, पिता स्व. लक्ष्मी नारायण यादव, ग्राम-डांगा, वार्ड नं-06, पंचायत-कुबौल-डांगा, प्रखंड-किरतपुर, थाना-जमालपुर, जिला-दरभंगा का है।जांच में पाया गया कि उपभोक्ता द्वारा एक मीटर से मुख्य सेवा तार में अलग से तीन तार जोड़कर विद्युत चोरी की जा रही थी। इसके अधीन परिसर का कुल लोड 7.5 के वी पाया गया। इनका इस प्रकार विद्युत ऊर्जा उपभोग मीटर बाय पास कर विद्युत ऊर्जा उपभोग कर रहा था। विभाग के अनुसार इस कृत्य से विभाग को 4,87,951 रुपये (चार लाख सत्तासी हजार नौ सौ इक्यावन रुपये) की क्षति हुई है। विभाग ने उक्त उपभोक्ता संख्या पर स्मार्ट प्रीपेड सिस्टम के अनुसार 7589.64 रुपया की भी वसूली करने की बात कही है। छापेमारी दल में कनीय अभियंता दुगार्नंद अहमद शेख, कनीय विद्युत अभियंता बृजेश कुमार, मानव बल में मोहम्मद बाबुल और मोहम्मद जमरुद्दीन व सुरेश कामती शामिल थे। मौके पर जप्त सामानों में एल्युमिनियम वायर और थ्री फेज एनर्जी मीटर शामिल है।

जीविका ग्राम संगठन को मिला अपना भवन महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल


कार्यक्रम मे विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार व अन्य ।

बेनीपुर (एनएसबी)। प्रखंड के तरौनी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में जीविका ग्राम संगठन को बैठक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन हेतु एक भवन उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक विनय कुमार चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रूपेश कुमार राय, मुखिया श्याम सुंदर साहू, जीविका दीदियां एवं पंचायत प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।यह भवन जीविका ग्राम संगठन की नियमित बैठकों और अन्य गतिविधियों के संचालन में सहायक होगा। इससे जीविका दीदियों को सामूहिक रूप से बैठक करने और अपने संगठन को मजबूत बनाने के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इसे जीविका दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल बताया।

एक सप्ताह की एडवांस हाजिरी बनाकर सीएचओ हुए गायब


सिंहवाड़ा के अस्थुआ में स्वास्थ्य केंद्र पर लगा ताला।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा

निरीक्षण का दौरान बंद मिला हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर

प्रेमचंद एवं हेल्थ मैनेजर जमील अहमद के नेतृत्व में सोमवार को औचक निरीक्षण किया। अस्थुआ पंचायत के कोरौनी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे जांच अधिकारी ने केंद्र में ताला बंद पाया। केंद्र के सीएचओ राहुल कुमार, कुंदन कुमार एवं एएनएम अंजली कुमारी सहित अन्य कर्मी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में ताला बंद कर गायब थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी औचक निरीक्षण के लिए टीम कलिगांव पंचायत के चमनपुर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर पहुंची। वहां के सीएचओ सोनू कुमार एक सप्ताह की एडवांस हाजिरी बनाकर केंद्र से गायब थे। भजौरा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि एएनएम पूनम कुमारी एवं फूलमती केंद्र पर बैठी हुई थी। किसी मरीज का कोई काम नहीं हुआ था। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में चारों ओर गंदगी की भरमार थी। कलिगांव स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान वहां चारों ओर बिखरी हुई गंदगी को देखकर प्रभारी ने यहां कार्य कर रहे एनजीओ के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जा रहा है।

संस्कृत विश्वविद्यालय में 26 तक आचार्य में होगा नामांकन

दरभंगा (एनएसबी)। संस्कृत विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल से आचार्य (2026-28) में आवेदित छात्रों की मेधा सूची पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। एनईपी-2020 आधारित नवनिर्मित पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया आचार्य में पूर्ण करनी है। नामांकन के लिए यह विशेष अवसर दिया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि विद्वत्परिषद् एवं सिंडिकेट से स्वीकृत तथा लोकभवन से अनुमोदन की प्रत्याशा में आचार्य प्रथम सेमेस्टर (2026-28) में प्रवेश शुल्क 1650 रुपये निर्धारित किया गया है। छात्रव को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। वहीं, अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो.पुरेंद्र बारिक के अनुसार लोकभवन, पटना द्वारा शुल्क संरचना में किसी भी प्रकार का अगर परिवर्तन किया जाएगा तो उस स्थिति में अग्रिम सेमेस्टर में उसका सामंजन कर लिया जाएगा।

दरभंगा की खबरें पेज-5 पर भी

न्यायालय के फैसले ने विपक्ष के राजनीतिक दुष्प्रचार पर खड़े किए गंभीर सवाल : जीवेश

■ बोले- इस्तीफे की माँग करने वाले,अब जनता को जवाब दें, अमर्यादित टिप्पणियों के लिए माफी माँगें?


जीवेश कुमार विधायक सह पूर्व मंत्री।

जाले (एनएसबी)। विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने नकली दवा प्रकरण में न्यायालय के 29 सितंबर 2026 के आदेश के बाद विपक्षी दलों के नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 में जिस मामले को लेकर राजद और कांग्रेस सहित विपक्षी नेताओं ने उनके विरुद्ध राजनीतिक अभियान चलाया, उनके इस्तीफे की माँग की और सार्वजनिक रूप से उनकी प्रतिष्ठा को चोट पहुँचाने वाली टिप्पणियाँ कीं, आज उन सभी नेताओं को अपने पुराने बयानों पर जवाब देना चाहिए।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए जीवेश कुमार ने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन किसी व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही दोषी ठहराने का प्रयास करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि नकली दवा प्रकरण की पृष्ठभूमि वर्ष 2010 में लिए गए दवा के नमूनों और वर्ष 2012 से संबंधित आपराधिक मामले से जुड़ी थी। 4 जून 2025 को आए पूर्ववर्ती न्यायिक निर्णय एवं दंडादेश के बाद विपक्षी नेताओं ने इसे बिहार की राजनीति में मुद्दा बनाते हुए उनके मंत्री पद से इस्तीफे की माँग शुरू कर दी थी। कई नेताओं ने सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर उनके विरुद्ध तीखी टिप्पणियाँ कीं।श्री कुमार ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता राजेश राठौर, राजद नेता ऋषि मिश्रा, रोहिणी आचार्य, पप्पू यादव, बिहार कांग्रेस, इंडियन यूथ कांग्रेस तथा अन्य नेताओं और व्यक्तियों ने अपनी टिप्पणियों में उनके इस्तीफे की माँग की थी, तो कुछ में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने सवाल किया कि क्या राजनीतिक लाभ के लिए किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को धूमिल करना चाहिए। राजसमंद न्यायालय के उपलब्ध आदेश के अनुसार, 29 सितंबर 2026 को क्रिमिनल अपील संख्या 72/2025 स्वीकार की गई तथा 4 जून 2025 के पूर्ववर्ती निर्णय एवं दंडादेश को निरस्त किया गया। आदेश में उल्लिखित अभियुक्तों को संबंधित आरोपों से दोषमुक्त किए जाने का भी उल्लेख है। यह न्यायिक घटनाक्रम इस प्रकरण पर चर्चा करते समय अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे नजरअंदाज करके केवल पुराने घटनाक्रम के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुँचना उचित नहीं होगा।उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के निर्णय का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का कर्तव्य है। न्यायिक प्रक्रिया में आए बाद के आदेश के बाद अब विपक्षी नेताओं को भी अपने पुराने बयानों की समीक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह किसी से विशेष व्यवहार की अपेक्षा नहीं करते, लेकिन सार्वजनिक जीवन में सभी के लिए समान नैतिक मानदंड होने चाहिए। यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध आरोप लगने पर राजनीतिक दल तत्काल इस्तीफे की माँग करते हैं, तो न्यायालय के बाद के आदेश के सामने आने पर उन्हें अपनी पूर्ववर्ती टिप्पणियों पर भी उसी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

दरभंगा रेलवे स्टेशन से आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे तक सड़क उन्नयन व एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण के लिए भू-अर्जन से संबंधित मामलों की सुनवाई

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में परियोजना-दरभंगा जिला अंतर्गत दरभंगा रेलवे स्टेशन से आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे तक दोनार चौक एवं कपूरी चौक होते हुए सड़क के उन्नयन तथा कपूरी चौक से एकमी चौक तक लहेरियासराय चौक एवं लोहिया चौक होते हुए सड़क उन्नयन एवं एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण से संबंधित भू-अर्जन की प्रक्रिया के क्रम में सुनवाई आयोजित की गई।

उक्त परियोजना के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया के दौरान विभिन्न रैयतों द्वारा अपना रैयती दावा प्रस्तुत किया गया। इन दावों के आलोक में जिलाधिकारी की उपस्थिति में संबंधित रैयतों का पक्ष सुना गया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए कागजातों का अवलोकन किया गया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजस्व रोहित कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी रवि प्रकाश, डीसीएलआर एवं अन्य उपस्थित



सुनवाई करते जिलाधिकारी।

नवादा दुर्गा स्थान 52 सिद्धपीठों में से एक, यहां होती है सिंहासन की पूजा

सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण है नवादा का भगवती स्थान

■ यहाँ उनकी प्रतिमा नहीं, सिंहासन की होती है पूजा, दर्शन के लिए पहुंचते हैं लाखों श्रद्धालु

राजेश कुमार झा रतन

बेनीपुर। अनुमंडल के नवादा स्थित मां दुर्गा का मंदिर मिथिलांचल का एक विशिष्ट शक्तिपीठ है। यहां मां भगवती की प्रतिमा नहीं, बल्कि उनके पवित्र सिंहासन की पूजा-अर्चना होती है।आस्था के अनुसार मां इसी सिंहासन में साक्षात विराजमान रहती हैंऔर भक्तों को अपने आशीर्वाद से धन धान्य देती हैं। यह गांव बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यहां सालों पर श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला जारी रहता है। नवरात्रि में यहां की छटा और मनमोहक हो जाती है। मान्यता है कि नवादा दुर्गा स्थान को 52 सिद्धपीठों में से एक हैं। यह मान्यता है कि यहां शिवप्रिया सती का वाम स्कंध गिरा था। मंदिर में स्थापित सिंहासन का आकार कान जैसा बताया जाता है, जिससे इस स्थान की पवित्रता और विशेष महिमा को जोड़ा जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि इस स्थल का उल्लेख देवी भागवत पुराण तथा मत्स्य पुराण में भी मिलता है।

प्रतिमा के स्थान पर सिंहासन क्यों?

कथा के अनुसार सैकड़ों वर्ष पहले राजा हैयहट्ट ने यहां मां जगदंबा की प्रतिमा स्थापित कराई थी। बहेड़ी प्रखंड के हावीठीह गांव के एक साधक प्रतिदिन कमला नदी पार कर नवादा आकर मां की पूजा करते थे। वृद्धावस्था और अस्वस्थता के कारण जब उनका नियमित आगमन कठिन हो गया, तो मां ने स्वप्न में उन्हें प्रतिमा लेकर गांव जाने का निर्देश दिया। साधक ने प्रतिमा हावीडीह ले जाकर स्थापित कर दी, जहां आज भी भगवती का मंदिर है। इसके बाद नवादा के ग्रामीणों ने प्रतिमा वापस लाने का निश्चय किया। तभी मां भगवती ने पुजारी को स्वप्न में दर्शन देकर ग्रामीणों को सिंहासन की पूजा करने का आदेश दिया। मान्यता है कि इसी से गांव का कल्याण और श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। तभी से यहां प्रतिमा के स्थान पर सिंहासन की पूजा की परंपरा निरंतर चली आ रही है।

नवरात्र की विशेष महिमा

शारदीय नवरात्र में नवादा दुर्गा स्थान पर कलश स्थापना से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगती है। यहां वैदिक मंत्रोच्चार, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और आरती के साथ भक्तिमय वातावरण बनता है।

मंदिर में ब्राह्मणों और कुमारी कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराने तथा मन्नत पूरी होने पर बलि प्रदान करने की परंपरा भी सदियों से चली आ रही है। इस स्थल पर दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सहरसा, सुपौल सहित दूर-दूर के जिलों और नेपाल से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।


बेनीपुर स्थित नवादा भगवती स्थान।

गांव की सांस्कृतिक पहचान

नवादा गांव का दरभंगा राजपरिवार से भी ऐतिहासिक संबंध बताया जाता है। यहां दिवाली एक दिन पहले मनाने की सदियों पुरानी परंपरा आज भी जीवित है। इस अवसर पर मां जगदंबा मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाता है और मंदिर परिसर में सैकड़ों दीये जलाए जाते हैं।

नवादा का दुर्गा स्थान केवल एक पूजा स्थल नहीं, बल्कि मिथिला की आस्था, लोकपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। यहां सिंहासन की पूजा यह संदेश देती है कि शक्ति मूर्ति में नहीं, श्रद्धा और आस्था में निवास करती है। इस बार भक्तों को नलकूप से जल निकासी के लिए मोटर का सिस्टम लगा दिया गया है।जीससे जलमीनार पर भीड़ कम होगी। पूरे मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टिकोण से तीन दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाया गया है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए मंदिर से जुड़े सभी पथों में प्रकाश की समूचीत व्यवस्था किया गया है। यहां अहले सुबह तीन बजे से ही पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है। इस लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बासुकीनाथ झा ने बहेड़ा थाना को मंदिर जाने वाले मुख्य पथों में भ्रमणशील रहने का निर्देश देते हुए आधा दर्जन महिला पुलिस बल को मंदिर परिसर में प्रतिनियुक्त किया गया है। मंदिर के पुजारी अमरनाथ ठाकुर का कहना है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से मां भगवती की आराधना करते हैं, उन्हें मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सिंहासन का आकार भी कान के समान बताया जाता है।

नैतिक पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत करने तथा सरकार व प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करने में सक्षम : डॉ. चौरसिया

दरभंगा (एनएसबी)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग द्वारा "डिजिटल लोकतंत्र में सार्वजनिक सूचना की मीडिया जिम्मेदारी एवं नैतिकता" विषय पर संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में मीडिया की सामाजिक जिम्मेदारी, सार्वजनिक सूचना की विश्वसनीयता, डिजिटल युग में नैतिक पत्रकारिता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ आर एन चौरसिया- मुख्य अतिथि, मानविकी संकाय की अध्यक्ष एवं अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष प्रो पुनीता झा- अध्यक्षता तथा छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता- शुभारंभकर्ता आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में हिन्दी विभाग की डॉ मंजरी खरे एवं राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ नीतू कुमारी शामिल थीं। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकगण- डॉ नवीन कुमार सिंह, डॉ संकेत कुमार झा, डॉ शम्भावी, डॉ वीरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं डॉ आर्यिका पॉल उपस्थित रहे।डॉ आर एन चौरसिया ने पत्रकारों की भूमिका को विस्तार से रेखांकित करते हुए कहा कि पत्रकारिता एवं नैतिकता एक-दूसरे के पूरक हैं। नैतिकता पूर्ण पत्रकारिता सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। आज पत्रकारिता में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, स्वतंत्रता और मानवीय संवेदनशीलता की जरूरत और अधिक बढ़ गई है। कहा कि पत्रकार का वास्तविक धर्म सत्य को सामने लाना, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना और जनता के हितों की रक्षा करना है। नैतिक पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत बनाती है तथा सरकार एवं प्रशासन की जवाबदेही भी सुनिश्चित करती है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो पुनिता झा ने कहा कि पत्रकार आम जनता एवं शासन-प्रशासन के बीच संवाद का काम करता है। भाषण प्रतियोगिता में सेलिना कुमारी ने प्रथम स्थान, संगीता कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा साहिल कुमार सिंह और श्रेया श्री ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, स्वागत डॉ नवीन कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ संकेत कुमार झा ने किया।


कार्यक्रम में भाग लेते डॉक्टर चौरसिया व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

नाबालिग के अपहरण के आरोप में एक गिरफ्तार शराब पीकर हंगामा करने वाला भी गया जेल



गिरफ्तार अभियुक्त।

बिस्फी (एनएसबी)। पतौना थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में प्रयास तेज किए जा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पतौना थाना कांड संख्या 199/26 में रामनगर जफरा गांव निवासी समुद्री देवी की नाबालिग पुत्री को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपहरण करने के आरोप में मुकेश चौपाल, पिता रोघुनी चौपाल, को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अपहृता का माननीय न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है।वहीं, पतौना थाना सनहा संख्या 162 के तहत शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में रूपौली निवासी माधव मदन मुरारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बाढ़ राहत को लेकर अंचल पर प्रदर्शन करने का निर्णय

कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)। ईटहर पंचायत के समौरा ग्रामवासियों ने अंचलाधिकारी को आवेदन समुचे गांव को बाढ़ प्रभावित घोषित करने का अनुरोध किया है । अब तक बाढ़ग्रस्तहोने और मुसीबत झेलते रहने पर भी बाढग्रस्त घोषित नही होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश और गुस्सा है।जिसको लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को अंचल कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने की बात कही है। समौरा ग्रामवासी का कहना है कि समौरा गांव से पुरब सगड़दिना है,पश्चिम कोसी व बलान नदी है और उत्तर बलथरवा दक्षिण उसड़ी पंचायत के वार्ड नंबर 1 है। ये चारों तरफ के गांवों सगड़दिना, बलथरवा व उसड़ी के वार्ड में 1. को भी बाढ़ राहत मिलने जा रहा है। इस बीच में समौरा को बाढ़ राहत क्यों नही मिल रही है । इससे ग्रामीणो में काफी आक्रोश व गुस्सा है । इसको लेकर वार्ड सदस्या डेजी कुमारी, वार्ड सदस्या महंती देवी, महेश कुमार, लक्ष्मण सदा,रतन राय,विजय सदा,मोहन सदा,रामपुकार साह, चन्द्र किशोर साह, शंम्भु साह,लालु साह, प्रेम साह,केदारनारायण पौद्दार, बिजली सदा सहित सैकड़ों लोगों नेअपनी सहमति दी है।

दुर्गा पूजा को लेकर दरभंगा, समस्तीपुर व मधुबनी जिले में अलर्ट जारी



मनोज कुमार तिवारी डीआईजी।

दरभंगा (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए दरभंगा प्रक्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार तिवारी ने दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी जिले में अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि तीनों जिलों के पुलिस को विशेष सतर्कता व्रत में और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने का निर्देश दिया गया है। खासकर मधुबनी जिला के सीमावर्ती इलाकों में विशेष नजर रखने को कहा गया है। वही डीआईजी ने निर्देश दिया है की पूजा पंडालो, चौक चौराहा, वीरवार वाले इलाकों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया है। ताकि पूजा के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं उन्होंने निर्देश दिया है कि पूर्व वर्षों में जहां अप्रीय घटनाएं हुई है उन संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और किसी भी तरह की घटना को रोकने के लिए पुलिस वालों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। डीआईजी ने तीनों जिला के लोगों से अपील की है कि वह दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाएं और शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखें। हालांकि उन्होंने बताया कि सादे लिबास महिला और पुरुष बाल को तैनात किया गया है। विशेष रूप से पूजा पंडाल में पैनी नजर रखने का निर्देश दिया है।

भगवती के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की हुई आराधना



माँ दुर्गा की पूजा करते श्रद्धालु।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा शहरी क्षेत्र के पूजा -पंडालों में रविवार को कलश स्थापन के साथ शारदीय नवरात्रा का शुभारंभ हुआ, वहीं सोमवार को मां दुर्गे के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा- अर्चना की गई।सोमवार को पूजा- पंडालों में श्रद्धालु अधिक देखे गए। सोमवार की शाम पूजा- पंडालों में महिलाओं ने सांझ दिखाया। भले ही रविवार को महिलाओं की संख्या कम रही, लेकिन सोमवार को वह संख्या बढ़ गई। मंत्रोच्चारण के साथ पूरा शहर भक्तिमय बना हुआ है। शहर के प्रमुख मंदिरों माधवेश्वर परिसर स्थित श्यामा काली मंदिर, बसंत गंज स्थित कालीस्थान, सैद नगर स्थित काली मंदिर, मिजार्पुर स्थित मलेछ मर्दिनी मंदिर, राज किला स्थित कंकाली मंदिर सहित शहर के लगभग चार दर्जन पूजा -पंडालों में पूजा -अर्चना की जा रही है। पूरे वातावरण में दुर्गा सप्तशती का मंत्र गूंज रहा है। विश्व कल्याण की कामना के साथ भक्तों ने दस दिनी अनुष्ठान प्रारंभ कर दिया है। शहर के कादिराबाद, आजमनगर, चुना भट्टी, लक्ष्मीसागर, दोनार, बेंता चौक, उर्दू बाजार, भगवानदास मोहल्ला मूसा साह स्कूल, नाग मंदिर, मिजार्पुर चौक, मौलागंज, रहमगंज, बंगाली टोला, के एम टैंक, वीणापाणि क्लब, गणेश मंदिर के निकट अवस्थित बटन तिवारी, पीतांबरी बांग्ला स्कूल,नाक नंबर 6,गायत्री मंदिर,के एम टैंक सहित अन्य देवी मंदिरों तथा पूजा- पंडालों में मां की अराधना शुरू है। इधर शहर में माता के भक्तों के द्वारा पूजा करने के कारण जहाँ आवागमन में बढ़ोत्तरी हुई है,वहीं बाजार में खरीदारों की संख्या काफी बढ़ गई है।

महिलाओं के सम्मान में नारी शक्ति हुंकार आंदोलन, समाहरणालय के सामने प्रदर्शन

मधुबनी (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को जिला समाहरणालय के सामने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष ह्यनारी शक्ति हुंकार आंदोलनह्ल के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रतिमा रंजन की अध्यक्षता और जिला उपाध्यक्ष राधा देवी के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद डॉ. आंगोमचा बिमोल अकोइजाम से जुड़े प्रकरण को लेकर आक्रोश जताया गया।

महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रतिमा रंजन ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जेएनयू में 11 छात्राओं से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर यह आंदोलन किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पक्षों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने कहा कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के मुद्दे पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पितृसत्तात्मक व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने और इसे समाप्त करने के बयान का उल्लेख करते हुए कांग्रेस की कथनी और करनी के बीच अंतर को लेकर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान



भाजपा महिला कार्यकर्ता।

महिला मोर्चा की कार्यकताओं और भाजपा नेताओं ने एकजुट होकर अपना विरोध दर्ज कराया। मौके पर डॉ. किरण कुमारी झा, मनीता चौधरी, रीना सर्राफ, मीना देवी, चंदेश्वरी देवी, सीमा शाही, सुनीता देवी और बबीता देवी सहित भाजपा नेता देवेंद्र कुमार यादव, प्रमोद सिंह, सुबोध चौधरी, मनोज कुमार मुन्ना, पवन साह, चंद्रवीर यादव, चंदन पासवान, वीरेंद्र मेहता, कन्हैया साह, सतीश कुमार, मनीष करण, विजय पासवान, मनीष रंजन, गगन भगत,

13.8 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार तस्कर।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक के योगेंद्र कुमार ने बताया है कि 11 अक्टूबर की रात्रि समय करीब 23:00 बजे हरलाखी थाना अंतर्गत ग्राम उमगांव में एस एस बी(पिपरौंन कैम्प) द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई थी। तलाशी एवं जांच के दौरान एक संदिग्ध युवक को एक स्प्लेंडर मोटरसाईकिल के साथ रोका गया। विधिवत तलाशी के दौरान उक्त युवक के पास से 13.8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इस संबंध में एस एस बीद्वारा दिनांक-12.10.2026 को हरलाखी थाना में लिखित आवेदन समर्पित किया गया, जिसके आधार पर हरलाखी थाना कांड संख्या 453/26, दिनांक 12.10.2026, धारा-8/21 (बी)/22 एक्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू कुमार को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री के नेटवर्क से जुड़े अन्य बिंदुओं पर पुलिस द्वारा अग्रिम अनुसंधान

महिला ने भगवती के गहबर में घुसकर किया तोड़ फोड़

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। कटासा पंचायत के पैगंबरपुर गांव स्थित भगवती स्थान गहबर में सोमवार की शाम दीप दिखाने आई एक महिला ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। तोड़ फोड़ कर रही गांव की ही महिला को मौके पर पहुंची महिलाओं ने पकड़ लिया। ब्रह्मस्थान परिसर में स्थित भगवती गहबर में तोड़फोड़ के बाद हुई छति को देखकर मौके पर दीपदान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने विरोध करना शुरू किया।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या मे ग्रामीण गहबर के आसपास जमा हो गए। स्थिति बिगड़ते देख सिंहवाड़ा एवं सिमरी थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा बूझकर मामला को शांत कराया। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही दीपा देवी को हिरासत में लिया है। बताया गया है की मन्नत पूरी नहीं होने के कारण महिला मां भगवती के खिलाफ विरोध प्रकट कर रही थी। बताया गया है कि शाम के समय महिला अचानक गहबर में घुसी और देखते ही देखते माता की पीढ़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। जैसे ही इसकी भनक ग्रामीणों को लगी पूरे गांव में आक्रोश की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते ब्रह्मस्थान पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों ने बताया की भगवती गहबर गांव की आस्था का केंद्र है। यहां हर दुगार्पूजा में लोग भगवती की उपासना करते है। शाम के समय दीप जलाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है।

एसडीएम ने किया समीक्षात्मक बैठक दिए कई दिशा निर्देश

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सभी 28 पंचायत से सहयोग शिविर, संत रविदास शिविर एवं सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्राप्त शिकायतों, सुझावो एवं आवेदनों को ससमय निष्पादन को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सभी विभाग के सभी पदाधिकारी के साथ सोमवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता एसडीएम शारंग पाणि पांडेय ने किया. इस मौके पर वासगीत पर्चा, दाखिल खारिज, अतिक्रमण, भूमि विवाद राजस्व वसूली, शिक्षा, कायाकल्प योजना, कृषि आपूर्ति विभाग के साथ शिविर के माध्यम से आए सभी आवेदनों कि समीक्षा की गई. सभी पदाधिकारी सभी कर्मियों को नए पोर्टल के माध्यम से सभी कार्य संपादन करने का निर्देश दिया गया. वहीं नए पोर्टल पर काम करने से समय की बचत के साथ कई



समीक्षात्मक बैठक करते एसडीएम।

जानकारियां भी साझा कि गई. एसडीएम पांडेय ने सभी अधिकारियों से अब तक के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा की सहयोग शिविर अभियान सरकार का एक महत्वपूर्ण अभियान है. जिसका उद्देश्य आम लोगों के सरकारी योजनाओं का लाभ उनके द्वार तक पहुंचना है. शिविर में आये हर आवेदन की त्वरित निष्पादन किया जाए. लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाय. उन्होंने सभी

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई

मधुबनी (एनएसबी)। जिला और आसपास क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि आयुर्वेद में मां ब्रह्मचारिणी का संबंध सीधे तौर पर ब्रह्मचर्य, संयम, सात्त्विक आहार और अनुशासित जीवनशैली से जोड़ा गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार 'ब्रह्म' का अर्थ तपस्या और 'चारिणी' का अर्थ आचरण करने वाली है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, इस दिन का व्रत और ध्यान मस्तिष्क की शक्ति, बौद्धिक क्षमता और मानसिक स्थिरता को बढ़ाते हैं। माँ चंद्रघंटा हिंदू धर्म में नवरात्रि के तीसरे दिन पूजी जाने वाली देवी दुर्गा का तृतीय स्वरूप हैं, और इनका सीधा संबंध नाद और स्वर विज्ञान से माना गया है। माँ चंद्रघंटा के मस्तक पर अर्धचंद्र के आकार की एक घंटी सुशोभित है। विज्ञान के अनुसार, घंटी या मंदिर के विशिष्ट नाद से निकलने वाली ध्वनि तरंगें मस्तिष्क के दाएं और बाएं हिस्सों में संतुलन पैदा



पूजा स्थल पर पंडित।

करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इस घंटी की विशेष आवृत्ति पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि और कंपन से आसपास की नकारात्मक ऊर्जाएँ और मानसिक तनाव नष्ट होते ज्योतिष में जिन जातकों की कुंडली में शुक्र ग्रह कमजोर होता है, उन्हें प्रेम संबंधों में कठिनाइयाँ, वैवाहिक जीवन में तनाव और सुख-सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ता है।माँ चंद्रघंटा की उपासना और उनके मंत्रों का जाप करने से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होता है।

नवरात्रि के सुअवसर पर जानकी फिल्म्स की ओर से रिलीज किया गया मैथिली वीडियो अलबम



एल्बम फोटो।

मधुबनी (एनएसबी)। जानकी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड मधुबनी से वीडियो अलबम रिलीज किया गया। वीडियो अलबम " मैया मैसेज दिय " रिलीज होने के कुछ देर बाद से ही दर्शकों की पसंद बन चुका है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त श्री अजित आजाद लिखित मैथिली भगवती गीत गीतों पर आधारित इस वीडियो अलबम में स्वर दिया है भीमनाथ झा ने जबकि इसे संगीतबद्ध आलोक झा ने किया है। डिजिटल एआइ से सजाया है अरशद आलम नेइस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जानकी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुनील कुमार झा ने बताया कि जानकी फिल्म्स मैथिली में स्वस्थ मनोरंजन पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी कड़ी में इस वीडिया अलबम को रिलीज किया गया है। उन्होंने कहा कि आशा और विश्वास है कि इस भक्ति मय वीडियो अलबम को दर्शक हाथोंहाथ लेंगे। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और जानकी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के इस प्रयास की जमकर सराहना की। मालूम हो कि जानकी फिल्म्स प्राइवेट की लिमिटेड की ओर से अब कई मैथिली फिल्मों, वेब सीरिज और वीडियो अलबम का निर्माण किया गया है। चर्चित मैथिली फिल्म 'बबितिया' और 'विद्यापति' का निर्माण इसी बैनर की ओर से किया गया है।

राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गई

फुलपरास (एनएसबी)। स्थानीय लोहिया आश्रम बरही-फुलपरास के सभागार में सोमवार को पूर्व विधायक रामकुमार यादव की अध्यक्षता में डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित समाजवादी नेताओं एवं कार्यकताओं ने डॉ. लोहिया के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि देश में नागरिक आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में पड़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत फॉर्म-6 में बदलाव कर 13 करोड़ मतदाताओं को वोट के संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक



पुष्प अर्पित करते चित्र पर पूर्व केंद्रीय मंत्री।

संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है और देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है।उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए विपक्ष के नेताओं तथा छात्र-युवाओं को शांतिपूर्ण प्रदर्शन एवं विरोध करने से रोका जा रहा है। विपक्षी नेताओं और युवाओं की गिरफ्तारी की घटनाएं भी चिंताजनक हैं।श्री यादव ने कहा कि गांधी के देश में सत्याग्रह तथा डॉ. लोहिया के सिविल नाफरमानी के सिद्धांतों पर बंदिशें लगाकर मौलिक अधिकारों को कुचला जा रहा है। डॉ. लोहिया की पुण्यतिथि पर उनके विचारों और संघर्षों को स्मरण करना जरूरी है। उन्होंने डॉ. लोहिया के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।समारोह के अंत में श्री यादव ने समाजवादी साथियों से संवैधानिक अधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन में भाग लेना ही डॉ. लोहिया के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश चंद्र चौधरी, राजेश सिंह,रामाशीष यादव, असलम अंसारी,रामेश्वर भारती,कामेश्वर यादव, सदीकुल्ला अंसारी,सुनील साह,उमेश भिंडवार,सोनी यादव,श्यामदेव कुशवाहा, शशि रंजन,विजय कुमार पासवान, सूर्यनारायण यादव,अजय कुमार, मो.मकसूद आलम,मो. करमुल्लाह,मो. उस्मान, रमाशंकर पाठक,सुनील मंडल, जयचंद्र झा, हरि नारायण यादव, लुटकु पासवान, सोनू मिश्रा, मो. वाहिद, तजमुल हुसैन, धर्मेंद्र यादव,भोला नेता,हरि यादव, सुरेश पासवान, दीलखुश फारुख,अमित झा, रामप्रसाद यादव,चंद्र गोइत,संजय गोइत, देव नारायण गुरमेता,जगदीश कामत, नवलकिशोर यादव,नैशाद आलम, सुरेंद्र प्रसाद यादव,बाबाजी पासवान,केदार चौधरी, बोधू खलीफा और लालू यादव सहित कई दर्जन साथी एवं युवा उपस्थित थे। सभी ने डॉ. राममनोहर लोहिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक कर मंत्री श्रेयसी सिंह ने औद्योगिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर दिया जोर

उद्योग मंत्री ने महवल मेगा लेदर फुटवियर एवं एसेसरीज पार्क का किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। औद्योगिक क्षेत्रों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य की उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंची, जहां उन्होंने मोतीपुर के महवल स्थित मेगा लेदर फुटवियर एवं एसेसरीज पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा औद्योगिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार (भा.प्र.से.) तथा उद्योग विभाग के निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने औद्योगिक पार्क के विकास, आधारभूत संरचना और संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। सड़क, जलापूर्ति और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता एवं व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, ताकि उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने और उत्पादन गतिविधियों के संचालन में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने औद्योगिक पार्क के सुव्यवस्थित विकास तथा सुविधाओं के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देना और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। औद्योगिक पार्कों में सड़क, बिजली और जलापूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता उद्यमियों का विश्वास मजबूत करती है। हमारा प्रयास है कि उद्योगों को आवश्यक सुविधाएं समय पर मिलें, जिससे निवेश को प्रोत्साहन मिले, उत्पादन गतिविधियों का विस्तार हो और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हों। इस क्रम में मुजफ्फरपुर के महवल और बेला औद्योगिक क्षेत्र में सामने आ रही समस्याओं के समाधान के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बियाडा के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार ने निर्देश दिया कि समस्याओं की पहचान कर उनके निराकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। नवीन कुमार ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना बियाडा की प्राथमिकता है। बेला औद्योगिक क्षेत्र में सामने आई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि सड़क, जलनिकासी और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार कर औद्योगिक इकाइयों के संचालन के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और बियाडा औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। इन पहलों का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करना, निवेश को प्रोत्साहित करना और राज्य में रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना है। इस मौके पर उद्योग निदेशक मुकुल गुप्ता, डीएम कुमार गौरव, एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र एवं अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



महवल मेगा लेदर एसेसरीज पार्क का निरीक्षण करती उद्योग मंत्री।



अधिकारियो के साथ महवल और बेला औद्योगिक क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने को लेकर समीक्षा बैठक करती उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह।

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरपुर विधायक ने बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ मुख्यमंत्री राहत कोष मे दिया एक माह का वेतन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुजफ्फरपुर नगर विधायक रंजन कुमार सोमवार को पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधर जी से मुलाकात कर मुजफ्फरपुर जिले के कई प्रखंडो में आई बाढ़ से पीड़ित परिवारों के सहायतार्थ एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान किया। नगर विधायक का यह पहल पीड़ित परिवारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस दौरान उन्होंने मुजफ्फरपुर के विकास और नगर क्षेत्र में जन सुविधाओं को और वेहतर बनाने को लेकर कई प्रमुख मांगे मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए इस दिशा में कार्य आरंभ करने का अनुरोध किया। विधायक रंजन कुमार ने मुजफ्फरपुर नगर की सबसे महत्वपूर्ण सड़क जाम की समस्या और अव्यवस्थित यातायात की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए नगर के अघोरिया बाजार चौक एवं कलमबाग चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण कराने, सतपुरा रेलवे गुमटी पर रेल ओवरब्रिज का निर्माण कराने, मुशहरी अंचल से शहरी क्षेत्र को अलग कर सदर अंचल बनाने से संबंधित कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए त्वरित आवश्यक पहल करने की मांग की। मुलाकात के दौरान जनहित से जुड़े इन महत्वपूर्ण विषयों पर नगर विधायक ने मुख्यमंत्री के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा इनके शीघ्र क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही संकल्प है, जनहित ही सर्वोपरि है और मुजफ्फरपुर का सर्वांगीण विकास ही प्राथमिकता है, इसलिए उपर्युक्त सभी मांगों की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री से विशेष पहल करने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन सौपते नगर विधायक रंजन कुमार।

दशहरा मनाने चेन्नई से गांव घर लौट रहे युवक की पटना में सड़क हादसे में मौत

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। दुर्गा पूजा और दशहरा पर परिवार के साथ खुशियां मनाने चेंनई से अपने गांव घर लौट रहे मुजफ्फरपुर के एक युवक की पटना में हुई सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा दानापुर स्टेशन के पास हुआ। मृतक की पहचान बोचहां थाना क्षेत्र के घरभारा गांव निवासी शुभम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुभम चेन्नई से अपने घर लौट रहा था। वह दशहरा पर परिवार के बीच पहुंचने और घर के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराने का सपना लेकर निकला था। लेकिन घर पहुंचने से पहले ही सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शुभम के घर लौटने का परिजन इंतजार कर रहे थे। त्योहार के मौके पर उसके आने से परिवार में खुशियां आने वाली थीं, लेकिन हादसे की खबर ने सभी को झकझोर दिया। जिस घर में त्योहार की तैयारियां होनी थीं, वहां अब शोक का माहौल है। बोचहां के घरभारा गांव में घटना की खबर फैलने के बाद शोक का माहौल है।

गायघाट में डॉ. राम मनोहर लोहिया की 59वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। गायघाट में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी चिंतक एवं प्रखर विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की 59वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को डॉ रघुवंश बाबू विचार मंच के तत्वावधान में श्रद्धांजलि4 समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजद के पूर्व विधायक निरंजन राय सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने भाग लिया। समारोह में डॉ. लोहिया के विचारों, संघर्षों और समाजवादी सिद्धांतों को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में डॉ लोहिया की भूमिका को याद किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की। मौके पर लोगों ने सामाजिक न्याय और समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया। साथ,ँल्ल5 कार्यक्रम के माध्यम से डॉ. लोहिया के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। डॉ रघुवंश बाबू विचार मंच की ओर से आयोजित इस समारोह में उमड़ी भीड़ ने कार्यक्रम को खास बना दिया। आयोजन के जरिए डॉ. लोहिया के आदर्शों को अपनाने और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान भी किया गया।

कटरा के तत्कालीन बीडीओ पर विभागीय कार्रवाई शुरू अपशिष्ट प्रबंधन योजना में लापरवाही का आरोप

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन में कथित लापरवाही के मामले में कटरा के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अमरेंद्र पंडित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग ने इस कार्रवाई को औपचारिक मंजूरी दे दी है। अमरेंद्र पंडित फिलहाल सुपौल जिले में कार्यरत हैं। विभाग ने मामले की विस्तृत जांच कराने और संबंधित अधिकारी से साक्ष्यों के साथ लिखित बचाव बयान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। ग्रामीण विकास विभाग ने मामले की जांच के लिए अपनी विशेष कार्य पदाधिकारी रेणु कुमारी को संचालन पदाधिकारी नामित किया है। वहीं, मुजफ्फरपुर के जिला परियोजना पदाधिकारी सह निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है। संबंधित अधिकारी को निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना पक्ष साक्ष्यों के साथ रखने को कहा गया है। अमरेंद्र पंडित पर कटरा में बीडीओ के पद पर कार्यरत रहने के दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना की निगरानी, निरीक्षण और पर्यवेक्षण में कथित लापरवाही बरतने का आरोप है। इसके अलावा पंचायत स्तर पर तीन सदस्यीय स्थानीय क्रय समिति का गठन नहीं करने की बात भी आरोपों में शामिल है।

मुजफ्फरपुर में डायन का आरोप लगा कर 50 वर्षीय महिला को बेरहमी से पीटा, मौत

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर के सदर थाना अंतर्गत कच्ची पक्की ओपी क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में डायन का आरोप एक 50 वर्षीय वृद्ध महिला की पड़ोसी द्वारा बेरहमी से पिटाई किए जाने से गंभीर रूप से घायल हुई महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनो ने आरोपी के दरवाजे पर मृतका का शव रखकर हंगामा किया। मामले की सूचना के बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस ने कई घंटो तक समझाने बुझाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

साथ हीं पुलिस ने परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है। मृतका की पहचान जगदीशपुर गांव निवासी रामप्रवेश राय की पत्नी 50 वर्षीय सरस्वती देवी के रूप में हुई है। मृत महीला के पति का आरोप है कि बीते शनिवार रात करीब नौ बजे पड़ोसी शिवचन्द्र राय, श्रवण कुमार,अमर राय समेत छह-सात लोगों ने डायन का आरोप लगाकर उसकी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। पिटाई से घायल सरस्वती देवी को आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें एसकेएमसीएच रेफर किया गया। वहां भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वही मृतका का शव गांव पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण घटना को लेकर आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने मृतका के शव को आरोपितों के दरवाजे पर रखकर जमकर हंगामा किया।

इस दौरान वहां कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। वहीं घटना की सूचना मिलते हीं कच्ची-पक्की ओपी प्रभारी कुमारी पुष्पा मौके पर पहुंचीं और मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। फिर परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वही पुलिस ने मृतका के परिजनों के बयान पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



मृतक महिला। *फाइल फोटो।*



घटना के बाद आरोपी के दरवाजे पर हंगामा करते ग्रामीण।

ट्रॉमा हॉस्पिटल में विश्व गठिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, जोड़ों के दर्द व आधुनिक उपचार पर चर्चा



जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। विश्व गठिया दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर के सर्किट हाउस रोड स्थित ट्रॉमा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को गठिया, जोड़ों के दर्द और आधुनिक उपचार विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने समय पर बीमारी की पहचान, उचित उपचार और बेहतर जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आरंभ

में अस्पताल के वरिष्ठ प्रमोटर अजीत चौबे ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया और अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथि श्याम भीमसेरिया, अध्यक्ष, नॉर्थ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अपने संबोधन में कहा कि मुजफ्फरपुर में भी गठिया और जोड़ों के दर्द से संबंधित समस्याओं के बेहतर उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने अस्पताल परिसर में जागरूकता शिविर आयोजित करने की पहल की सराहना की। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व अध्यक्ष, हिंदी एवं जोड़ विभाग एसकेएमसीएच ने विश्व गठिया दिवस के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 अक्टूबर को विश्व गठिया दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गठिया से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर उपचार को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में डॉ अभिषेक ने गठिया के उपचार में आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही समय पर बीमारी की पहचान और उचित उपचार से मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान गठिया एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं के लक्षण, उपचार और सावधानियों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि जोड़ों में लगातार दर्द, सूजन या अकड़न होने पर चिकित्सकीय सलाह लें और लक्षणों को नजरअंदाज न करें। इस अवसर पर अस्पताल में पूर्व में घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण करा चुके मरीज भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट एवं प्रख्यात शल्य चिकित्सक डॉ. अमरदीप ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पूजा पंडालों में अतिरिक्त जवानों की होगी तैनाती, सादे लिबास में भी रहेगी पुलिस



दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर पूजा पंडाल का निरीक्षण करते एसएसपी।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। दुर्गापूजा के दौरान अधिक भीड़ उमड़ने की स्थिति में किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न न हो, इसके लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दशहरा तक पुलिस ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान भीड़भाड़ वाले पूजा पंडालों में किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। एसएसपी ने बताया कि शहर के सभी प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है। हरिसभा, पंकज मार्केट और सिकंदरपुर चौक जैसे इलाकों में पूजा समितियों के साथ बैठक कर सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। इन स्थानों पर श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ जुटती है, इसलिए पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूजा पंडालों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही पुलिसकर्मी सादे लिबास में भी मुस्तैद रहेंगे। मनचलों और उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए पहले दिन से ही कंट्रोल रूम भी शुरू कर दिया गया है।

वहीं दशहरा के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए भी पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी ने कहा कि ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान काटने के साथ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य दशहरा के दौरान शहर में शांति-व्यवस्था बनाए रखना और श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।

गायघाट में शराब पार्टी करने पहुंचे पांच युवक गिरफ्तार, 13 बोतल विदेशी शराब जब्त

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। गायघाट में शराब पार्टी करने पहुंचे पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने 13 बोतल विदेशी शराब भी जब्त की है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में शराब पीने वालों और कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, पांचों युवक दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 13 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। ऐसे में शराब का सेवन, बिक्री और भंडारण कानूनन अपराध है।

मुशहरी के निलंबित अंचलाधिकारी महेंद्र शुक्ला की बढ़ी मुश्किलें

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। मुशहरी अंचल के निवर्तमान निलंबित अंचलाधिकारी महेंद्र शुक्ला पर गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक बार फिर से शिकंजा कस दिया है। अब मई 2025 मे मिठनपुरा थाना क्षेत्र में हुए जावेद हत्याकांड मामले की दोबारा जांच का आदेश एसएसपी द्वारा दिया गया है। एसएसपी के इस कदम से पुरे प्रशासनिक हलके मे खलबली मच गई है। वही दूसरी तरफ पुलिस मुशहरी अंचल कार्यालय से अप्रत्यक्ष रूप से गहराई तक संबंध रखने वाले मो जावेद हत्याकांड की तह तक पहुंचने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि फर्जी तरीके से 70 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन मामले में जिलाधिकारी कुमार गौरव द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन सीओ महेंद्र शुक्ला को पहले ही सरकार द्वारा निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद पुलिस ने निलंबित अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मी करुणानिधि को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब पहले से ही जेल की हवा खा रहे महेंद्र शुक्ला पर एक और नए एवं गंभीर दोहरे हत्याकांड मामले में कानूनी शिकंजा कसने की कार्रवाई शुरू हो गई है। यह पूरा मामला 13 मई 2025 की शाम मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला स्कूल के गेट के पास का है, जहाँ बाइक सवार दो अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर जमीन कारोबारी जावेद और राजू नामक युवक की हत्या कर दी थी। इस घटना के पीछे जमीन विवाद सामने आया था। मृतक जावेद का ताल्लुक मुसहरी राजस्व कार्यालय से भी था और हत्या के बाद उसकी बाइक से कई सरकारी दस्तावेज भी बरामद हुए थे, जिससे तत्कालीन सीओ महेंद्र शुक्ला की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। हालांकि, उस समय न तो कोई अपराधी चिन्हित हो सका और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। हाल हीं मे जिले में जमीन कब्जा करने वाले प्रोटेक्शन गैंग की सक्रियता बढ़ने का मामला सामने आने के बाद एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले में भू- माफियाओं, निलंबित अंचलाधिकारियों और भ्रष्ट कर्मियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस सराहनीय कार्रवाई से प्रभावित होकर मुशहरी अंचल के दर्जनों लोग पुलिस कप्तान के कार्यालय पहुँचे और उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही, ग्रामीणों और पीड़ित पक्ष ने जावेद हत्याकांड मामले की भी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की जोरदार मांग की।

जनता की मांग और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्रा ने मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। यह विशेष टीम अब जावेद हत्याकांड के हर पहलू की गहराई से छानबीन करेगी। न्यायिक हिरासत में बंद तत्कालीन अंचलाधिकारी पर इस नए खुलासे और दोबारा जांच के आदेश से कानूनी शिकंजा और अधिक कसता नजर आ रहा है।



एसएसपी को सम्मानित करने पहुँचे गांव के लोग।

उनके कार्यकाल के मामले की होंगी जांच

13 मई 2025 के जावेद हत्याकांड की नए सिरे से होगी निष्पक्ष जांच, एसएसपी ने गठित की एसआईटी

सीतामढ़ी में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

सोशल मीडिया के दुरुपयोग व अश्लील संगीत बजाने पर होगी सख्त कार्रवाई

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। दुर्गा पूजा-2026 का आयोजन शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



जिला शांति समिति की बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी सद्भाव, आस्था और सामाजिक एकजुटता का पर्व है। इसके शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन में शांति समिति के सदस्यों, पूजा समितियों तथा आम नागरिकों की अहम भूमिका है। उन्होंने पूर्व की भांति इस वर्ष भी सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने, अफवाह फैलाने अथवा विधि-व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया के जिम्मेदाराना इस्तेमाल पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, आपत्तिजनक पोस्ट, विवादित टिप्पणी, फोटो, वीडियो अथवा ऑडियो के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों एवं आम नागरिकों से सोशल मीडिया पर सतर्क नजर रखने तथा किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री को बिना सत्यापन साझा नहीं करने की अपील की। अफवाह फैलाने एवं सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध होगी विधि सम्मत कार्रवाई

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक

विधि-व्यवस्था बनाए रखने में आमजन से सहयोग की अपील

बैठक में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। डीजे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा लाउडस्पीकर बजाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत अनुमति लेना अनिवार्य बताया गया। पूजा एवं विसर्जन के दौरान अश्लील गाने बजाने, जातिगत या धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियां करने तथा भड़काऊ सामग्री के प्रसारण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में निर्धारित नियमों एवं प्रशासनिक निदेशों का पालन करना होगा। प्रशासन ने पूजा के दौरान नशे की हालत में उपद्रव करने, शांति भंग करने तथा सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। पूजा समितियों से अपने-अपने क्षेत्रों में अनुशासन बनाए रखने, निर्धारित नियमों का पालन करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को देने की अपील की गई। विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर जिला नियंत्रण कक्ष-06226-250316 स्थापित किया गया है।

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया और पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से समाज में सद्भाव का संदेश प्रसारित करने तथा अफवाहों पर विराम लगाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की, ताकि जिले में दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

बैठक में अपर समाहर्ता संजीव कुमार, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सभी वरीय पदाधिकारी,सभी थानाध्यक्ष, सभी अनुमंडल पदाधिकारी के साथ जिला शांति समिति के सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

49.87 लाख की साइबर ठगी में दो भारतीय समेत तीन गिरफ्तार

नेपाल पुलिस की छापेमारी में मोबाइल, एटीएम कार्ड, चेकबुक और नकदी बरामद

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। नेपाल के रौतहट जिले में करीब 49.87 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत दो भारतीय नागरिकों और एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के ठिकाने से सात मोबाइल, 11 सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पेनड्राइव और नेपाली-भारतीय मुद्रा बरामद की गई है।


नेपाल पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी।

रौतहट के एसपी सीताराम रिजाल के अनुसार, करीब दो दर्जन खाताधारकों और डिजिटल वॉलेट उपयोगकताओं को बैंककर्मी या सेवाप्रदाता बनकर केवाईसी अद्यतन कराने के बहाने ठगी का शिकार बनाया गया था। शिकायतों के आधार पर जांच के बाद गौर नगरपालिका के पोखरिया टोला और कोइरी टोला में छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया निवासी 24 वर्षीय मो. शाहिल, 22 वर्षीय सलोनी कुमारी सोनी तथा गौर नगरपालिका-5 निवासी 18 वर्षीय नितेश कुशवाहा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से तीन एटीएम कार्ड, तीन चेकबुक, दो मेमोरी कार्ड, ठगी के तरीकों से संबंधित डायरी-कॉपी और 1,62,210 नेपाली रुपये व 3,236 भारतीय रुपये भी बरामद किए हैं।

एसपी ने बताया कि ठगी की रकम को अमेरिकी डॉलर में बदलकर बाइनेंस के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी में स्थानांतरित किए जाने की आशंका है। गिरोह के मुख्य सरगना और अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

संक्षिप्त खबरें

नगर उद्यान के निरीक्षण में मिलीं सुधार की जरूरतें, डीएम से ठोस पहल का आग्रह

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सीताकुंज नगर उद्यान के विकास और बेहतर व्यवस्था को लेकर उद्यान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान जलस्रोत को प्रदूषणमुक्त बनाने, शुद्ध पेयजल उपकरणों को दुरुस्त करने, रोज गार्डन विकसित करने और विशाल वृक्षों की छंटाई कर परिसर को सुव्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया। निरीक्षण में उद्यान के सचिव प्रमोद कुमार नील, कोषाध्यक्ष संजय कुमार रकटू प्रसाद, मो. अफाक खान, राम एकबाल साह, दीपक मस्कारा तथा वन पदाधिकारी रूपा शर्मा शामिल थीं। सदस्यों ने परिसर में जलजमाव की समस्या दूर करने और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का भी सुझाव दिया। उद्यान सचिव प्रमोद कुमार नील ने सीताकुंज नगर उद्यान के पदेन अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया (आईएएस) से पार्क के विकास, सौंदर्यीकरण और बेहतर रखरखाव के लिए ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन पहल से उद्यान में आने वाले लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सकेगा।


परिसर का निरीक्षण करते वन पदाधिकारी, उद्यान समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत संचालित सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, बिजली, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड एवं अतिक्रमण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतें तथा प्रत्येक शिकायत का समाधान निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है। इससे शिकायतों के निपटारे में तेजी आने के साथ प्रशासन के प्रति आम नागरिकों का विश्वास भी मजबूत हो रहा है।


नागरिकों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी।

दुर्गा पूजा को लेकर मेहसौल थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर अश्लील व भड़काऊ गाने बजाने पर रोक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मेहसौल थाना परिसर में थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में डीजे संचालकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीजे संचालकों को पर्व के दौरान निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि डीजे पर अश्लील, आपत्तिजनक एवं भड़काऊ गाने बजाने की अनुमति नहीं होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जाएगा। पुलिस ने सभी संचालकों को धार्मिक एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा विधि-व्यवस्था संधारण में प्रशासन को सहयोग देने की हिदायत दी। प्रशासन ने चेतावनी दी कि निदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आम लोगों एवं डीजे संचालकों से दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।


डीजे संचालकों के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष।

कायाकल्प अभियान से विद्यालयों की आधारभूत संरचना होगी सुदृढ़

योजनाओं के चयन एवं पोर्टल पर प्रविष्टि में तेजी लाने का निर्देश

जिलाधिकारी ने की सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं के चयन तथा संबंधित पोर्टल पर उनकी शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अभियान के तहत विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के चयन एवं पोर्टल पर उनकी प्रविष्टि की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कार्य में अपेक्षित तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं के चयन एवं पोर्टल पर उनकी शत-प्रतिशत प्रविष्टि का कार्य शीघ्र सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण अभियान के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कायाकल्प अभियान का उद्देश्य केवल योजनाओं का चयन करना नहीं, बल्कि विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं में वास्तविक एवं सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करना है। इसके लिए आवश्यक है कि योजनाओं का चयन विद्यालयों की वास्तविक जरूरतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप किया जाए, ताकि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग हो तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ मिल सके।



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, उपस्थित उप विकास आयुक्त श्वेता भारती व अन्य अधिकारी।

उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाओं के चयन एवं पोर्टल पर प्रविष्टि की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाएं, ताकि अभियान का उद्देश्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों का कायाकल्प गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता से न केवल पठन-पाठन का वातावरण बेहतर होगा, बल्कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति एवं शैक्षणिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को पूरी गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ अभियान को धरातल पर उतारने का निर्देश देते हुए कहा कि कायाकल्प अभियान का वास्तविक मूल्यांकन विद्यालयों में दिखाई देने वाले सकारात्मक बदलाव से होगा। इसके लिए योजनाओं के चयन से लेकर उनके क्रियान्वयन तक प्रत्येक स्तर पर तत्परता एवं प्रभावी समन्वय आवश्यक है।

बैठक में डीडीसी श्वेता भारती के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सिडबी के राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद को मिली जगह

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की ओर से नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव ऑफ इंडस्ट्री एसोसिएशंस के दूसरे संस्करण में उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद को शामिल किया जाना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

राष्ट्रीय स्तर के इस कॉन्क्लेव में परिषद का प्रतिनिधित्व महामंत्री प्रमोद जाजोदिया एवं सज्जन शर्मा ने किया। परिषद ने इस सहभागिता के लिए सिडबी के संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार जताया है।

परिषद को उम्मीद है कि सिडबी के साथ यह जुड़ाव उत्तर बिहार के लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए वित्तीय सहयोग और विकास के नए अवसर खोलेगा। इससे स्थानीय उद्यमों को सशक्त बनाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा क्षेत्रीय उत्पादों और व्यवसायों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। परिषद का लक्ष्य उत्तर बिहार के उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उनके व्यवसायों को लोकल से ग्लोबल पहचान दिलाना है। परिषद के अनुसार, सिडबी के साथ यह सहभागिता क्षेत्र में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और उद्यमशीलता को गति देने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकती है।



कॉन्क्लेव में परिषद का प्रतिनिधित्व करते महामंत्री प्रमोद जाजोदिया एवं सज्जन शर्मा।

सीतामढ़ी में 7 छात्रावास तैयार लेकिन अब तक शुरू नहीं हो सका संचालन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में सरकारी राशि से निर्मित सात छात्रावास भवन तैयार होने और संबंधित विभाग को हस्तांतरित किए जाने के बावजूद अब तक उनका संचालन शुरू नहीं हो सका है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्व में एमएसडीपी) के तहत बने इन छात्रावासों के बंद रहने से विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विवरण के अनुसार, श्री रघुनाथ प्रसाद नोपानी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाजपट्टी और प्रोजेक्ट हाई स्कूल, पुपरी में 50-50 शैय्या वाले बालिका छात्रावास बनाए गए हैं। जनता हाई स्कूल, परसौनी और श्री गुरु शरण हाई स्कूल, बेलसंड में 50-50 शैय्या वाले बालक छात्रावास हैं। वहीं, बड़ी बेहटा हाई स्कूल, चोरौत में 100 शैय्या वाला बालक छात्रावास तथा शाही हाई स्कूल और सरयुग हाई स्कूल, सुरसंड में क्रमशः 100-100 शैय्या वाले बालिका और बालक छात्रावास का निर्माण कराया गया है। छात्रावासों का निर्माण विद्यार्थियों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने और शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद भवन शिक्षा विभाग को सौंप दिए गए, लेकिन संचालन शुरू नहीं हुआ। इससे सरकारी योजना का उद्देश्य अधूरा रह गया है।



श्री रघुनाथ प्रसाद नोपानी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाजपट्टी में बनकर तैयार बालिका छात्रावास।

अब सवाल है कि भवन तैयार और हस्तांतरित होने के बावजूद छात्रावासों को चालू करने में देरी क्यों हो रही है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को इस दिशा में पहल कर शीघ्र संचालन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को सुविधा मिले और सरकारी संसाधनों का सदुपयोग हो।

डॉ. लोहिया: विपक्ष को जिम्मेदार बनाने वाले समाजवादी चिंतक

सीतामढ़ी में 59वीं पुण्यतिथि पर वक्ताओं ने डॉ. लोहिया को भारत रत्न देने की उठाई मांग

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी चिंतक और दूरदर्शी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया की 59वीं पुण्यतिथि लोहिया समाज, सीतामढ़ी के तत्वावधान में सर्वोदय मंडल कार्यालय, खादी भंडार परिसर में मनाई गई। अध्यक्षता लोहिया समाज के संयोजक जलंधर यदुबंशी ने की।

कार्यक्रम में डॉ. आनंद किशोर ने कहा कि डॉ. लोहिया सप्तक्रांति, चौखंभा राज, सिविल नाफरमानी और गैर-कांग्रेसवाद सहित अनेक सिद्धांतों, कार्यक्रमों और आंदोलनों के जनक थे। वे अन्याय के खिलाफ एक साथ संघर्ष के पक्षधर थे। भारत की आजादी, गोवा मुक्ति, मणिपुर और अरुणाचल को भारत से जोड़ने, नेपाल में लोकतंत्र, तिब्बत की रक्षा, अमेरिका में रंगभेद की समाप्ति, भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति और संपत्ति की असमानता के खिलाफ उन्होंने निर्णायक भूमिका निभाई। वे गुलाम भारत में 11 और आजाद भारत में 13 बार जेल गए। उनके पास न मकान था, न बैंक खाता और न कोई जमा पूंजी—उनका जीवन पूर्ण फकीरी का प्रतीक था।



सर्वोदय मंडल कार्यालय, खादी भंडार परिसर में आयोजित जयंती समारोह को सम्बोधित करते वक्ता व उपस्थित अन्य।

उन्होंने कहा कि आज लोहिया नहीं हैं, उनके कई समर्थक सत्तालोलुप हो गए हैं, लेकिन उनका विचार जीवित है और देश-दुनिया में उस पर आंदोलन जारी है। सरकार विश्वरत्न डॉ. लोहिया को भारत रत्न से सम्मानित करे।

जलंधर यदुबंशी ने कहा कि लोहिया का उद्घोष था—जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं। आज संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए सड़कों को फिर जीवंत करने की जरूरत है। कार्यक्रम में चंद्रदेव मंडल, मनोज कुमार, ब्रजमोहन मंडल, अमरेंद्र राय, अवधेश यादव सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि गरीबी, आर्थिक विषमता, शोषण और जातिभेद रहने तक लोहिया प्रासंगिक रहेंगे। अंत में सर्वसम्मति से डॉ. लोहिया को भारत रत्न देने की मांग की गई।

सम्पादकीय

पीढ़ियों का संघर्ष और नैतिक दृष्टि

हर पीढ़ी का यह स्वभाव बन गया है कि वह अपने बाद आने वाली पीढ़ी को कमतर आंकती है। बुजुर्ग अक्सर कहते हैं कि आज के लड़के-लड़कियाँ बिगड़ गए हैं, उनमें न अनुशासन है न जिम्मेदारी। वे अपने अनुभव के आधार पर यह मान लेते हैं कि उनके समय की दुनिया ही असली दुनिया थी और उसके बाद सब गिरावट की ओर चला गया। लेकिन असलियत इसके उलट है। हर नई पीढ़ी अपने पहले वालों से कहीं ज़्यादा विकसित, समझदार और संभावनाओं से भरी होती है।

समझने की बात यह है कि इंसान का जीवन अकेले नहीं चलता। वह हमेशा समाज और समय की स्थितियों से बंधा होता है। बच्चा जब पैदा होता है तो उसे पूरी सभ्यता का तैयार खजाना मिलता है । भाषा, विज्ञान, कला, तकनीक, विचार सब कुछ। वह जहाँ से शुरू करता है, वहाँ तक उसके पूर्वजों ने पहुंचाया होता है। इसी वजह से नई पीढ़ी हमेशा आगे बढ़ी हुई जगह से अपनी यात्रा शुरू करती है। पुराने लोग अपनी मेहनत और संघर्ष को देखते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि नई पीढ़ी को वही चीजें विरासत में मिली हैं और अब वे उन्हें और आगे ले जाने की स्थिति में हैं।

मगर समस्या यह है कि पुराने लोग इस अंतर को 'आलस्य' या 'बिगड़ापन' मानते हैं। वे यह देख नहीं पाते कि नई पीढ़ी की प्राथमिकताएँ और चुनौतियाँ अलग हैं। जहाँ पहले जीवित रहना ही बड़ी लड़ाई थी, वहाँ अब ज्ञान, पहचान और स्वतंत्रता की लड़ाई है। पुराने लोग जिन कठिनाइयों को गौरव समझते हैं, नई पीढ़ी उन्हें खत्म करने की कोशिश करती है। यही कारण है कि टकराव पैदा होता है।

आज के दौर में पीढ़ियों के बीच तुलना सबसे ज़्यादा जेन एक्स , मिलिनियल्स और जेन जेड के संदर्भ में की जाती है। जेन एक्स वाले अक्सर कहते हैं कि उन्होंने कठिन हालात में पढ़ाई की, सीमित साधनों में करियर बनाया और संघर्ष से अपनी जगह बनाई। मिलिनियल्स पर आरोप है कि वे ओवरसेंसिटिव हैं और सिर्फ आराम चाहते हैं। वहीं जेन जेड को तो और भी कठोर शब्दों में आंका जाता है। उन्हें मोबाइल और सोशल मीडिया का गुलाम कहा जाता है। लेकिन यह भूल जाता है कि जेन जेड के सामने जिन हालातों और तकनीकों ने जन्म लिया है, वे पहले कभी मौजूद ही नहीं थे। उनकी तेजी से बदलती दुनिया को समझने की क्षमता पुरानी पीढ़ियों की तुलना में कहीं ज़्यादा गहरी है।

अगर देखा जाए तो जेन एक्स को आज जो सुविधाएँ साधारण लगती हैं, वे भी उनके पूर्वजों के लिए असंभव थीं। इसी तरह जो चीजें आज जेन जेड के हाथ में हैं, उन्हें वे सामान्य मानते हैं, लेकिन यही उनके आगे की प्रगति की जमीन है। इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु संकट या लैंगिक समानता जैसे सवाल पहले कभी इतनी तीव्रता से सामने नहीं आए थे। यह पीढ़ी इन्हीं चुनौतियों से निपटने की तैयारी कर रही है। इसलिए इन्हें केवल 'बिगड़ी हुई' या 'कमजोर' कहना दरअसल उनकी असली ताकत और उनकी ऐतिहासिक भूमिका को नकारना है।

इतिहास में पीछे जाएँ तो यही पैटर्न हर जगह दिखता है। जिन बच्चों ने आज से दो सौ साल पहले कारखानों में काम शुरू किया, उन्हें उनके बुजुर्ग भी गैर-जिम्मेदार समझते थे क्योंकि वे खेतों में काम करने के लिए तैयार नहीं थे। जिन्होंने आधुनिक शिक्षा ली, उन्हें आलसी और बेकार कहकर पुकारा गया क्योंकि वे परंपरागत काम से बचते थे। लेकिन वही बच्चे बाद में नई औद्योगिक और वैज्ञानिक दुनिया के निर्माता बने। इसी तरह, जिन लोगों ने स्त्रियों की शिक्षा और उनके काम करने के अधिकार की बात की, उन्हें उनके समय के लोग पागल समझते थे। लेकिन आने वाली पीढ़ी ने इन अधिकारों को स्वाभाविक माना और समाज को नई दिशा दी।

असल में हर पीढ़ी पिछली पीढ़ी की सीमाओं को तोड़ती है। जो चीजें एक समय असंभव लगती हैं, वे अगली पीढ़ी के लिए सामान्य हो जाती हैं। यही प्रगति का नियम है। लेकिन जो लोग पुराने समय से बंधे रहते हैं, उन्हें यह प्रगति 'पतन' लगती है। वे सोचते हैं कि अगर नई पीढ़ी पहले जैसे नहीं रह रही तो जरूर गलत रास्ते पर है। जबकि सच्चाई यह है कि नई पीढ़ी पहले से बेहतर परिस्थितियों में खड़ी है और उसे नए सवालों से जूझना है।

आज के समय में यह और साफ दिखता है। डिजिटल दुनिया में पले-बढ़े बच्चे आसानी से कई भाषाएँ सीख लेते हैं, नई तकनीक को मिनटों में समझ जाते हैं, और दुनिया के किसी भी हिस्से के ज्ञान तक तुरंत पहुंच जाते हैं। पुराने लोग इसे सतहीपन मानते हैं, लेकिन यह सतही नहीं, बल्कि नई गहराई की शुरुआत है। पहले जो जानकारी महीने भर किताब पढ़ कर हासिल होती थी, वही जानकारी अब घंटों में मिल जाती है। इसका मतलब यह नहीं कि बच्चा बेकार हो गया, बल्कि इसका मतलब यह है कि उसके पास और आगे जाने की क्षमता है।

अगर हम पीढ़ियों के इस संघर्ष को सिर्फ नैतिक दृष्टि से देखें तो लगेगा कि पुराना सही था और नया गलत। लेकिन अगर इसे ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो स्पष्ट होगा कि हर नई पीढ़ी पिछले से आगे है। ज्ञान, तकनीक, मानवीय संवेदनाएँ सब कुछ बढ़ते ही जाते हैं, रुकते नहीं।

रीडेवलपमेंट नीति : शहर की आत्मा का क्षय



रजनीश कपूर ।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। पचास साल से अधिक पुराने, व्यक्तिगत प्लॉट पर बने दो-मंजिला डीडीए मकानों के पुनर्निर्माण और रीडेवलपमेंट के लिए एक समान नीति को मंजूरी दे दी गई है। दिल्ली की कई पुरानी कॉलोनियों के निवासियों के लिए यह लंबे समय से चली आ रही मांग का जवाब है। ये मकान 1962 के मास्टर प्लान के दौर में बने थे और अब संरचनात्मक रूप से कमजोर हो चुके हैं।

अब तक खाली रिहायशी प्लॉट पर रीडेवलपमेंट के स्पष्ट नियम थे, लेकिन बने हुए दो-मंजिला यूनिट्स के लिए कोई एकसमान ढांचा नहीं था। नई नीति ने इस अंतर को पाट दिया है। मालिक अब मौजूदा मास्टर प्लान, एफएआर, ग्राउंड कवरेज, ऊंचाई सीमा, स्ट्रक्चरल सेफ्टी और फायर सेफ्टी नियमों के अधीन अपने पुराने घर को गिराकर नया बना सकेंगे। इसके लिए उन्हें रूपांतरण शुल्क, बेटरमेंट लेवी और स्क्रूटिनी फीस भी देनी होगी।

सवाल है कि यह फैसला फ्लैट होल्डर्स या मकान मालिकों के लिए कितना लाभकारी है जाहिर है, सुरक्षा की दृष्टि से बहुत पुरानी इमारतों में दरारें, लीकेज, जंग लगी पाइपलाइन और कमजोर नींव आम बात हो गई है। भूकंप जैसे खतरों के बीच ये मकान जानलेवा साबित हो सकते हैं। रीडेवलपमेंट से आधुनिक, भूकंप-रोधी, बेहतर वेंटिलेशन और सुविधाओं वाले घर मिलेंगे। संपत्ति का मूल्य बढ़ेगा।

कई परिवारों के लिए यह सपना पूरा होने जैसा है। पुराने छोटे घर की जगह ज्यादा उपयोगी स्पेस। लेकिन इसके साथ ही नुकसान भी कम नहीं। आज के दौर के हिसाब से निर्माण लागत भारी पड़ सकती है। हो सकता है कि नवनिर्माण के लिए कई मध्यमवर्गीय परिवारों के पास इतनी पूंजी नहीं होगी। निर्माण के दौरान अस्थायी आवास की समस्या खड़ी हो जाएगी। निर्माण को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद बढ़ सकते हैं। यदि कोई मकान ऊंचा बना तो दूसरे की रोशनी और हवा प्रभावित होगी। अगर कई मकान एक साथ टूटें तो पूरे इलाके में धूल, शोर और ट्रैफिक का संकट गहरा जाएगा।

गौरतलब है कि यह नीति व्यक्तिगत प्लॉट तक सीमित है, समूह आवास या सोसायटियों पर नहीं। इसलिए इस योजना से सभी पुराने डीडीए निवासी समान रूप से लाभान्वित नहीं होंगे।

यदि यह योजना कामयाब हुई तो क्या यह योजना अन्य शहरों में दोहराई जानी चाहिए हां, लेकिन सावधानी से। मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे शहरों में भी पचास-साठ साल पुरानी सरकारी या निजी कॉलोनियां जर्जर हालत में हैं। रीडेवलपमेंट से आवास संकट कम हो सकता है और भूमि का बेहतर उपयोग भी संभव है। लेकिन हर शहर की अपनी भूगोल, जलवायु और सामाजिक संरचना है।

दिल्ली में भूमि की कमी और घनी आबादी के कारण यह जरूरी हो सकता है। अन्य जगहों पर अगर हरित क्षेत्र ज्यादा हों या सांस्कृतिक धरोहर मजबूत हो तो जल्दबाजी नुकसानदेह साबित हो सकती है।

नीति में स्थानीय जरूरतों, पर्यावरण प्रभाव आकलन और निवासियों की सहमति को अनिवार्य बनाना चाहिए। बिना पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर, जैसे पानी, सीवर, बिजली, सड़क के ऐसी रीडेवलपमेंट केवल भीड़ ही बढ़ाएगा।

ऐसे टाउन प्लानर और विशेषज्ञों का दृष्टिकोण मिश्रित है। कई टाउन प्लानर्स का मानना है कि पुरानी इमारतों को नजरअंदाज करना खतरनाक है। दिल्ली की आबादी 2047 तक और बढ़ेगी। मास्टर प्लान-2047 भी इसी दिशा में सोचता है।

ऐसे टाउन प्लानर और विशेषज्ञों का दृष्टिकोण मिश्रित है। कई टाउन प्लानर्स का मानना है कि पुरानी इमारतों को नजरअंदाज करना खतरनाक है। दिल्ली की आबादी 2047 तक और बढ़ेगी। मास्टर प्लान-2047 भी इसी दिशा में सोचता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रीडेवलपमेंट से घनत्व नियंत्रित तरीके से बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते एफएआर और ऊंचाई के नियमों का सख्ती से पालन हो। साथ ही, पार्किंग, खुले स्थान और सामुदायिक सुविधाओं का प्रावधान भी जरूरी हो। कुछ प्लानर्स चेतावनी देते हैं कि अनियोजित रीडेवलपमेंट से 'कंक्रीट के जंगल' का विस्तार होगा। पुरानी कॉलोनियां अपेक्षात कम घनत्व वाली थीं, पेड़-पौधे ज्यादा थे, गलियां चौड़ी और सामुदायिक भावना मजबूत थी।

नई इमारतें अगर ऊंची और सघन हुईं तो ये विशेषताएं खो जाएंगी। ट्रैफिक जाम बढ़ेगा, वायु प्रदूषण और गर्मी का प्रभाव और गंभीर होगा। विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि रीडेवलपमेंट के साथ ग्रीन बिल्डिंग मानकों, वर्षा जल संचयन और सोलर ऊर्जा को अनिवार्य किया जाए। साथ ही, विरासत क्षेत्रों में विशेष नियंत्रण रखा जाए।

अब सबसे महत्वपूर्ण सवाल, यह नीति दिल्ली की पुरानी संस्कृति और थीम से कैसे मेल खाएगी दिल्ली सिर्फ इमारतों का शहर नहीं, यादों, मोहल्लों और सामुदायिक जीवन का शहर है। दिल्ली की पुरानी कालोनियों दशकों से एक साथ रहने वाले परिवार, पड़ोसी रिश्ते, स्थानीय बाजार और छोटे-छोटे पार्क शहर की पहचान हैं। दो-मंजिला घरों की सीढ़ी, आंगन और छत की संस्कृति मध्यवर्गीय दिल्ली की आत्मा रही है। रीडेवलपमेंट अगर केवल ऊंची इमारतों और आधुनिक डिजाइन तक सीमित रहा तो यह संस्कृति छिन्न-भिन्न हो सकती है। नई इमारतें अक्सर अलगाव पैदा करती हैं। पुरानी कॉलोनियों में बच्चे गलियों में खेलते थे, बुजुर्ग शाम को पार्क में बैठते थे। क्या नई संरचनाएं इसे बनाए रख पाएंगी टाउन प्लानिंग में 'हेरिटेज सेंसिटिव' दृष्टिकोण जरूरी है। जहां संभव हो, पुरानी वास्तुकला के तत्वों, जैसे बालकनियां, आंगन या स्थानीय सामग्री को नए डिजाइन में शामिल किया जाए। पेड़ों को बचाने और खुले स्थान बढ़ाने पर जोर दिया जाए। रीडेवलपमेंट केवल इमारत बदलने का नहीं, सामुदायिक जीवन को मजबूत करने का माध्यम बने।

कुल मिलाकर, डीडीए की यह नीति समय की माँग है। संरचनात्मक सुरक्षा और आधुनिक आवास की मांग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फ्लैट होल्डर्स या मकान मालिकों को लाभ मिलेगा, बशर्ते लागत और प्रक्रिया सरल रखी जाए। अन्य शहरों में भी ऐसी नीति अपनाई जा सकती है, लेकिन स्थानीय संदर्भ में।

टाउन प्लानर्स सही कहते हैं कि नियंत्रित और संतुलित रीडेवलपमेंट ही टिकाऊ होगा। दिल्ली की पुरानी संस्कृति को पूरी तरह मिटाने की बजाय उसे नए रूप में जीवित रखने का प्रयास होना चाहिए। नीति को लागू करते समय निवासियों की भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक ताने-बाने का ध्यान रखना अनिवार्य है। अन्यथा, आधुनिक घर तो मिल जाएंगे, लेकिन वह दिल्ली खो जाएगी। शहर का विकास जरूरी है, लेकिन उसकी आत्मा की रक्षा भी उतनी ही जरूरी।

(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

भीमबांध : ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन

राज्य के प्राकृतिक और वन क्षेत्रों को पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार ने पहल तेज कर दी है। मुंगेर के भीमबांध को एक प्रमुख ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए आरएफपी तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद इस स्थल पर पर्यटकीय सुविधाओं को विकसित करने की कवायद शुरू की जाएगी।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के स्तर से प्रकृति संरक्षण के साथ पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर काम किया जा रहा है। इसके तहत प्राकृतिक स्थलों, जलाशयों, पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीव क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए आधारभूत संरचना एवं जन-सुविधाओं के विकास की योजनाएं आगे बढ़ाई जा रही हैं।

'विशेषज्ञ एजेंसियों के चयन की प्रक्रिया जारी': बिहार ईको-टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी (बीईटीडीएस) के माध्यम से राज्य के ईको-टूरिज्म स्थलों के समग्र विकास के लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर, आर्किटेक्ट कंसल्टेंट और प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही बिहार में ईको-टूरिज्म की ब्रांडिंग और रणनीतिक प्रचार-प्रसार के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसका उद्देश्य राज्य के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को व्यवस्थित पहचान दिलाने के साथ पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव विकसित करना है।

'पीपीपी मॉडल से निजी क्षेत्र की भागीदारी': चयनित ईको-टूरिज्म स्थलों के विकास और संचालन में निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पीपीपीध्डीबीएफओटी मडल पर भी कार्य किया जा रहा है।

'राजगीर से वाल्मीकि तक विकसित होगी सुविधाएं' : राज्य के अन्य प्रमुख प्राकृतिक एवं ईको-टूरिज्म स्थलों पर भी विकास की संभावनाओं का आकलन किया जा रहा है। इनमें राजगीर, कैमूर, रोहतास, गया, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य सहित विभिन्न वन और जलाशय क्षेत्र शामिल हैं। राजगीर में ईको-फ्रेंडली कटेज विकसित करने तथा नेचर सफारी में क्लिफ वक जैसी नई पर्यटकीय सुविधाएं विकसित करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है।

'संरक्षण और पर्यटन विकास में संतुलन पर जोर': विभाग का लक्ष्य प्रातिक संसाधनों और जैव विविधता के संरक्षण के साथ पर्यटन गतिविधियों का संतुलित विकास करना है। ईको-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय समुदायों को रोजगार और आजीविका से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

जीकेसी का अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर सांस्कृतिक समारोह

पटना (दैनिक नवसंदेश) । विश्व स्तरीय कायस्थ संगठन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) की कला-संस्कृति इकाई की ओर से सदी के महानायक एवं भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से कला, संगीत और रचनात्मकता के रंग बिखेरे। समारोह का उद्देश्य महानायक अमिताभ बच्चन के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ ही कलाकारों को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कायस्थ कुल गौरव और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भारतीय सिनेमा की ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने अपनी अद्वितीय अभिनय प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के बल पर देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान बनाई है। अमिताभ बच्चन ने अपने शानदार फिल्मी सफर से न केवल भारतीय सिनेमा को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं, बल्कि अपनी प्रतिभा से कायस्थ समाज को भी गौरवान्वित किया है। उनका व्यक्तित्व, कार्यशैली और निरंतर सक्रियता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके जन्मदिन पर आयोजित सांस्तिक समारोह उनके प्रति सम्मान और स्नेह की अभिव्यक्ति है।

ऐसे आयोजन कला-संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ समाज की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

श्री प्रसाद ने कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और समाज में रचनात्मकता एवं आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जीकेसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और कला-संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर आयोजित यह कार्यक्रम भारतीय सिनेमा के प्रति सम्मान और सांस्तिक अभिव्यक्ति का सुंदर उदाहरण है।

जीकेसी की मैनेजिंग ट्रस्टी रागिनी रंजन ने कहा कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भारतीय सिनेमा की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने असाधारण अभिनय, मेहनत, अनुशासन और बहुमुखी प्रतिभा से करोड़ों लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। अमिताभ बच्चन का व्यक्तित्व और उनका लंबा फिल्मी सफर हर पीढ़ी के कलाकारों को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अमिताभ बच्चन ने अपनी उपलब्धियों से कायस्थ समाज को गौरवान्वित किया है। उनके जन्मदिन पर जीकेसी की कला-संस्कृति इकाई की ओर से आयोजित सांस्कृतिक समारोह उनके प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने का एक विशेष अवसर है। ऐसे आयोजन कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देने के साथ कला, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि कला-संस्कृति किसी भी समाज की पहचान और उसकी समृद्ध विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कलाकारों को उचित मंच और प्रोत्साहन मिलने से उनकी प्रतिभा निखरती है तथा नई पीढ़ी को रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जीकेसी का प्रयास है कि देश-विदेश में रहने वाले कलाकारों को एक मंच पर लाकर उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाई जाए और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाया जाए।



जीकेसी की ओर से दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया।

जीकेसी के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष, कला-संस्कृति प्रकोष्ठ प्रेम कुमार ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी कलाकारों, विशिष्ट अतिथियों, आयोजकों, पदाधिकारियों और तकनीकी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति लोगों को आपस में जोड़ने, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम हैं। जीकेसी का प्रयास है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर मिलें और भारतीय सांस्तिक विरासत को व्यापक पहचान प्राप्त हो।

जीकेसी के कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल महासचिव पवन सक्सेना ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कलाकारों, अतिथियों, पदाधिकारियों और तकनीकी सहयोगियों के सामूहिक प्रयास से समारोह यादगार बना। उन्होंने कहा कि किसी भी सांस्कृतिक आयोजन की सफलता के लिए बेहतर समन्वय, टीम भावना और सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी कला एवं संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में जीकेसी कला संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रंजन कुमार, मुंबई से सा रे ग म विनर रहीं शालिनी बैरागी- कभी कभी मेरे दिल में... , ख्यातिलब्ध गायिका मृणालिनी अखौरी- तेर मेरे मिलन की ये रैना, मुंबई से ही जुबिन सिन्हा- ये क्या हुआ, कब हुआ कैसे हुआ.. ,नवीन श्रीवास्तव -कभी एक पल भी.., पटना से कुमार संभव-ना बिछड़ेंगे मर के भी हम, स्तुति श्रीवास्तव- एक दूसरे से करते हैं प्यार हम.. , आशीष कुमार- दुनिया का बोझ हम उठाते हैं.. , भोपाल से अभिषेक माथुर- माउथ आर्गन, चंदन श्रीवास्तव, डा. मुक्ति श्रीवास्तव, जयपुर से यश माथुर - ओ साथी रे.. और तनिष्क श्रीवास्तव ने गिटार से अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के माध्यम से समारोह में उत्साहपूर्ण वातावरण का निर्माण किया।

कार्यक्रम के संयोजन एवं समन्वय में जीकेसी के कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल महासचिव पवन सक्सेना और राष्ट्रीय महासचिव शिवानी गौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, तकनीकी एवं डिजिटल व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में आईटी प्रकोष्ठ के सदस्यों, विशेष रूप से नवीन श्रीवास्तव और आशुतोष ब्रजेश ने सहयोग दिया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक अभिषेक,राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान संयोजक निलेश रंजन राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान ,समन्वयक अनिल कुमार दास, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संजीव श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों की सहभागिता से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ी और कलाकारों का उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए प्रतिभागियों को दो समूह में बांट कर आपसी प्रतियोगिता भी कराई गई थी । हलाकि दोनों ही टीमें बराबरी पर रहीं।

राधे का रहस्यमयी कवच गाँवभर में डर और संदेह पैदा करता है, सोनी सब के हस्तिनापुर के वीर में

मुंबई, (दैनिक नवसंदेश)। सोनी सब का हस्तिनापुर के वीर युवा कौरवों और पांडवों के प्रारंभिक जीवन को दर्शाता है और उन अनुभवों को सामने लाता है जो उनके व्यक्तित्व को आकार देते हैं तथा उन्हें वह बनाते हैं जो वे आगे चलकर बनते हैं। कहानी में राधे (व्यंकटेश पांडे) का किरदार है, जिसका साहस और अपने आसपास के लोगों की रक्षा करने का स्वभाव उसकी यात्रा को लगातार आकार देता है। जहाँ उसका निस्वार्थ स्वभाव अक्सर उसे दूसरों को खुद से पहले रखने के लिए प्रेरित करता है, वहीं अब एक अप्रत्याशित घटना राधेय के ऐसे पक्ष को सामने लाने वाली है जो लोगों की उसके प्रति सोच बदल सकती है।

आगामी एपिसोड्स में, पूरा गाँव रावण दहन का उत्सव मना रहा होता है, तभी एक दुर्घटना के कारण आग लग जाती है और देखते ही देखते वह पूरे इलाके में फैलने लगती है। जब गाँववाले घबराहट में आ जाते हैं, तब राधेय अपनी जान जोखिम में डालकर सभी को आग से बाहर निकालने में जुट जाता है। वह एक एक करके गाँववालों को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाता है, लेकिन आग बढ़ती रहने के कारण स्वयं पीछे रह जाता



है। जब सभी को लगने लगता है कि अब उसके बचने की कोई उम्मीद नहीं है, तभी राधेय आग की लपटों से बाहर निकलता है और पहली बार उसका कवच सबके सामने दिखाई देता है। जहाँ पहले गाँववाले उसकी बहादुरी का जश्न मनाते हैं, जिसने उनकी जान बचाई, वहीं उसके कवच को देखकर वे उलझन और भय में पड़ जाते हैं।

उन्हें लगने लगता है कि राधेय कोई दुष्ट या अलौकिक शक्ति हो सकता है। यह अप्रत्याशित खुलासा राधेय के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर देता है, क्योंकि जिन लोगों की जान बचाने के लिए उसने अपनी जान जोखिम में डाली थी, वही अब उसे अलग नजर से देखने लगते हैं।

क्या राधे के कवच के सामने आने के बाद गाँववाले उसे पहले जैसी नजर से देख पाएंगे : वर्तमान ट्रैक के बारे में बात करते हुए व्यंकटेश पांडे ने साझा किया, राधे की यात्रा में यह एक बेहद महत्वपूर्ण पल है क्योंकि पहली बार उसके बारे में कुछ ऐसा सामने आता है, जिसे शायद वह खुद भी पूरी तरह नहीं समझता। वह गाँव वालों की जान बचाता है क्योंकि राधे का स्वभाव ही ऐसा है, वह किसी को खतरे में देखकर चुप नहीं रह सकता। लेकिन जब उसका कवच सबके सामने आता है, तो गाँववालों की नजरें उसके प्रति अचानक बदल जाती हैं। मुझे लगता है कि इसका राधे पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि वह ऐसा व्यक्ति है जिसने हमेशा दयालुता से प्रेरित होकर काम किया है और कभी बदले में किसी चीज की अपेक्षा नहीं की। यह पल राधेय की यात्रा की दिशा बदल देगा।

हर सोमवार से शनिवार रात 9 : 00 बजे सोनी सब पर हस्तिनापुर के वीर देखना न भूलें।

हिंदी फिल्म 'तुम मेरे हो' के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय, 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म

पटना (दैनिक नवसंदेश) । बॉलीवुड अभिनेता गुरमीत चौधरी और अभिनेत्री ईशा मालवीय अपनी आगामी हिंदी फिल्म 'तुम मेरे हो' के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे। इस मौके पर फिल्म की निर्माता आरती सिंह और देबिना बनर्जी भी मौजूद रहीं। फिल्म 23 अक्टूबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

पटना पहुंचने के बाद फिल्म की टीम ने प्रशंसकों और आम लोगों से मुलाकात की। कलाकारों ने शहर के स्थानीय बाजारों का भी दौरा किया और लोगों से जुड़कर फिल्म का प्रचार किया। टीम की इस यात्रा को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

अभिनेता गुरमीत चौधरी ने कहा कि पटना आना मेरे लिए हमेशा खास होता है। बिहार से मेरा भावनात्मक जुड़ाव है और यहां के लोगों का प्यार मुझे हमेशा प्रेरित करता है। अपनी फिल्म 'तुम मेरे हो' के प्रमोशन की शुरुआत पटना से करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। उम्मीद है कि दर्शकों को हमारी फिल्म पसंद आएगी और वे 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में इसे देखने जरूर पहुंचेंगे।

अभिनेत्री ईशा मालवीय ने कहा कि पटना आकर यहां के लोगों से मिलना और उनका उत्साह देखना बहुत अच्छा लग रहा है। फिल्म 'तुम मेरे हो' हमारे



लिए बेहद खास है। हमें उम्मीद है कि दर्शक फिल्म की कहानी और हमारे किरदारों से जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं चाहूंगी कि बिहार के दर्शक भी हमें भरपूर प्यार दें और फिल्म जरूर देखें।

फिल्म की निर्माता आरती सिंह एवं देबिना बनर्जी ने कहा कि आशीष पांडा के निर्देशन में बनी फिल्म 'तुम मेरे हो' हमारे लिए एक खास प्रोजेक्ट है। फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए पटना से प्रमोशन की शुरुआत करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। बिहार के दर्शकों का सिनेमा के प्रति प्यार और उत्साह हमेशा प्रेरणादायक रहा है। हमें विश्वास है कि दर्शक हमारी फिल्म को अपना प्यार देंगे और सिनेमाघरों में इसे देखने पहुंचेंगे।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

कल्याणपुर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के धर्मपुर और डैनीमठ के बीच सोमवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 45 वर्षीय रविभूषण सिंह की मौत हो गई। मृतक अलौला गांव निवासी स्वर्गीय फुलेना सिंह के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। बताया जाता है कि रविभूषण सिंह मोतिहारी स्थित अपने डेरा से गांव आए थे। सोमवार को किसी काम से बाइक से कल्याणपुर जा रहे थे। इसी दौरान धर्मपुर और डैनीमठ के बीच अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक दो भाइयों में छोटे थे। उनके दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र शुभम दिल्ली में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है, जबकि दूसरा पुत्र सत्यम भी दिल्ली में रहकर पढ़ाई करता है। शव के अंतिम संस्कार के लिए दोनों पुत्रों के आने का इंतजार किया जा रहा था।पति की मौत से पत्नी रेशमी देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। अचानक हुई मौत से परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है।

महिलाओं के अपमान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा का धरना

कचहरी चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस नेताओं के कथित बयानों के खिलाफ जताया विरोध

मोतिहारी(एनएसबी)। महिलाओं के कथित अपमानजनक बयानों के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से रविवार को कचहरी चौक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता गांधी अडिटोरियम से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कचहरी चौक पहुंचे। यहां कांग्रेस नेताओं के कथित महिला-विरोधी बयानों एवं आचरण के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की मांग उठाई गई।धरना को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संसृति और सामाजिक मूल्यों का अभिन्न हिस्सा है। महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा या व्यवहार किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को अपने बयान और आचरण में महिलाओं की गरिमा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि राजनीतिक दलों और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय लोगों की जिम्मेदारी है कि वे महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा दें। उप महापौर ड़ लालाबाबू प्रसाद ने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगा और लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाता रहेगा।कार्यक्रम प्रभारी ड़ हेना चंद्रा ने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदर्शन के बाद महिला मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग कीस मौके पर मीना मिश्रा, माला सिंह, रंजना श्रीवास्तव, प्रभावती देवी, प्रतिभा शर्मा, उषा गुप्ता, निशा सिन्हा, सुशीला देवी, काजल कुमारी, ष्णा सिंह, शोभा गुप्ता, पुटु सिंह, प्रियंका गिरी, मालती देवी, पूनम देवी, शशि देवी, रीना देवी, धुरपति देवी, अनीता देवी, शांति देवी, आशा चंद्रा, सुधांशु रंजन, संजय चौधरी, पंकज सिन्हा, गुलरेज शहजाद, पप्पु पाण्डेय, रिषभ झा, उत्तम मिश्रा, चंदन सिंह, सनी सिंह, सूरज पाण्डेय, अजय उपाध्याय, लड्डू सिंह बनिहारा, डव उमेश चंद्रा, मैनेजर सिंह, अमोद झा, रोचक झा, संजू निषाद, विजय राम, संजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



प्रदर्शन करते भाजपाई।

एलएनडी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

मोतिहारी(एनएसबी)। लक्ष्मी नारायण दुबे कलेज (एलएनडी कलेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) महाविद्यालय इकाई के तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में हुआ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्लिनिकल साइकोलजिस्ट ड़ नगमा जमीर ने छात्र-छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी जी और डिजिटल युग में मानसिक संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने तनाव, अवसाद, घबराहट एवं नकारात्मक विचारों से बचाव के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सकारात्मक सोच, संतुलित दिनचर्या और आत्म-संवाद के महत्व पर जोर दिया। गणित विभागाध्यक्ष ड़ दीपक कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को एकाग्रता एवं समय प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका ड़ अनीता कुमारी ने सामाजिक एवं पारिवारिक जुड़ाव को मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अपनी परेशानियां और भावनाएं अपनों से साझा करने से तनाव कम करने में मदद मिलती है।एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ड़ रवि रंजन सिंह ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। मानसिक रूप से स्वस्थ युवा ही समाज और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विषय प्रवेश कराया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में दिलीप कुमार, इमरान, अनुराग, निकिता, पल्लवी, शुभांगी, भारती, नितेश कुमार समेत अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में स्वयंसेवक नीतेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पूजा पंडालों पर अग्निशमन विभाग की पैनी नजर

अंबिका कुमारी ने दी दो टूक चेतावनी, अग्नि सुरक्षा में लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई

मोतिहारी(एनएसबी)। दुर्गापूजा के मद्देनजर अगि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अगिशमन विभाग ने सोमवार को जिले के विभिन्न पूजा पंडालों का सघन निरीक्षण किया। जिला अगिशमन पदाधिकारी मो आरिफुज्जमां के निर्देश पर अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी के नेतृत्व में टीम ने छतौनी, पिपराकोठी, ढेकहा बाजार, बलुआ एवं राजाबाजार स्थित पूजा पंडालों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान पूजा समितियों को प्रवेश-निकास की समुचित व्यवस्था, सुरक्षित विद्युत वायरिंग, अगिशामक यंत्र, बालू से भरी बाल्टियां एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अगिशमन टीम ने मकड़िल कर पूजा समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं को आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव एवं अगिशमन की कार्रवाई का प्रशिक्षण भी दिया।अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी ने कहा कि पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है, इसलिए अगि सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पूजा समितियों से पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था की नियमित जांच करते रहने और किसी भी संभावित खतरे को तत्काल दूर करने की अपील की।



जायजा लेते अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अंबिका व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

दहेज हत्या के फरार आरोपी के घर पुलिस ने की कुर्की

कल्याणपुर((एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सिसवा खरार पंचायत में दहेज हत्या मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी निकेश पासवान के घर सोमवार को पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमरजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के घर से मोटरसाइकिल, पेटी, गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान कुर्क कर थाना लाया। उन्होंने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद पुलिस ने उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की।कार्रवाई थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार के नेतृत्व में की गई। इसमें रंजीत कुमार सिंह, रणबीर कुमार समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

पंचमंदिर समिति का पौधरोपण अभियान

मोतिहारी (एनएसबी)। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचमंदिर प्रबंध समिति ने मजुराहां स्थित करीब 20 एकड़ जमीन पर 360 आम के पौधे लगाए। पौधरोपण अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया।समिति के अनुसार, यहां आम की 33 भारतीय प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। समिति के अध्यक्ष ड़ शम्भूनाथ सीकरीया ने बताया कि कई प्रजातियां विदेशों में अलग-अलग नामों से प्रसिद्ध हैं। इन विशेष प्रजातियों को बिहार में बढ़ावा देने के साथ चंपारण की आम उत्पादन से जुड़ी पहचान को मजबूत करना अभियान का उद्देश्य है।उन्होंने बताया कि भविष्य में करीब तीन हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य है। इसमें विशेष प्रजातियों के फलदार पौधे भी शामिल किए जाएंगे।इस अवसर पर समिति के सचिव सुधीर अग्रवाल समेत समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। डीएम और एसपी ने पौधरोपण की पहल की सराहना करते हुए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

विवाद के बाद युवा दंपती की मौत पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शुरू की जांच

तुरकौलिया((एनएसबी)। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरपुर राय गांव में रविवार रात एक युवा दंपती की मौत से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान गांव निवासी परवेज आलम और सोनी खातून के रूप में हुई है। दोनों के बीच करीब एक वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम के माध्यम से परिचय हुआ था। बाद में दोनों ने निकाह कर लिया था।बताया जाता है कि सोनी खातून की पहले शादी हुई थी। बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से परवेज आलम से संपर्क हुआ और दोनों के बीच संबंध बने। करीब 15 दिन पहले दोनों अपने घर लौटे थे। इसके बाद पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को लेकर दोनों के बीच विवाद होने की बात सामने आई है।रविवार शाम परवेज के परिवार के सदस्य एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने मच्छरगांवा गए थे। इसी दौरान दंपती के बीच विवाद होने की बात सामने आई। बाद में दोनों की मौत की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सोमवार को एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका की मां नेशा खातून और परवेज के परिजनों की ओर से दिए गए आवेदन में विवाद के बाद आत्महत्या की बात कही गई है। आवेदन में किसी अन्य व्यक्ति को घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

बाढ़ प्रभावित 7731 परिवारों के खातों में 5.41 करोड़ की जीआर राशि अंतरित

मोतिहारी(एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित परिवारों को निर्धारित राहत सहायता के तहत जीआर (ग्रैच्युटस रिलीफ) राशि का अनलाइन अंतरण किया। पूर्वी चंपारण जिले में 7731 लाभार्थियों के बैंक खातों में कुल 5 करोड़ 41 लाख 17 हजार रुपये की राशि भेजी गई। समाहरणालय स्थित एनआईसी से जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता समेत अन्य पदाधिकारी अनलाइन कार्यक्रम से जुड़े और जिले में राहत भुगतान की प्रगति की समीक्षा की। प्रखंडवार रिपोर्ट के अनुसार अरेराज में 2963, संग्रामपुर में 2124, केसरिया में 1794 और पहाड़पुर में 850 बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार सात हजार रुपये की दर से राहत राशि उपलब्ध कराई गई है।जिला प्रशासन के अनुसार शेष पात्र लाभार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन, प्रखंड स्तर से अनुशंसा और जिला स्तर पर जांच की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन का प्रयास है कि सत्यापन पूरा होने के बाद पात्र परिवारों को निर्धारित प्रावधानों के तहत राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।अभी अरेराज अंचल में 2924, संग्रामपुर में 2108, केसरिया में 1786 और पहाड़पुर में 847 लाभार्थियों का जीआर भुगतान लंबित है।



जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता समेत अन्य पदाधिकारी अनलाइन कार्यक्रम से जुड़े।

डीएम-एसपी ने पूजा पंडालों का लिया जायजा, भीड़ नियंत्रण को लेकर दिए निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। दुर्गापूजा को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को शहर के छतौनी एवं पिपराकोठी स्थित पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, अगिशमन और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पूजा समितियों को आवश्यक निर्देश दिए। छतौनी पूजा पंडाल के निरीक्षण के दौरान मेले में भीड़ नियंत्रण को लेकर झूला एवं बच्चों के मनोरंजन के अन्य साधनों को मुख्य मेला क्षेत्र से अलग रखने का निर्देश दिया गया। पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा वाहनों की पार्किंग के लिए अलग स्थान चिति कर वहां पार्किंग संबंधी फ्लेक्स लगाने को कहा गया।एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। पूजा पंडाल संचालकों को अगिशमन विभाग से आवश्यक प्रमाणपत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।पिपराकोठी स्थित पूजा पंडाल के निरीक्षण के दौरान सदर एसडीपीओ को निर्माण कार्य की मजबूती की जांच करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद डीएम-एसपी ने छतौनी बस स्टैंड के समीप स्थित नेहरू स्टेडियम का भी निरीक्षण कर भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।मौके पर नगर आयुक्त, सदर एसडीओ, सदर एसडीपीओ सहित टाउन थाना और छतौनी थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

संक्षिप्त खबरें

श्रद्धा-भक्ति के बीच निकली कलश यात्रा कवलपुर में दिखी कौमी एकता की मिसाल

तुरकौलिया((एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर रविवार को प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न पूजा समितियों की ओर से श्रद्धा और भक्ति के साथ कलश यात्रा निकाली गई। करीब दो दर्जन स्थानों पर नवरात्र अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्राओं में बड़ी संख्या में कन्याओं, महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कवलपुर नूतन दुर्गा पूजा समिति की कलश यात्रा में मुस्लिम समाज के लोगों की सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। उनकी भागीदारी ने सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए पिपरिया नदी तट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कलश में पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पूजा पंडाल पहुंचे और विधि-विधान से कलश स्थापित किया।कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। कवलपुर में ड़ अफजल आलम, जमील अख्तर, विनोद सहनी, अधिवक्ता दिनेश्वर प्रसाद सहित विभिन्न वर्गो के लोग शामिल हुए।तुरकौलिया बाजार, चौक, बोरिंग चौक, निमुइया, शंकर सरैया, माधोपुर, जयसिंहपुर, महनवा और बड़हरवा सहित अन्य स्थानों पर भी कलश यात्राएं निकाली गईं। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन सक्रिय रहा।

शिक्षक पर छात्रा से छेड़खानी का आरोप

छात्रा से छेड़खानी के आरोप में शिक्षक को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

तुरकौलिया((एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बभनौलिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के एक शिक्षक पर छात्रा से छेड़खानी करने का आरोप लगा है। मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने शिक्षक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस शिक्षक से पूछताछ करते हुए मामले की जांच में जुटी है। बताया जाता है कि संबंधित छात्रा विद्यालय से पढ़ाई पूरी करने के बाद हाल ही में दूसरे स्कूल में नामांकन करा चुकी है। इसी बीच शिक्षक पर उसके साथ छेड़खानी का आरोप सामने आयास मामले की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने शिक्षक को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। हालांकि कथित घटना कब और कहां हुई, इसकी स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कथित घटना को विद्यालय परिसर से बाहर का बताया है। वहीं पुलिस आरोपों की सत्यता समेत घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस की जांच और आधिकारिक तथ्यों के आधार पर ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

एचआईवी-एड्स जागरूकता को लेकर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

मोतिहारी(एनएसबी)। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेहत केंद्र के तत्वावधान में एचआईवी-एड्स से बचाव एवं नियंत्रण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी-एड्स के संबंध में वैज्ञानिक एवं सही जानकारी उपलब्ध कराना, भ्रांतियों को दूर करना तथा बचाव के प्रति जागरूक करना था।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को एचआईवी के संक्रमण के कारणों, संक्रमण से बचाव के उपायों तथा संक्रमण नहीं फैलने के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही संक्रमित रक्त एवं सुई से होने वाले संक्रमण के खतरे, सुरक्षित व्यवहार और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एचआईवी संक्रमित लोगों के प्रति भेदभाव और छुआछूत समाप्त करने का संदेश भी दिया गया। बताया गया कि एचआईवी छूने, साथ बैठने, साथ भोजन करने या हाथ मिलाने से नहीं फैलता है।निबंध प्रतियोगिता में संस्त विभाग के विद्यार्थी एवं शोधार्थी, हिंदू अध्ययन विभाग के तकोत्तर विद्यार्थी सहित विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।इस अवसर पर सेहत केंद्र के समन्वयक ड़ बबलू पाल, सह-समन्वयक ड. गोविंद प्रसाद वर्मा तथा हिंदी विभाग के सहायक आचार्य ड़ श्याम नंदन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी को जानें, समझें और बचाव करें, भेदभाव नहीं अपनाएं का संदेश दिया गया।

मनरेगा में कम उपलब्धि पर डीएम सख्त, सात प्रखंडों से स्पष्टीकरण

मोतिहारी(एनएसबी)। समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में टठ-ळ ा।ड ळ योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मानव दिवस सृजन, पीएमएवाई-जी अभिसरण, ई-केवाईसी, वृक्षारोपण और समय पर भुगतान की प्रगति की समीक्षा की गई।मानव दिवस सृजन में जिले की उपलब्धि 3946 प्रतिशत पाई गई, जबकि राज्य का औसत 4104 प्रतिशत है। जिले के औसत से कम उपलब्धि वाले मेहसी (2354:), बंजरिया (2421:), कल्याणपुर (2596:), पकड़ीदयाल (2679:), आदापुर (2719:), घोड़ासहन (2816:) और बनकटवा (2909:) प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। सभी को एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति हासिल करने को कहा गया। पीएमएवाई-जी अभिसरण में जिले की उपलब्धि 775 प्रतिशत रही। अरेराज, पीपराकोठी और संग्रामपुर में उपलब्धि शून्य, जबकि कोटवा में 033:, चिरैया में 080:, छौड़ादानो में 150:, पताही में 197: तथा तेतरिया में 217: रही। संबंधित पदाधिकारियों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। ई-केवाईसी में जिले के 4,38,425 सक्रिय मजदूरों में 3,96,582 का सत्यापन हो चुका है। उपलब्धि 9049 प्रतिशत है। बनकटवा, पकड़ीदयाल, छौड़ादानो, घोड़ासहन और रामगढ़वा की कम उपलब्धि पर संबंधित पदाधिकारियों को एक सप्ताह में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया गया।वृक्षारोपण के लिए 9,50,400 का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं, समय पर भुगतान में जिले की उपलब्धि 8028 प्रतिशत रही। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को इसे बढ़ाकर 90 प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस दीदीयों ने कोचिंग संस्थानों में जाकर छात्रों को किया जागरूक

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था सुढ़ करने तथा छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशासनिक पहल तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में बेलदौर थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में पुलिस दीदीयो द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को आदर्श थाना बेलदौर की एसआई सरिता कुमारी के निर्देश पर बिहार सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सिपाही निशा कुमारी ने कई शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। इस अभियान के तहत उन्होंने आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर, रुक्मणी गुप्त उच्च विद्यालय बेलदौर के साथ-साथ क्षेत्र के कुछ प्राइवेट कोचिंग संस्थानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उनकी सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां दी।निरीक्षण के दौरान पुलिस दीदी के रूप में पहुंची महिला पुलिसकर्मी ने छात्र-छात्राओं को किसी भी मुसीबत या संकट के समय हिम्मत से काम लेने और सही समय पर बचाव करने के तौर-तरीके सिखाए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा या छेड़खानी की शिकायत तुरंत अपने शिक्षकों या नजदीकी पुलिस थाने को दें। इस अवसर पर आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर के प्रधानाध्यापक माधव कुमार, रुक्मणी गुप्त कन्या उच्च विद्यालय के शिक्षक बिलास सिंह समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और विद्यालय के अन्यकर्मी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की है।



जागरूक करती पुलिस दीदी।

शारदीय नवरात्र के दौरान विगत 74 वर्षों से जारी है नगर कीर्तन की परम्परा : प्रो गिरिधर प्रसाद



नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालु।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के दौरान दुर्गा पूजा के अवसर पर नगर कीर्तन परम्परा पहले दिन प्रातः 4 बजे से नगर कीर्तन का शुभारम्भ हुआ। दर्जनों की संख्या में नगर के लोग ढोलक, झाल, हारमोनियम, करताल, खँजरी, बजाते हुए राम नाम महामन्त्र का गान ह्यहरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरेह्य का गान बड़े उत्साह पूर्वक नगर भ्रमण किया। इस परम्परा की शुरूआत वर्ष 1952 ई से 74 वर्षों अनवरत चली आरही है। इसकी शुरूआत कायस्थ टोला मुहल्ला निवासी हमारे पूर्वजों द्वारा की गई थी। स्व अश्वनी लाल दास, स्व कुलेन्द्र प्रसाद, स्व हलधर प्रसाद, भैनी मरर, टीको दास, मखन शर्मा, चिनो लाल, नूनू लाल, रामप्रवेश शर्मा, गोनर शर्मा, घनश्याम निर्मोही, गोपाल कृष्ण सिन्हा शामिल थें।

वर्तमान समय में सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो गिरिधर प्रसाद सिन्हा उर्फ पूटीश के नेतृत्व में नगर के युवा बुजुर्गो की टोली अपने पूर्वजों की विरासती नगरकीर्तन परम्परा का निर्वहन हर वर्ष माँ दुगार्पूजा के अवसर पर करते चले आ रहे है। पूर्व नगर अध्यक्षा रेणु सिन्हा, प्रो किशोर नाथ झा, रमाकांत रमन, जयशंकर प्रसाद, अंजनी सिन्हा, ढोलक वादक किशोर शर्मा, लगनदेव शर्मा, सन्तोष कुमार, कुलदीप शर्मा, कपली शर्मा, छोटन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सिद्धान्त श्रीवास्तव, आनंद कुमार, योगानंद सिन्हा, नूनू बाबू सिन्हा, राज कुमार सिन्हा, राजेश शर्मा, बीजो शर्मा, राजू शर्मा, संतलाल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, आदि सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

एसपी ने पुलिस दीदी के कार्यों की समीक्षा की, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता

शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



पुलिस दीदी को दिशा-निर्देश देते एसपी।

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को पुलिस दीदी के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस दीदी की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने तथा उन्हें साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही, महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस दीदी के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों में सक्रियता बनाए रखने पर जोर दिया।

संक्षिप्त खबरें

प्रखंड मुख्यालय के सड़क ढलाई में भारी अनियमितता आधा इंच मोटी परत बिछाने का आरोप



ढलाई सड़क में अनियमितता।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई गोदाम से मुख्यालय तक जाने वाली ढ़लाई सड़क पर दोबारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। सोमवार से शुरू हुए इस कार्य में विभागीय नियमों और प्राक्कलन के विपरीत महज आधा इंच मोटी मसाले की परत बिछाकर ढलाई किए जाने की बात सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि निर्माण स्थल पर योजना से संबंधित कोई सूचना पट भी नहीं लगाया गया है। इस संबंध में जब सोनवर्षा राज के बीडीओ अमित आनंद से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है कि किस विभाग, किस मद और किस योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अब सवाल उठता है कि प्रखंड मुख्यालय में चल रहे इस निर्माण कार्य की निगरानी कौन कर रहा है? योजना की लागत, प्राक्कलन और निर्माण की निर्धारित मोटाई की जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की गई है? निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और संवेदक की जवाबदेही तय करना आवश्यक है।

बिहरा बाजार में 'रंगोली फैशन बाजार' का भव्य शुभारंभ एमएलसी अजय कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



उद्घाटन करते एमएलसी व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। सत्तर कटैया प्रखंड बिहरा बाजार में सोमवार को एक नए प्रतिष्ठान रंगोली फैशन बाजार का भव्य शुभारंभ हुआ।दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमएलसी अजय कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रोपराइटर दीपक भीमसेरिया एवं मितेश भीमसेरिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रोपराइटर ने बताया कि रंगोली फैशन बाजार में महिलाओं के लिए साड़ियों की विशाल रेंज,कुर्तियों की लेटेस्ट डिजाइनर रेंज और लहंगे का बेहतरीन कलेक्शन उचित मूल्य पर उपलब्ध है, जिससे स्थानीय ग्राहकों को काफी सुविधा होगी। शुभारंभ के शुभ अवसर पर ग्राहकों के लिए एक विशेष उपहार योजना भी शुरू की गई है, जिसमें खरीदारी पर विभिन्न प्रकार के आकर्षक गिफ्ट्स दिए जा रहे हैं। इस मौके पर वैभव भीमसेरिया, जगदीश भीमसेरिया, महादेव भीमसेरिया, वासुदेव भीमसेरिया, सीताराम जी, सुमित अग्रवाल, अंकित तोदी, शालिग्राम देव, धीरेन्द्र यादव, राम सुंदर साहा, अनिल सर्राफ, मनीष खेमका, राजेश पचेरिया सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

महाराजा अग्रसेन जी महाराज की 5180वीं जयन्ती धूमधाम से आयोजित, कार्यक्रम समाप्ति के बाद लगभग 250 जरूरतमंद लोंगो को स्टेशन परिसर में जाकर कराया भोजन



उद्घाटन करते एमएलसी व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार प्रादेशिक मारवाडी सम्मेलन सहरसा शाखा द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जी महाराज की 5180 वीं जयन्ती स्थानीय धर्मशाला रोड स्थित श्री निवास भीमसेरिया स्मृति भवन में संध्या 4 बजे धूमधाम से मनायी गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युगल किशोर अग्रवाल निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष बिहार प्रादेशिक मारवाडी सम्मेलन,अमर जी दहलान निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष बिहार प्रादेशिक मारवाडी सम्मेलन उपस्थित थे। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद गणेश वंदना स्ट्रीट डांस एकेडमी के बच्चियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि को राजस्थानी साफा शॉल एवं प्रतीक चिह्न शाखा अध्यक्ष राजेश यादुका एवं आदित्य मित्तल के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि युगल किशोर अग्रवाल द्वारा अपने सम्बोधन में अग्रसेन जी के आदर्शों पर चलने की बात कही ।इनके बाद सपना पचेरिया ने भी अग्रसेन जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इनके बाद 10साल का छोटा बच्चा यशवर्धन यादुका ने अग्रसेन जी के समाजवाद का नारा एक ईट एक रूपया पर अपना विचार व्यक्त किया। अग्रसेन जी का नारा था एक ईट एक रूपया, उनके राज्य अग्रोहा मे कोई व्यक्ति वसने आता था तो उन्हे प्रत्येक आदमी एक ईट एक रूपया देता था जिससे ईट से उसका घर एवं रूपया से ब्यापार शुरू हो जाता था। इसके बाद लडकियों द्वारा राजस्थानी थीम पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया गया। नृत्य ने सबों का मन मोह लिया। नृत्य करने वाली लडकियों में राशि यादुका, रक्षा रीति गोयल, प्रांशी मंदाना, मिशिता बंका के अलावा अन्य लडकियां थी। नृत्य के बाद महाराजा अग्रसेन जी जीवनी पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिन्होने भी सही जबाव दिया उन सबों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। नृत्य करने वाले सभी बच्चियों को मुख्य अतिथी द्वारा शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

एसपी ने सुनी आम लोगों की शिकायतें, त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

सहरसा नगर (एनएसबी)। आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान और पुलिस से संबंधित समस्याओं के निष्पादन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को ह्यसेवा संवाद-समाधानह्ल कार्यक्रम के तहत लोगों की फरियाद सुनी। इस दौरान विभिन्न शिकायतों को सुनने के बाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन की जवाबदेही और संवेदनशीलता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। इस पहल के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद को मजबूत करने तथा लोगों की शिकायतों का प्रभावी समाधान करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है।



शिकायतें सुनते पुलिस अधिक्षक।

माण्डवी रणजीत कॉलेज में निर्वाचक सूची की तैयारी एवं अद्यतीकरण पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



संगोष्ठी में मतदाता व अन्य।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। जिले के सोनवर्षा प्रखंड अंतर्गत बिराटपुर स्थित माण्डवी रणजीत कॉलेज, बिराटपुर में सोमवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब के निर्वाचक सूची की तैयारी एवं अद्यतीकरण प्रक्रिया की समझ विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के संस्थापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रंजीत प्रसाद सिंह ने की। मंच पर प्राचार्या रिंकू कुमारी, निर्वाचन साक्षरता क्लब के समन्वयक नवीन कुमार सिंह, कॉलेज एंबेसडर मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी शिव कुमार शिवम, हिमांशु रंजन सिंह, नरेश सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा पीपीटी के द्वारा प्रशांत कुमार सिंह ने पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा मतदाता सूची लोकतंत्र की आत्मा है। आज हमने नए मतदाताओं के पंजीकरण, विशेष गहन पुनरीक्षण बीलकी भूमिका और मतदान के महत्व को सरल भाषा में समझा। मेरा लक्ष्य है कि कॉलेज का हर 18$ छात्र खुद मतदाता बने और अपने परिवार के 10 लोगों को भी जागरूक करे। प्राचार्या रिंकू कुमारी ने मतदाता सूची के तकनीकी पक्ष को समझाया। उन्होंने कहा फॉर्म-6 नए पंजीकरण के लिए, फॉर्म-7 नाम हटाने के लिए और फॉर्म-8 संशोधन के लिए होता है। सभी छात्र-छात्राएं इन फॉर्म को ऑनलाइन भरना सीखें। विशेषकर छात्राओं को आगे आना होगा, क्योंकि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र बनाता है। संस्थापक अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा शिक्षा के साथ-साथ नागरिक कर्तव्य भी जरूरी है। मैं सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों से आग्रह करता हूँ कि टोली बनाकर घर-घर जाकर मतदाता बनने के लिए लोगों को जागरूक करें। बिराटपुर के हर घर में कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे, यह हमारा संकल्प होना चाहिए। समन्वयक नवीन कुमार सिंह ने इएल के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा निर्वाचन साक्षरता क्लब सिर्फ क्लब नहीं, एक आंदोलन है। हम अगले सप्ताह से ह्यमेरा वोट-मेरा अधिकारह्य अभियान के तहत गाँव-गाँव में कैंप लगाएंगे। कॉलेज एंबेसडर मुकेश कुमार ने युवाओं का आह्वान किया। युवा ही देश का भविष्य है। हम सभी छात्रों ने शपथ ली है कि हम न केवल खुद मतदान करेंगे, बल्कि नैतिक मतदान के लिए समाज को प्रेरित भी करेंगे। मीडिया प्रभारी शिव कुमार शिवम एवं हिमांशु रंजन सिंह ने कहा कि कॉलेज की ऐसी गतिविधियों को सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर प्रमुखता से प्रसारित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन समन्वयक नवीन कुमार सिंह ने किया।

कांग्रेस सांसद द्वारा किये यौन उत्पीड़न को लेकर भाजपा ने किया पुतला दहन, राहुल गांधी से जवाबदेही की मांग

सहरसा शहर (एनएसबी)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जेएनयू में कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न प्रकरण को लेकर सोमवार को भाजपा की सहरसा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुगामनी देवी की अगुवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने थाना चैक से आक्रोश मार्च निकाला एवं शहर के वीर कुंवर सिंह चैक राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध जताया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने इस मामले में कांग्रेस नेतृत्व की जवाबदेही तय करने की मांग उठाई और महिला सम्मान के मुद्दे पर पार्टी के रुख पर सवाल खड़े किए। पुतला दहन के दौरान भाजपा कार्यकत्ताओं ने महिला सुरक्षा, सम्मान और न्याय के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े गंभीर आरोपों के मामलों में राहुल गांधी अपने सांसद को पार्टी से बर्खास्त करे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि जेएनयू के प्रोफेसर डॉ आंगोमचा बिमोल अकोइजाम जो मणिपुर से कांग्रेस सांसद है। जिन्होने छात्राओं को परीक्षा में मार्क बढाने के एवज में यौन शोषण किया जिसमें जेएनयू के 11 छात्राओं ने जब शिकायत दर्ज की तब विश्व विद्यालय प्रशासन प्राध्यापक को निलंबित कर दिया। लेकिन राहुल गांधी अभी तक न तो पार्टी से निकाला और नहीं कोई कार्यवाही की इससे राहुल प्रियंका गांधी बाड्रा की मानसिकता को दशार्ता है। पूर्व प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार का दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को इस प्रकरण पर अपना स्पष्ट पक्ष सामने रखना चाहिए।



पुतला दहन करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

परसबन्नी दुर्गा स्थान में मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा-अर्चना



पूजा-अर्चना करते ग्रामीण।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के परसबन्नी गांव स्थित दुर्गा स्थान परिसर में सोमवार को शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। नवरात्रि को लेकर दुर्गा स्थान परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। पूजा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीण तैयारियों में जुटे हैं। पूजा को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोग आपसी सहयोग से विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की आराधना के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

कुश्ती खेल में 35वीं बार तकनीकी पदाधिकारी रेफरी बने हरेंद्र सिंह मेजर

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के समापन के बाद राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न विधाओं के मुकाबले प्रारंभ हो चुका हैं। इन प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से विभिन्न जिलों के तकनीकी पदाधिकारियों एवं रेफरी का चयन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कुश्ती संघ के सचिव एवं नेशनल कोच हरेंद्र सिंह मेजर को कुश्ती प्रतियोगिता में 35वीं बार तकनीकी पदाधिकारी सह रेफरी के रूप में चयनित किया गया है।

हरेंद्र सिंह मेजर कैमूर जिले में 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कुश्ती के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव एवं योगदान को जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।उनके चयन से जिले के खेल जगत में हर्ष का माहौल है। कुश्ती के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण अध्याय तब जुड़ा, जब मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत कोसी-सीमांचल क्षेत्र में पहली बार कुश्ती की खिलाड़ी प्रीति कुमारी को क्लर्क पद पर सरकारी नौकरी मिली।वर्तमान में वह जिला स्थापना शाखा में कार्यरत है। यह उपलब्धि जिले के उभरते पहलवानों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक अब तक कुल 495 पदक हासिल किये है। वहीं, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले के 369 पहलवानों ने भाग लिया है एवं 15 पुरुष व महिला पहलवान राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं. कुश्ती के क्षेत्र में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, उन्हें प्रशिक्षण देने एवं प्रतियोगिताओं में अवसर दिलाने में हरेंद्र सिंह मेजर की भूमिका को महत्वपूर्ण है. उनके 35वीं बार तकनीकी पदाधिकारी सह रेफरी के रूप में चयनित होने पर जिले के विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त



हरेंद्र सिंह मेजर।

कायस्थ टोला में चित्रगुप्त पूजा को लेकर सर्वसम्मति से कमिटि गठित, रविभूषण सिन्हा बनें अध्यक्ष

सहरसा शहर (एनएसबी)। चित्रगुप्त फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी चित्रगुप्त पूजा को सफलतापूर्वक आयोजन को सफल बनाने हेतु सोमवार को कायस्थ समाज की बैठक आयोजित हुई।चित्रगुप्त मंदिर परिसर,कायस्थ टोला में आयोजित बैठक में देश के महान विभूति सम्पूर्ण क्रान्ति के जनक लोकनायक जयप्रकाश नारायण को उनकी पुण्य तिथि पर याद करते हुए श्रद्धाञ्जलि अर्पित की गई। वरीय अधिवक्ता रणधीर सिन्हा ने कायस्थों के गौरवपूर्ण इतिहास का स्मरण दिलाया। उन्होंने कहा कि भले ही हमारी संख्या कम हो लेकिन राष्ट्रनिर्माण में हम सदा आगे रहे हैं। व्यवहार न्यायालय के पीपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने कहा कि संविधान पर कायस्थों एवं बिहार का अमिट छाप है। इसके प्रारम्भ में डॉ सच्चिदानंद सिन्हा और इसके अन्त में डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी के हस्ताक्षर हैं। संविधान की मूलप्रति को हस्तलिखित करने वाले प्रेम बिहारी नारायण रायजादा और इसमें चित्रण करनेवाले नारायण बोस थे।ये दोनों भी कायस्थ थे व रायजादा साहब का सम्बन्ध बिहार से ही बताया जाता है। इस काम के लिए उन्होंने कोई पैसा नहीं लिया था। रतन सिन्हा ने कहा कि कायस्थ ज्ञान, त्याग और राष्ट्रभक्ति के विचार के लिये जाना जाता है जो इसके जीन में अंतर्निहित है। इस वर्ष भगवान चित्रगुप्त की पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि, दिनांक 11 नवम्बर को मनायी जायेगी। इसके लिए पूजा समिति सर्वसम्मति से गठित की गई जिसमें रविभूषण सिन्हा अध्यक्ष, राजीव सिन्हा, किरण कुमार वर्मा व सुजीत प्रियदर्शी सचिव, दीपक सिन्हा और मुकेश वर्मा संयुक्त सचिव, अंकुर सिन्हा व प्रदीप सिन्हा संयुक्त सचिव, रणधीर सिन्हा, कृष्ण मुरारी प्रसाद, रेणु सिन्हा, रतन सिन्हा, रंजन कुमार, मुरारी श्रीवास्तव और विष्णु सिन्हा स्वागत समिति के सदस्य तथा डॉ सतीश दास संयोजक बनाये गये। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार यामानन्द लाल दास ने की। इस बैठक में कायस्थ समाज के अनेक व्यक्ति शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

पति ने पत्नी पर एक लाख नकद और आभूषण चोरी करने का लगाया आरोप

बेलदौर। थाना क्षेत्र के इतमादी पंचायत स्थित गांधीनगर गांव में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है।गांधीनगर गांव निवासी मांगन शर्मा के पुत्र कुंदन कुमार ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर अपनी ही पत्नी अनुष्का देवी के खिलाफ घर से नगद और जेवरात लेकर फरार होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पति कुंदन कुमार के मुताबिक, वह अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए परदेश में रहकर काम कर रहा था। घटना के दिन उसकी पत्नी अनुष्का देवी ससुराल वालों को बाजार जाने का बहाना बनाकर घर से निकली, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। आवेदक ने बेगूसराय जिले के मियां चक निवासी रामप्रवेश सोनी के पुत्र मोहन कुमार पर अपनी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई है। पीड़ित के अनुसार उसकी पत्नी अक्सर मोहन कुमार से मोबाइल पर बातें किया करती थी। कुंदन कुमार की शादी 5 वर्ष पूर्व अनुष्का देवी के साथ हुई थी, जिससे उनके तीन छोटे-छोटे पुत्र भी हैं। पति ने अपनी पत्नी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए घर से एक लाख रुपये नगद तथा सोने-चांदी के बहुमूल्य जेवरात लेकर भागने का आरोप लगाया है। पीड़ित पति द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

दुष्कर्म के आरोपी बारह घंटे के अंदर गिरफ्तार

खगड़िया। जिले के मानसी थाना क्षेत्र के एक नाबालिक लड़की के दुष्कर्म की घटना के 12 घंटे के अंदर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी पुष्कर आनंद ने बताया कि नाबालिक लड़की के दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिले इसके लिए जल्द ही चार्जशीट दाखिल किया जाएगा। एसपी ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हो गयी। और लगातार छापेमारी कर रही थी। आरोपी खेत में जाकर छुप गया था। लेकिन पुलिस वहां से भी आरोपी को पकड़ निकाल ली।

अज्ञात वृद्ध के शव मिलने से इलाके में सनसनी

बेलदौर। थाना क्षेत्र के इतमादी पंचायत अंतर्गत बारुण गांव के समीप जमींदारी बांध से एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते रविवार देर शाम ग्रामीणों ने बारुण गांव के पास जमींदारी बांध पर एक बुजुर्ग का शव देखा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से यह वृद्ध व्यक्ति गांव के आसपास ही घूमते हुए देखा जा रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत इतमादी पिकेट प्रभारी सह अवर निरीक्षक नगीना कुमार को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। अज्ञात बुजुर्ग की उम्र करीब 65 वर्ष बताई जा रही है, जिसकी लंबाई लगभग 5 फीट है। उसके बाल काले हैं, सामने का एक दांत टूटा हुआ है और उसने नीले रंग की शर्ट पहन रखी है।इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने की सूचना मिली थी, जिसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही है और आसपास के थानों में भी गुमशुी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है ताकि मृत वृद्ध के परिजनों का पता लगाया जा सके।

नवरात्रि को लेकर पकरैल में निकली कलश शोभा यात्रा

महेशखूंट। सार्वजनिक नव दुर्गा पूजा समिति,पकरैल की ओर से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। पुरोहित पवन मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी कलश में गंगा जल भरा उसके बाद मंदिर परिसर से कलश शोभायात्रा निकालकर गांधी चौक, बदिया, घनश्याम नगर,चन्द्रवंशीनगर, पटेल नगर भर्रा,सिरनियिटोल होते हुए शादीपुर विधार्थी टोल, विन्दटोली, उदयपुर, गांधीनगर होकर मंदिर परिसर पहुंचा। कलश शोभायात्रा में करीब 251 कुंवारी व विवाहित महिलाएं ने भाग लेकर पांच किलोमीटर पैदल पांव परिभ्रमण की। जय माताजी दी,जय मां अम्बे,जय जगदम्बे की जयकारा से पुरा गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्री के सुख, सुविधा तथा सम्मान के लिए जगह- जगह पर पेयजल,फुल की व्यवस्था की गयी।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

प्रमंडलीय स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 में हॉकी के सभी आयु वर्गों में खगड़िया की शानदार जीत



खिलाड़ीगण।

खगड़िया (एनएससबी)। जिला मुख्यालय के ज़ेएनक़ेटी खेल मैदान सोमवार को प्रमंडलीय स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत हकी प्रतियोगिता का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खगड़िया जिले की बालक एवं बालिका हकी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी आयु वर्गो में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 में जीत दर्ज की। खगड़िया की टीमों ने अपने उत्ष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना एवं शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की गईं। खिलाड़ियों एवं टीमों के लिए खेल मैदान, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा, आवासन और आवागमन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी शारीरिक शिक्षकों,आयोजन से जुड़े सभी कर्मियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। साथ ही, खगड़िया की पूरी बालक एवं बालिका टीम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद एवं बधाई दी गई। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और टीम भावना से खगड़िया का नाम गौरवान्वित किया। वही जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दुर्गा पूजा के तैयारी को लेकर एसडीओ ने लिया जायजा

बेलदौर (एनएससबी)। आगामी दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को गोगरी के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बेलदौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने पूजा पंडालों के निर्माण की वर्तमान स्थिति, प्रतिमा स्थापना की तैयारियों, विधि-व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन का गहराई से जायजा लिया। उन्होंने पूजा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण एवं सुगम आवागमन के लिए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मौके पर मौजूद पूजा समितियों के सदस्यों और पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए एसडीओ ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सरकार एवं राज्य प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए ही दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाए। उन्होंने शांति और सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार, थाना अध्यक्ष अजीत कुमार तथा पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या अराजकता से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैनात रहेगा।



मंदिर परिसर का निरीक्षण करते एसडीओ।

सात दिवसीय छठ मेला को लेकर रामपुर हुई बैठक,लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

42 वां वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर छठ मेला कमिटी सक्रिय

गोगरी (एनएससबी)। नगर परिषद जमालपुर के रामपुर रोड स्थित छठ मेला परिसर में मंगलवार को 42 वां सात दिवसीय वार्षिकोत्सव छठ मेला को लेकर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता नागेश्वर प्रसाद यादव ने की। बैठक में दर्जनों मेला कमेटी के सदस्यों ने छठ मेला के 42वां वर्षगांठ को एतिहासिक महोत्सव बनाने का निर्णय लिया। मेला को लेकर समिति के मेला मंत्री करण कमांडो ने बताया कि बैठक में कानून व्यवस्था, पूजा-पंडालों मेले में श्राद्धलुओं की सुरक्षा पर चर्चा की गई। साथ ही कहा कि इस बार मेले में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों असमाजिक तत्वों पर मेला कमिटी के द्वारा कड़ी नजर रखी जायेगी। वहीं मेला प्रभारी नूर आलम ने बताया कि मेला से पूर्व हमलोग सक्रिय होकर भगत तैयारी में जुटे हुए हैं और प्रशासनिक अधिकारी के मदद से इस बार मेला परिसर में और सामाजिक तत्व के लोगों पर पहली नजर रहेगी और साथ ही कमेटी द्वारा सीसीटीवी कैमरा का भी व्यवस्था की जाएगी यहां के प्रशासन पहले से काफी सक्रिय है हमें उम्मीद है कि कमेटी को लोगों को काफी मदद करेंगे। बैठक में मेला के कार्यकारिणी अध्यक्ष मुकेश कुमार साह, कोषाध्यक्ष विरेंद्र यादव, मेला का बाजार प्रभारी सुभाष साह एवं सदानंद रजक सांसतिक मंत्री प्रकाश साह एवं मुखिया प्रतिनिधि शंकर यादव, वार्ड सदस्य अनिल पंडित, नीरज कुमार, श्याम रजक, अनुज कुमार, राजेश यादव, वीर प्रकाश पंडित,नरेश कुमार यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य।

चेन छिनतई के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

चौथम(एनएससबी)। थाना क्षेत्र के बदला-करुआ मोड़ पथ पर मालपा धुतौली के समीप चेन छिनतई की घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने दो युवकों को पकड़ लिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी और बाद में उन्हें चौथम पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों की पिटाई से घायल दोनों युवकों को पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथम पहुंचाया। उपचार के बाद दोनों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक दंपति बाइक से करुआ मोड़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों ने दंपति की बाइक को ओवरटेक कर लिया। आरोप है कि युवकों ने महिला के गले से सोने की चेन, कान की बाली और जितिया छीनने का प्रयास किया। इस दौरान महिला बाइक से गिर गई। घटना के बाद पीड़ित महिला और बाइक चला रहे व्यक्ति ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों का पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद घटना की सूचना चौथम पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर चौथम थाना के एसआई संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की पूछताछ में दोनों युवकों की पहचान मुंगेर जिले के निवासी मनीष कुमार, पिता जालो राय तथा बाबू साहब, पिता जवाहराय राय के रूप में बताई गई है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों की पिटाई से घायल दोनों युवकों को एसआई संतोष कुमार और पुलिसकर्मियों ने इलाज के लिए सीएचसी चौथम पहुंचाया। इलाज के बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मामले में आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई शुरू की। इस संबंध में चौथम थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना को लेकर पीड़ित महिला सीता कुमारी, पति धीरेंद्र कुमार, निवासी फुलवरिया, थाना क्षेत्र पूरा, के आवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि चौथम थाना क्षेत्र में चेन छिनतई की घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। इससे पहले भी जवाहर नगर, चौथम जाने वाले रास्ते, चौथम बाजार, करुआ मोड़ चौक और ब्लक रोड सहित क्षेत्र के कई स्थानों पर इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। स्थानीय स्तर पर ऐसी दर्जनों घटनाएं होने की बात कही जा रही है।बताया जाता है कि कई मामलों में पीड़ितों ने थाने में आवेदन तक नहीं दिया, जबकि कुछ घटनाओं को लेकर पुलिस से शिकायत की गई है। लगातार हो रही इन घटनाओं से राहगीरों, खासकर बाइक से यात्रा करने वाली महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।



गिरफ्तार युवक।

खजरैठा की वैष्णवी मां भगवती का दरबार निराला सैकड़ों वर्षो से चली आ रही अनूठी परंपरा

परबत्ता (एनएसबी)। प्रखंड के खजरैठा गांव में स्थित वैष्णवी मां भगवती का दरबार अपनी प्राचीन धार्मिक परंपराओं और विशिष्ट पूजा पद्धति के लिए श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां मां दुर्गा की आराधना केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सदियों पुरानी परंपराओं, धार्मिक अनुष्ठानों और लोक आस्था की अनूठी झलक देखने को मिलती है। ग्रामीणों का विश्वास है कि मां भगवती अपने भक्तों के कष्ट दूर करती हैं और सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी करती हैं।

दुर्गा सप्तशती के साथ रामचरितमानस का नवाह पाठ : खजरैठा के दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के दौरान दुर्गा सप्तशती के साथ रामचरितमानस का नवाह पाठ भी किया जा रहा है। वैदिक मंत्रों, धार्मिक पाठ और मां भगवती के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। यहां मां दुर्गा की आराधना के साथ भगवान श्रीराम की जयकार भी गूंजती है। नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर की एक खास विशेषता यह भी है कि यहां निशा पूजा सांकेतिक रूप से की जाती है और पूजा में अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग वर्जित है। नवग्रह पूजा की भी अपनी विशिष्ट परंपरा है।

51 से अधिक कुंवारी कन्याओं का होता है पूजन : मंदिर में नवमी के दिन कुंवारी कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर 51 से अधिक कुंवारी कन्याओं को नए वस्त्र पहनाकर और श्रृंगार कराकर उनका पूजन किया जाता है। नवमी और दशमी के दिन मंदिर परिसर में कुंवारी कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया जाता है। कन्याओं के भोजन के बाद शेष बचे भोजन को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं के बीच वितरित करने की परंपरा भी यहां निभाई जाती है। इसके साथ ही नवमी की रात मंदिर परिसर में ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जाता है।

कई सौ वर्षो से कायम है आस्था की परंपरा : जिला परिषद के पूर्व सदस्य एवं खजरैठा निवासी पंकज कुमार राय ने बताया कि गांव का दुर्गा मंदिर अत्यंत प्राचीन है। यहां कई सौ वर्षो से मां भगवती की पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। इस वर्ष भी स्थानीय पंडितों के साथ अन्य राज्यों से आए विद्वान पंडितों द्वारा दुर्गा सप्तशती और रामचरितमानस का नवाह पाठ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह रहता है। लगातार दस दिनों तक मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। मां भगवती के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए दूर-दराज से भी भक्त पहुंचते हैं। ग्रामीण तन मन धन से पूजन कार्य में लगे रहते हैं।

आस्था, परंपरा और भक्ति का अनूठा संगम : खजरैठा का प्राचीन दुर्गा मंदिर आज भी गांव की धार्मिक विरासत को सहेजे हुए है। यहां की पूजा पद्धति, कुंवारी कन्या पूजन, ब्राह्मण भोज और दुर्गा सप्तशती के साथ रामचरितमानस का पाठ इस मंदिर को विशिष्ट पहचान देते हैं। नवरात्र के दौरान पूरा गांव मां भगवती की भक्ति में डूबा रहता है और हर ओर जय माता दी के जयकारे सुनाई देते।

संक्षिप्त खबरें

मंहगाई के कारण मध्यवर्गीय लोग परेशान

चौथम (एनएससबी)। त्योहारों का मौसम आते ही एक बार फिर महंगाई ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पहले से ही बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे लोगों के लिए अब घरेलू खाद्य सामग्रियों के दाम में हुई बेतहाशा वृद्धि ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खासकर मध्यवर्गीय परिवारों के सामने घर का बजट संभालना चुनौती बन गया है। एक ओर त्योहारों में बच्चों के लिए नए कपड़े खरीदने और घर में खुशियां मनाने की इच्छा है, तो दूसरी ओर रसोई का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में कई परिवार जरूरी खाद्य सामग्रियों की खरीदारी में भी कटौती करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के मध्यवर्गीय परिवारों की परेशानी इसलिए भी बढ़ गई है कि उनकी आमदनी सीमित है। न तो उन्हें मजदूरी के नियमित अवसर मिल पाते हैं और न ही कई परिवारों को सरकारी योजनाओं का पर्याप्त लाभ मिल पाता है। ऐसे में परिवार के रोजमर्रा के खर्च, बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतों और त्योहारों की तैयारियों के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो गया है। खाद्य तेल, दाल, चावल, आटा, प्याज और हरी सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। स्थानीय फुटकर किराना दुकानदार मनोज शाह, अमन कुमार एवं अन्य खुदरा विक्रेता के अनुसार , खाद्य तेल की कीमतों में हाल के दिनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। दुकानदारों का कहना है कि खाद्य तेल पर सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी कम किए जाने के बावजूद बाजार में कीमतों में राहत दिखाई नहीं दे रही है। उनके मुताबिक, रिफाइंड और सरसों तेल के 15 लीटर वाले डिब्बे की कीमत में करीब 200 रुपये या उससे अधिक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, चार से पांच दिन पहले तक लगभग 180 रुपये प्रति लीटर मिलने वाला सरसों तेल और रिफाइंड तेल अब 200 रुपये प्रति लीटर या उससे अधिक कीमत पर बेचे जाने की बात कही जा रही है। दाल की कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, करीब दस दिन पहले 70 रुपये प्रति किलो के आसपास मिलने वाली माधुरी अरहर दाल और चना दाल अब लगभग 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इससे उन परिवारों की चिंता बढ़ गई है, जिनके लिए दाल रोजमर्रा के भोजन का प्रमुख हिस्सा है। सीमित आमदनी में परिवार के सभी सदस्यों के लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करना अब पहले की तुलना में अधिक खर्चीला हो गया है। आम लोगों की थाली का प्रमुख हिस्सा माने जाने वाले चावल की कीमतों में भी वृद्धि बताई जा रही है। स्थानीय बाजार के दुकानदारों के अनुसार, जो बीके गोल्ड चावल की बोरी पहले लगभग 850 से 900 रुपये के बीच मिलती थी, उसकी कीमत अब बढ़कर 1,000 से 1,100 रुपये तक पहुंच गई है। इसी तरह, करीब दस दिन पहले 1,125 रुपये में मिलने वाली 25 किलो की 24 कैरेट चावल की बोरी अब 1,400 से 1,500 रुपये के बीच बेचे जाने की बात कही जा रही है। रसोई का खर्च केवल खाद्यान्न तक सीमित नहीं है। सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय बाजार में प्याज की कीमत 60 से 65 रुपये प्रति किलो तक बताई जा रही है। वहीं, हरी सब्जियों के बाजार में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाजार में ऐसी सब्जियां ढूंढ़ना मुश्किल हो रहा है, जिनकी कीमत 50 रुपये प्रति किलो से कम हो। बताते चले कि क्षेत्र के ऐसे परिवार, जिनकी कमाई षि, छोटे-मोटे रोजगार या अन्य सीमित स्त्रोतों पर निर्भर है, महंगाई से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। आमदनी में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने के बावजूद खाद्य सामग्रियों की कीमतें बढ़ने से उनकी आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे परिवारों के लिए महीनेभर का राशन जुटाना, बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना और अन्य घरेलू जरूरतों को पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है।

17 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल

चौथम (एनएससबी)। चौथम अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से अंचल कार्यालय का कामकाज प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। राजस्व कर्मचारियों के कार्य से जुड़े विभिन्न कामों के लिए कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को अब परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर जमीन से संबंधित मामलों, राजस्व अभिलेखों, दाखिल-खारिज और अन्य विभागीय प्रक्रियाओं के निष्पादन में देरी होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी छह अक्टूबर से अंचल के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चले गए थे, जिसके कारण कार्यालय का कामकाज प्रभावित हुआ था। अब संघ के निर्देश पर कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात सामने आई है। ऐसे में अंचल कार्यालय की नियमित कार्यप्रणाली पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। राजस्व कर्मचारियों के अनुसार, संघ की ओर से अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर कुल 17 सूत्री मांगपत्र रखा गया है। इनमें कर्मचारियों को उनके गृह जिले में पदस्थापित करने, वर्तमान ग्रेड-19 से ग्रेड-28 में वेतन भुगतान से संबंधित मांग, भ्रमण भत्ता देने, कर्मचारियों को सहायक राजस्व अधिकारी का दर्जा प्रदान करने तथा सामान्य ड्यूटी की अवधि आठ घंटे निर्धारित करने जैसी मांगें प्रमुख हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगों को लेकर विभाग का ध्यान आष्ट कराया जा रहा है। इसके बावजूद मांगों के समाधान और पूर्व में हुए समझौतों को लागू करने की दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी के मद्देनजर संघ ने फिर से आंदोलन का रास्ता अपनाया है। कर्मचारी संघ से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में अपर मुख्य सचिव के साथ हुए समझौते को लागू नहीं किए जाने के बाद कर्मचारियों ने 11 फरवरी 2026 से सात मई 2026 तक सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन किया था। इसके बाद विभागीय सचिव के साथ लिखित समझौता होने की बात कही गई। कर्मचारियों का आरोप है कि लिखित समझौते के करीब पांच माह बीत जाने के बाद भी उस पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। संघ का कहना है कि समझौते के क्रियान्वयन में देरी से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा है। कर्मचारियों ने विभागीय स्तर पर मांगों के समाधान में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताई है। वही राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने का सीधा असर अंचल कार्यालय पहुंचने वाले आम लोगों पर पड़ सकता है। जमीन से संबंधित कार्यो, राजस्व दस्तावेजों के निष्पादन, विभिन्न प्रमाणपत्रों से जुड़े विभागीय सत्यापन तथा अन्य राजस्व मामलों के निपटारे के लिए लोगों को इंतजार करना पर रहा है।

सीएस के निरीक्षण से निजी नर्सिग संचालकों में हड़कंप

बेलदौर(एनएससबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित चार से पांच नर्सिग होम का सिविल सर्जन डा0 रामेन्द्र कुमार ने निरीक्षण कर उसमे भर्ती मरीजों उसके अभिभावकों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस क्रम में अस्पताल के पूरब स्थित निदान नर्सिग होम में भर्ती मरीजों



-निरीक्षण करते सीएस।

एवं उनके अभिभावकों ने सीएस को बताया कि उनका इलाज पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मुकेश कुमार के द्वारा की जाती है। इस अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आशा कार्यकर्त्ता उन्हें उत्प्रेरित करती है। इस शिकायत पर सीएस ने इसमें कार्यरत दो कर्मी को मौखिक चेतावनी देते हुए कहा कि दोनों को गिरफ्तार करवा देगे। इसके साथ ही बेलदौर पिरनगरा रोड में संचालित दो निजी नर्सिग होम बाला जी, साईं के अलावा तुलसी एवं आयुष नर्सिग होम की जांच की।

संक्षिप्त खबरें

गायत्री परिवार की ओर से शारदीय नवरात्र पर गायत्री मंत्र एवं हवन का अनुष्ठान प्रारंभ

सोनपुर (एनएसबी) दिनांक 11.10.2026 दिन रविवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ खारिका, सोनपुर सरण में गायत्री परिवार के लोगों द्वारा शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में एक करोड़ गायत्री मंत्र जाप एवं हवन का अनुष्ठान प्रारंभ किया गया है। गायत्री परिवार के लोगों द्वारा सम्पन्न में अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण एवं नशा व्यंजन से मुक्त हो, सुखी हो, निरोग हो, तथा सभी का जीवन मंगलमय हो। इसी मंगल कामना



कार्यक्रम में शामिल गायत्री परिवार।

के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। मुख्य आचार्य देव नारायण शर्मा, लालती देवी, भोला राम, अजय कुमार पंडित, सारंगधर प्रसाद सिंह, डा़ दिनेश चौधरी, बेबी देवी, वृज निहारी राय, अखिला नन्द राय, उदय नारायण जी अन्य लोग उपस्थित होकर इस अनुष्ठान के लिए शपथ ली और सहयोग का आश्वाशन दिया।

संरक्षित रेल परिचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए तकनीशियन लक्ष्मण प्रसाद सम्मानित

सोनपुर (एनएसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में आज दिनांक 12 अक्टूबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा संरक्षा के प्रति उत्ष्ट सजगता, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए तकनीशियन-ए श्री लक्ष्मण प्रसाद को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। दिनांक 26.09.2026 को 08रू00 बजे से 16रू00



मंडल रेल प्रबंधक सम्मानित समारोह में।

बजे तक की पाली में कार्य के दौरान तकनीशियन-ए श्री लक्ष्मण प्रसाद, पदनाम ट्रेन-1, कार्यरत स्थानध्मुख्यालय प्रतिदिन सोनपुर, ने गाड़ी संख्या 19483 के डब्ल्यूडीजी-4डी लोको में समय 15रू09 बजे हाजीपुर यार्ड में लेटरल बोगी संख्या 04 पर इन-करेंट करते समय रोलिंग इन परीक्षण के दौरान लोको संख्या 188784ध्ॅ-ॅ।ब्ब्छ (ठ-3) के फ्रंट ट्रली के रियर का एक्सल राइट साइड का प्राइमरी स्प्रिंग टूटा हुआ देखा एवं तत्काल इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। उनकी सतर्कता से संभावित दुर्घटना को टालने तथा स्क्रैपध्क्षतिग्रस्त उपकरण से संबंधित खतरे को समय रहते पहचानने में मदद मिली। उनके इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने संरक्षा के प्रति उनकी सजगता एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कर्मचारियों की सतर्कता, समय पर सूचना एवं जिम्मेदार कार्यशैली सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सोनपुर मंडल रेल प्रशासन सभी रेलकर्मियों से संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा सदैव सतर्क एवं सजग रहकर कार्य करने की अपील करता है।

शराब बंदी के 11 साल बीत गया, लेकिन आज तक देशी-विदेशी शराब बंद नहीं हो सका

सोनपुर (एनएसबी) शहर से लेकर गांव में देशी-विदेशी शराब कारोबार हो रही है। लोग यह जानना चाहते हैं कि शराब बंदी के 11 साल बीत गया, लेकिन आज तक देशी-विदेशी शराब बंद नहीं हो सका। आज भी पान दूकान, किराना दूकान, होटल, ताड़ी खाना में शराब उपलब्ध है। वहीं पुलिस प्रशासन खुब छापामारी की और करोड़ों की देशी-विदेशी शराब जब्त की और नष्ट की। फिर भी शराब कारोबार थमा नहीं। आज भी शराबी शराब पीकर सड़क पर खराटे लेते राहगीर देख रहे हैं। अब तो पुलिस प्रशासन की होंसला कम दिख रही है। पुलिस प्रशासन पकड़ती है और प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय के सुपूर्द करती और कुछ दिनों के बाद न्यायालय से जमानत मिल जाती और वही फिर शराब कारोबार करने लगता है। इन दिनों सबसे अधिक मुनाफा शराब कारोबार में है। एक नहीं तीन गुना कमाई है। नाबालिक को शराब खरीदने की औकात नहीं होती है तो वह गांजा और चरस का सेवन हर चौक-चौराहा करते नजर आ रहे हैं। पुलिस वाहन का लाल-पिली बत्ती देखते ही सड़क के नीचे खिसक जाते और पुलिस वाहन पार करते सड़क पर आ खेल शुरु कर देते। ये नाबालिक अधिकत्तर ई-रिक्शा और टेम्पो चालक बताए जा रहे हैं। कुछ रईश घरों के शहजादे एक मोटरसाईकल पर तीन-चार की संख्या में सवार होकर चाय दूकान और गांजा और स्मैक की देखा जा सकता है। नशाबाजों का दोस्तों की कोई कमी नहीं है।

काली पहाड़ी की आध्यात्मिक महिमा खींच लाई विदेशी श्रद्धालुओं को

यमला काली और राधा-कृष्ण-बलराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर लगाया ध्यान, महादेव के भजनों पर झूमे विदेशी मेहमान





काली पहाड़ी के शिखर पर विदेशी श्रद्धालुओं की भीड़।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। महाभारत कालीन मान्यताओं से जुड़ी जमालपुर की काली पहाड़ी इन दिनों विदेशी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। गूगल पर यहां के धार्मिक महत्व और मंदिरों की विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद सोमवार को 60 से 70 विदेशी श्रद्धालुओं का दल काली पहाड़ी के शिखर पर पहुंचा। यहां यमला काली एवं राधा-ष्ण-बलराम मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर माता के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। इसके बाद मंदिर परिसर में बैठकर काफी देर तक ध्यान किया।रूस, अमेरिका, जापान, रसिया समेत कई देशों के श्रद्धालुओं की मौजूी से काली पहाड़ी पर अचानक चहल-पहल बढ़ गई। विदेशी मेहमानों ने मंदिरों की धार्मिक मान्यताओं और विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। अलग-अलग भाषाओं में आपस में बातचीत करते हुए श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ आध्यात्मिक साधना में लीन नजर आए। लगभग दो घंटे तक काली पहाड़ी के शिखर पर समय बिताने के बाद उनका दल मुंगेर के लिए रवाना हुआ।काली पहाड़ी से विदा होने से पहले तराई में देवाधिदेव महादेव के गीत-संगीत ने विदेशी मेहमानों को भावविभोर कर दिया। भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु झूमने लगे और उत्साह के साथ हर-हर महादेव के जयकारे लगाने लगे। इस श्य ने स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विदेशी श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति देखकर आसपास के लोग भी उत्सुक नजर आए। यमला काली मंदिर के पुजारी अमित बाबा ने बताया कि पिछले दो दिनों से विदेशी श्रद्धालु लगातार मंदिर पहुंच रहे हैं। वे मंदिर की विशेषताओं और धार्मिक महत्व की जानकारी लेते हैं तथा शांत वातावरण में बैठकर ध्यान करते हैं। विदेशी श्रद्धालुओं के आगमन से काली पहाड़ी की धार्मिक पहचान और आध्यात्मिक वातावरण को लेकर स्थानीय स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए डा. राम मनोहर लोहिया

मुंगेर (एनएसबी)। समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में समाजवाद के प्रणेता महान समाजवादी चिंतक विचारक युगपुरुष डक्टर राम मनोहर लोहिया की 59 वीं पुण्यतिथि पर सपाइयों ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि निवेदित किया और उनके विचारधारा के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि हमारे महामना युगद्रष्टा ड राम मनोहर लोहिया भारतीय राजनीति के विप्लवकारी आत्मा थे उन्होंने कहा था की जिंदा कौम पाँच वर्ष का इंतजार नहीं करता वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में आज जब दिल्ली में जंतर मंतर से लेकर गांव कस्बा के लोग तानाशाही सरकार के विरुद्ध सीना ताने खड़ा है तो ऐसा प्रतीत होता है कि ड लोहिया पुनः जीवित हो गए घ्घ्क्योकी लोहिया एक विचारधारा थे और विचार कभी मरता नहीं। वहीं लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि ड लोहिया का शीघ् अवसान देश की समाजवादी आंदोलन के लिए घातक सिद्ध हुआ और आज राष्ट्र ऐसे दो राहे पर खड़ा है जहां देश के किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाएं राष्ट्रहित से ज्यादा धर्म और धार्मिक हित को बढावा दे रहे हैं जिसके विरुद्ध हम समाजवादियों को कई लड़ाई लड़नी होगी यही हमारे ड लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।वही जिला उपाध्यक्ष बच्चू राय चंद्रवंशी महासचिव मिथिलेश यादव प्रवक्ता गणेश पोद्दार ने श्रद्धांजलि निवेदित करते हुए कहा की डा लोहिया की वैचारिक क्रांति ने उन्हें आज तक प्रासंगिक बनाए रखा है।मौके पर उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव अशोक भारत मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति डब्लू यादव छडपन मंडल देवेन्द्र यादव दिनेश साहू राम बहादुर चौधरी सुनिल साहू कालेश्वर महतो रंजीत ताँती सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



पुण्यतिथि मनाते समाजवादी पार्टी।

अक्टूबर क्रांति के समर्थन में तिरंगा लेकर उतरे युवा एवं विपक्षी दल

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर के जुबली वेल चौक पर दिल्ली में चल रही श्अक्टूबर क्रांतिश् के समर्थन में शहर के तमाम युवा, जेन-ॅ एवं विपक्षी दलों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर एकजुटता दिखाई।कार्यक्रम में कांग्रेस नगर अध्यक्ष साईं शंकर, राजद नगर अध्यक्ष बमबम यादव, कम्युनिस्ट अंचल सचिव कामरेड मुरारी प्रसाद , आईआईपी प्रखंड अध्यक्ष अमित रंजन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव शर्मा,एवं राजद प्रखंड अध्यक्ष कौशर फैयाज ने किया।दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जेन-ॅ द्वारा शुरू किए गए आंदोलन के समर्थन में अब जमालपुर में भी राजनीतिक और सामाजिक लामबंदी शुरू हो गई है।कार्यक्रम में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा और तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी किया।वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो वोट चोर कहां मिलेंगे - बीजेपी के दफ्तर में ष्जब-जब मोदी डरता है, पुलिस को आगे करता है,हिटलरशाही की सरकार नहीं चलेगी।



अक्टूबर क्रांति के समर्थन में कार्यक्रम करते विपक्षी दल के नेता।

एसपी के निर्देश पर एक्शन मोड में जमालपुर पुलिस

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। शहर में अपराध पर लगाम लगाने के लिए जमालपुर आदर्श थाना पुलिस पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। अपराधियों पर नकेल कसने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों की संकरी गलियों तक निगरानी बढ़ा दी है। मुंगेर के एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस ने गश्ती अभियान तेज कर दिया है। सदर बाजार, अवंतिका मोड़, बाराट चौक, स्टेशन चौक, जुबली वेल और जनता मोड़ सहित शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, वार्डों और मोहल्लों की गलियों में भी पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। पुलिस की इस सक्रियता का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना और किसी भी संभावित वारदात को समय रहते रोकना है।शहर के व्यस्त बाजारों और प्रमुख आवागमन वाले मार्गों पर पुलिस की तैनाती से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस गश्ती के जरिए चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने पर जोर दिया जा रहा है।थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिसकर्मी अलग-अलग इलाकों में सक्रिय हैं। प्रमुख स्थानों के साथ-साथ अंदरूनी मोहल्लों में भी गश्ती बढ़ाए जाने से पुलिस की पहुंच शहर के विभिन्न हिस्सों तक सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।



शहर में पैदल गश्ती करते थानाध्यक्ष।

अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सख्ती

एसपी के निर्देश पर बढ़ाई गई पुलिस सक्रियता को शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस का लक्ष्य अपराधियों पर दबाव बनाना, आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा कायम रखना और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना है।अब जमालपुर के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों तक पुलिस की निगरानी रहेगी। पुलिस की इस मुस्तैदी से अपराध नियंत्रण के प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद है। हालांकि, गश्ती अभियान के परिणाम और अपराध की घटनाओं में कमी के संबंध में आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद ही इसकी वास्तविक प्रभावशीलता का आकलन किया जा सकेगा।

आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि भारतीय रेल की बदलती तकनीकी जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आधुनिक तकनीकों और व्यावहारिक शिक्षण पद्धतियों को शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने उद्योग विशेषज्ञों के सहयोग से व्यवस्थित प्रशिक्षण मड्यूल विकसित करने पर जोर दिया। उनके अनुसार, ऐसी संगोष्ठियां अधिकारियों और प्रशिक्षुओं को उद्योग में अपनाई जा रही नवीनतम तकनीकों से परिचित कराने के साथ उनके तकनीकी ज्ञान को भी समृद्ध करती हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार, आचार्य मो़ अय्यूब खान, आचार्य अरविंद कुमार, आचार्य शिशिरचंद्र शेखर सहित संस्थान के अन्य संबंधित तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के साथ विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की।संगोष्ठी को भारतीय रेल के अधिकारियों एवं अभियंताओं के तकनीकी कौशल को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

जमीन नहीं तो सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिले

भूमिहीन परिवारों ने अंचल अधिकारी से लगाई गुहार, जमीन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दर्जनों महिला पहुंचे अंचल कार्यालय, सीओ ने जांच के बाद कार्रवाई का दिया भरोसा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने की उम्मीद लगाए भूमिहीन परिवारों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जमीन के अभाव में सरकारी सुविधाओं से वंचित होने की शिकायत लेकर सोमवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनों भूमिहीन परिवारों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी से गुहार लगाई। इस दौरान महिलाओं ने अपनी समस्याओं को रखते हुए परिवार के लिए जमीन उपलब्ध कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की।अंचल कार्यालय पहुंचीं महिलाओं का कहना था कि उनके पास रहने के लिए अपनी जमीन नहीं है। जमीन के अभाव में उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



अंचल कार्यालय के बाहर खड़े भूमिहीन परिवार।

परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए भी उन्हें कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में भूमिहीन परिवारों ने प्रशासन से उनकी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि वे सरकारी योजनाओं से जुड़ सकें और अपने परिवार का जीवन बेहतर बना सकें।भूमिहीन परिवारों की समस्याओं को सुनने के बाद अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि फिलहाल राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। हड़ताल समाप्त होने के बाद संबंधित आवेदनों की जांच कराई जाएगी। जांच के आधार पर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सीओ के इस आश्वासन के बाद परिवारों को अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है।समस्याएं रखने वालों में रिंकू देवी,शर्मिला कुमारी,रीना कुमारी, फूल कुमारी, मंजू देवी, मीना देवी,रीना देवी, प्रीति देवी सहित अन्य भूमिहीन परिवारों के सदस्य शामिल थे। सभी ने प्रशासन से उनकी वास्तविक स्थिति की जांच कर पात्र परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने तथा सरकारी सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करने की मांग की।अब देखना यह होगा कि राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद इन परिवारों की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासन कितनी तेजी से कदम उठाता है।

संक्षिप्त खबरें

पुनपुन नदी से युवक का शव बरामद

फतुहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के नारायणा पुल के नीचे पुनपुन नदी से सोमवार की सुबह पुलिस ने एक 32 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान पचरुखिया थाने के परसा सोतीचक निवासी संजय सिंह के पुत्र प्रकाश रंजन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की शाम पुलिस ने नारायणा पुल के ऊपर लगी एक लावारिस कार बरामद की थी। कार के रजिस्ट्रेशन नम्बर से कार मालिक का पता कर पुलिस द्वारा घर पर सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों के अनुसार प्रकाश रंजन डेकोरेशन का काम करता था और शनिवार को वह कार लेकर घर से निकला था लेकिन लौटकर नहीं आया। इधर-उधर उसकी खोजबीन की ही जा रही थी तभी पुलिस से उसकी कार बरामी की सूचना मिली। इधर सोमवार की सुबह पुनपुन नदी से बरामद लाश की पहचान घर वालों ने प्रकाश रंजन के रूप में कर ली। इसके बाद पंचनामा बनाकर पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार युवक की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।

दीदारगंज में गुलशन कुमार हत्याकांड का खुलासा

थार, डिजायर कार, पिस्टल और कारतूस के साथ 4 अपराधी गिरफ्तार

फतुहा (एनएसबी)। पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलमहियाबाग में बीते 9 अक्टूबर को हुई गुलशन कुमार (23 वर्ष) की हत्या के मामले का पुलिस ने सफल खुलासा कर लिया है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वहीं दीदारगंज थाना पर सोमवार को ग्रामीण एसपी कोमल मीना ने प्रेस कन्फ्रेंस करके इसकी जानकारी दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि 9 अक्टूबर की संध्या करीब 6रू30 बजे गुलमहियाबाग में शुकुलपुर निवासी गुलशन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई राहुल कुमार के फर्दबयान पर दीदारगंज थाना कांड संख्या 236ध्26 के तहत 4 नामजद और 10 अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देशन में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फतुहा-01 के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 अक्टूबर को प्राथमिकी के तीन नामजद अभियुक्तोंसुनील कुमार (24 वर्ष), रणधीर कुमार (26 वर्ष) और अनिल कुमार (23 वर्ष), तीनों निवासी रायबाग, दीदारगंज को गिरफ्तार किया। पूछताछ और स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कांड में शामिल एक अन्य अप्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार (20 वर्ष), निवासी मौसिमपुर, खुसरूपुर को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि मृतक गुलशन कुमार द्वारा अभियुक्तों के घर जाकर उनका थार वाहन जला दिया गया था, इसी आपसी रंजिश को लेकर मारपीट कर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्तौल (मैगजीन सहित), 2 जिंदा कारतूस, एक थार वाहन (ठत01श्रै1187), एक डिजायर वाहन (ठत01भ्ळ9810) तथा 5 मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है।

जमालपुर स्टेशन से गिरफ्तार हुआ अंतरराष्ट्रीय मोबाइल चोर

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेलवे यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले कथित अंतरराज्यीय अपराधी को आरपीएफ की सीआईबी टीम ने जमालपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बरियारपुर थाना क्षेत्र के लोहापुल परिया निवासी करण कुमार उर्फ प्रह्लाद के रूप में हुई है। उसके पास से एप्पल आईफोन समेत तीन पुराने और इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत 110 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जीआरपी जमालपुर को सौंप दिया गया।रेलवे सुरक्षा बल की सीआईबी टीम को मध्यरात्रि गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति यात्रियों के मोबाइल चोरी करने और उन्हें किसी अन्य व्यक्ति तक पहुंचाने के इरादे से जमालपुर स्टेशन पहुंचा है। सूचना के सत्यापन के लिए सीआईबी प्रभारी एसके सुधा के नेतृत्व में कांस्टेबल रवि, गौतम कुमार, संजय कुमार सुमन और रणवीर कुमार तथा आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के एएसआई मोती लाल प्लेटफर्म संख्या दो-तीन के भागलपुर छोर पर पहुंचे।इसी दौरान काले रंग का बैग लेकर तेजी से जा रहे एक युवक को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन वह रुकने के बजाय भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी कर उसे स्टेशन के शेड के पास पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से बिना सिम कार्ड वाला एक एप्पल आईफोन, एक वीवो एंड्रयड मोबाइल और एक कीपैड फोन बरामद हुआ।

ई-रिक्शा का चार्जर चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, घर से दबोचे गए दोनों चोर

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर में ई-रिक्शा के सामान की चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। ई-रिक्शा का बैटरी चार्जर चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी उनके घर से की गई। पुलिस अब चोरी गए चार्जर की बरामी के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नया टोला केशोपुर स्थित हरदेवी स्कूल के समीप निवासी सुनील पासवान के पुत्र सागर कुमार तथा स्व़ सीताराम रजक के पुत्र अमलु रजक के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि छोटी केशोपुर निवासी उमेश साह के पुत्र एवं ई-रिक्शा मालिक रविकांत गुप्ता ने अपने वाहन का बैटरी चार्जर चोरी होने को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। इसके बाद एसआई दिलीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।हालांकि चोरी गए बैटरी चार्जर की बरामी अभी नहीं हुई है। पुलिस इस दिशा में दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।गौरतलब है कि जमालपुर में ई-रिक्शा के सामान की चोरी का मामला पहले भी सामने आ चुका है। बीते वर्ष पुलिस ने ई-रिक्शा की 14 बैटरियों की चोरी के मामले में तीन आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया था। एक बार फिर ई-रिक्शा के सामान की चोरी के मामले में हुई गिरफ्तारी से ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने की पुलिस की कार्रवाई चर्चा में है।

इरीमी में हाइड्रोलिक्स विषय पर तकनीकी संगोष्ठी आयोजित

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान इरीमी जमालपुर में सोमवार को हाइड्रोलिक्स विषय पर तकनीकी संगोष्ठी आयोजित की गई। औद्योगिक स्वचालन एवं नियंत्रण के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने हाइड्रोलिक प्रणालियों की कार्यप्रणाली, रखरखाव और औद्योगिक एवं रेल क्षेत्र में उनके बढ़ते उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षण को केवल सैद्धांतिक अध्ययन तक सीमित रखने के बजाय प्रयोगात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।संगोष्ठी में जर्मनी की कंपनी बश रेक्सरोथ इंडिया के बेंगलुरु से आए तकनीकी विशेषज्ञ कौशिक पी. जी़ए और मिर्जा सिराज बेग ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया।



संगोष्ठी करते इरीमी के अधिकारी।

औद्योगिक स्वचालन, नियंत्रण और तकनीकी उत्पाद विकास के क्षेत्र में आठ वर्ष से अधिक का अनुभव रखने वाले दोनों विशेषज्ञों ने हाइड्रोलिक्स के मूलभूत सिद्धांतों, विभिन्न उपकरणों की उपयोगिता, प्रणालियों के निरीक्षण, रखरखाव और व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आधुनिक औद्योगिक एवं रेल प्रणालियों में हाइड्रोलिक तकनीक की बढ़ती महत्ता से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। इरीमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने संस्थान में हाइड्रोलिक्स के क्षेत्र में उत्ष्टता केंद्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों और अभियंताओं को व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना जरूरी है। इसके लिए संस्थान में हाइड्रोलिक प्रणाली का उपयुक्त नमूना स्थापित करने का सुझाव दिया गया, ताकि प्रशिक्षु उसके विभिन्न घटकों को खोलकर, उनका निरीक्षण कर और दोबारा जोड़कर कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें।उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयोगात्मक प्रशिक्षण से तकनीकी दक्षता, खराबियों की पहचान करने और समस्या का समाधान खोजने की क्षमता के साथ रखरखाव संबंधी कौशल को भी मजबूत किया जा सकेगा।

संक्षिप्त खबरें

कल्याणपुर में मारपीट की दो घटनाओं में दो पुरुष जख्मी, एक की हालत गंभीर

कल्याणपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो पुरुष घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। इनमें एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान मुक्तापुर गांव निवासी रामनरेश पासवान और मिजार्पुर गांव निवासी सकिंदर सहनी के रूप में की गई है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान सकिंदर सहनी की स्थिति गंभीर पाए जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। घटना के संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के. ठाकुर ने जानकारी दी। हालांकि, मारपीट की घटनाओं के कारणों और घायलों के बीच हुए विवाद के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

चकमेहसी में पुलिस की कार्रवाई, चार वारंटी गिरफ्तार

चकमेहसी(दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र में लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर चकमेहसी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार लोगों को पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी के अनुसार, गिरफ्तार लोगों की पहचान सोमनाहा चकसिमा गांव निवासी धर्मेंद्र गिरी तथा सोमनाहा गांव निवासी रामप्रसाद महतो, रमेश महतो और उमेश कुमार महतो के रूप में हुई है। छापेमारी अभियान में एसआई संजीव कुमार सिंह और एएसआई अतुल कुमार मंडल सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपितों को न्यायालय की प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कल्याणपुर में शराब के खिलाफ कार्रवाई, 12 लीटर देसी शराब जब्त

कल्याणपुर(दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोलुहारा गांव में छापेमारी कर पीपल के पेड़ के पास से 12 लीटर देसी शराब बरामद की। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान शराब की बरामदगी हुई, लेकिन मौके से किसी कारोबारी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। शराब किसकी थी और इसके कारोबार में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि बरामद शराब के मामले में मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस शराब के संभावित कारोबारी की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

महागठबंधन का जंतर-मंतर पर हल्ला बोल - मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। बिहार विधानसभा के पूर्व मुख्य सचेतक एवं राजद के वरिष्ठ नेता अख्तरुल ईमान शाहीन आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर महागठबंधन द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मतदाता



सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्रू) में अनियमितता और 'वोट चोरी' हुई है। अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा लोकतंत्र में वोट की चोरी सबसे बड़ा अपराध है, चुनाव आयोग को निष्पक्ष रहना चाहिए। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा।

एसपी बोलेः हर बिंदु पर पुलिस कर रही तहकीकात

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि संदेश थाना परिसर में मौजूद बैरक में मोनल राय नामक होमगार्ड जवान की फायरिंग के दौरान उसे दाहिने साइड सीने में गोली लगी थी। जिसे इलाज के लिए लाने के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के पीछे के सभी कारणों का विस्तार रूप से जांच की जा रही है। घटनास्थल एवं जिस हथियार से गोली चली है, उसे भी रिजर्व किया गया है।

गृहरक्षक जवान को दी गई शोक सलामी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस केंद्र में सोमवार को दिवंगत गृहरक्षक जवान के सम्मान में गरिमा के साथ शोक सलामी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित, गृहरक्षक समादेष्टा, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

अज्ञात वाहन ने मजदूर को रौंदा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पीरो थाना के हरि टोला स्थित लाइन होटल के समीप सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार मजदूर को रौंद दिया। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के हरी टोला गांव निवासी स्व. बृजा सिंह का 25 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार है।

अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को रौंदा, मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन ने एक बुजुर्ग को रौंद दिया। मृतक बिहिया थाना के अमराई नवादा गांव निवासी स्व. बेचू पासी के 77 वर्षीय पुत्र गुलाबचंद पासी हैं।

विषैले सांप के डंसने से युवक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। धोबहा थाना क्षेत्र के बाघाकोल तेतरिया गांव में सोमवार की सुबह विषैले सांप के डंसने से कि वह की मौत हो गई। मृतक धोबहा थाना के बाघाकोल तेतरिया गांव निवासी दीनबंधु यादव का 23 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार है। वह घर में काम कर रहा था। उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डंस लिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने की पूजा अर्चना



पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में सोमवार को जदयू नेता सह स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने दर्शन पूजन की. शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि ने पूजा अर्चना का अनुष्ठान कराया.दर्शन पूजन के उपरांत माता की चुनरी महंत ने भेंट की. स्वास्थ्य मंत्री ने इस दौरान विकास कार्य की प्रगति को भी देखा और कार्य को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया. इस दौरान महंत ने मंदिर में पिता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से आरंभ कराये गये विकास कार्य की जानकारी दी.मंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास का कार्य हो रहा है.

डांडिया के नाम पर ईलता परोसने वालों पर हो कार्रवाई

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। सनातनी संगठनों का शिष्टमंडल एसडीओ कशिश बक्शी से मिला और मांगों को ज्ञापन सौंपा.इसमें नवरात्रि पर्व डांडिया व गरबा के नाम पर परोसी जा रही फूहड़ता व अश्लीलता पर रोक लगाने की मांग उठायी गयी है.

जर्जर भवन में पढ़ने को विवश मिडिल, और 10 एवं +2प्लस टू के छात्र

भयभीत शिक्षक और अभिभावक, कभी भी धरासायी हो सकती भवन

विद्यापतिनगर(दैनिक नवसंदेश)। प्रशासनिक उदासीनता के कारण प्रखंड के उत्क्रमित मिडिल स्कूल बाजिदपुर की भवन जर्जर बनी है। जिसके कारण छात्र, शिक्षक और अभिभावक भयभीत बने रहते है। जबकि इसी जर्जर भवन में मिडिल, हाई स्कूल और प्लस टू की पढ़ाई की जा रही है। बताया गया है कि बाजिदपुर बांध किनारे बने स्कूल में जगह के अभाव में कार्यालय सहित मात्र नौ कमरे हैं, वह भी जर्जर की स्थिति में है। स्कूल में कुल आठ सौ के करीब बच्चे पढ़ाई करते है। कमरे की हालत ऐसी है की वर्षा के दिनों में बांध के रास्ते पानी कमरा में आने से पढ़ाई बाधित रहता है। वहीं सड़को पर जल जमाव से बच्चों को स्कूल आना भी कठिन हो जाता है। हाल ये है कि प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी भवन एक बड़े हादसे का कारण बन सकता



है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मध्य विद्यालय को +2 विद्यालय में उत्क्रमित कर दिया गया मगर भवन सहित अन्य संसाधन नदारद है। भवन के खास्ता हाल हैकी जानकारी बीडीओ, एसडीओ को भी दिया गया है।एचएम चंदा प्रियदर्शनी ने बताया की विद्यालय भवन के जर्जर भवन की जानकारी विभागीय अधिकारियों को है। वहीं बीईओ डॉ. प्रभात रंजन ने पूछे जाने पर बताया कि, विद्यालय भवन के जर्जर स्थिति की जानकारी प्रखंड कार्यालय के बैठक में बीडीओ के समक्ष ही ग्रामीणों से मिला है। सरकार द्वारा स्कूल के जर्जर भवन की सूची मांगे जाने पर उक्त स्कूल के जर्जर भवन का रिपोर्ट भी भेजा गया है। साथ ही जिला स्तर के विभागीय अधिकारियों को भी विद्यालय भवन के जर्जर हालत से अवगत करा दिया गया है।

कारोबार के विस्तार के साथ साथ रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की संभावनाओं को मजबूत करता है निर्यात : डीडीसी



एमएसएमई कार्यशाला में डीडीसी ने किया प्रोत्साहित, दस्तावेजीकरण और क्लीयरेंस की प्रक्रिया सरल बनाने पर जोर

समस्तीपुर(दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने और निर्यात के जरिए कारोबार व रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला उद्योग केंद्र के सभाकक्ष में एक दिवसीय निर्यात जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। ह्यवन डे एक्सपोर्ट अवेयरनेस वर्कशॉप फॉर एमएसएमईह्व विषयक इस कार्यशाला में उद्यमियों को निर्यात की प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं और वैश्विक बाजार के मांग की जानकारी दी गई। इस दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह और जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विवेक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। संचालन शिक्षक सुभीत कुमार सिंह ने किया। अपने स्वागत संबोधन में महाप्रबंधक श्री शर्मा ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों को निर्यात की प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग की जानकारी देना जरूरी है, ताकि वे अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार तलाश सकें।

वहीं अपने संबोधन में डीडीसी श्री सिंह ने उद्यमियों को निर्यात के अवसरों की पहचान करने और बाजार की जरूरतों के अनुरूप अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि निर्यात कारोबार के विस्तार के साथ साथ रोजगार सृजन, निवेश और आर्थिक विकास की संभावनाओं को भी मजबूत करता है। स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने के लिए उचित मार्गदर्शन और संस्थागत सहयोग जरूरी है।

कार्यशाला में उद्यमियों ने निर्यात से जुड़ी दस्तावेजी प्रक्रिया की जटिलताओं, क्लीयरेंस में आने वाली परेशानियों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी जैसे मुद्दे उठाए और प्रक्रियाओं को सरल बनाने, समय पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत पर जोर दिया गया।

तकनीकी सत्र में एमएसएमई निर्यात सलाहकार ऋषु राज, इंडिया पोस्ट के आशुतोष नंदन और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव राकेश कुमार एवं, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक सुबोध कुमार ने संबोधित किया।

कार्यशाला में बियाडा के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार के अलावा जिला उद्योग केंद्र के राहुल, बिपिन चंद्र, मुकेश कुमार और पूर्णवासी मौजूद रहे।

निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करने हेतु निदेशित किया

समस्तीपुर(दैनिक नवसंदेश)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिला पदाधिकारी, रोशन कुशवाहा द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत छूटे हुए मतदाता का नाम जोड़ने हेतु विशेष अभियान चलाये जाने से संबंधित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निदेशों का अनुपालन करने हेतु निदेशित किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि, किसी मतदाता का नाम किसी कारणवश विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची में नहीं है, या सतत अद्यतीकरण के दौरान उनका नाम पंजीकृत नहीं किया जा सका है और अगर वे अर्हता पूरी करते है तो उनसे प्रपत्र-6 में आवेदन प्राप्त कर पंजीकरण की कार्रवाई किया जाना है एवं उसकी सूची तैयार कर बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र के बीएलए को प्राप्ति के साथ हस्तगत कराना है। इस क्रम में पंजी भी संधारित किया जाना है। श्री कुशवाहा ने बताया कि, सभी विधान सभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर 16 एवं 17 अक्टूबर को विशेष कैम्प आयोजित किया जाएगा। कैम्प में मुख्य कार्यों की विडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इन कैम्पों में फार्म-6 भरने वाले या जिनका नाम वर्तमान मतदाता सूची में है उनका टेस्टीमोनियल तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि, इस कार्य में बी०एल०ओ० पर्यवेक्षक की सहायता भी ली जा रही है। वे बी०एल०ओ० के कार्य का प्रतिदिन अनुश्रवण करेंगे एवं बीएलओ द्वारा संधारित किये जा रहे पंजी का



निरीक्षण करेंगे। कैम्प के दिन मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी / सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्वयं भ्रमण कर बीएलओ के कार्य का निरीक्षण एवं अनुश्रवण करें। आप भी स्वयं या बीएलए० के माध्यम से कैम्प पर भ्रमण कर बीएलओ को सहायता करें, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। इस संदर्भ में बताया गया है कि, छठ पर्व के उपरांत भी एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जायगा ताकि एक भी मतदाता छूटे नहीं। मौके पर भाजपा से सूर्य शेखर प्रसाद मंडल, राजद से सत्यविंद पासवान, जदयू से मो. अनस रिजवान, कॉग्रेस के से उपेन्द्र नाथ तिवारी, लोजपा (रामविलास) से अनुपम कुमार सिंह, रालोसपा से अनन्त कुशवाहा, बसपा से विजय कुमार यादव, सीपीआइ एमएल से उमेश कुमार, आप से आलोक कुमार, आदि सहित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 133-समस्तीपुर विधान सभा क्षेत्र-सह-उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीडीसी सूर्य प्रताप सिंह उपस्थित थे।

विद्यापतिनगर अंचल में सीओ-राजस्व अधिकारियों की हड़ताल शुरू, जमीन संबंधी कामकाज प्रभावित

विद्यापतिनगर (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर सोमवार से शुरू राज्यव्यापी आंदोलन का असर विद्यापतिनगर अंचल में भी दिखने लगा है। मुजफ्फरपुर के मुशहरी अंचल के निलंबित अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी की गिरफ्तारी के विरोध में अंचलाधिकारी कुमार हर्ष और राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा हड़ताल पर चले गए हैं। अधिकारियों के आंदोलन में शामिल होने से अंचल कार्यालय के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित है। संघ ने संबंधित अधिकारियों की गिरफ्तारी के विरोध में विभाग से ठोस पहल करने की मांग की थी। मांगों पर निर्धारित समय तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर अधिकारियों ने अपने आधिकारिक डिजिटल डोंगल का इस्तेमाल बंद करने का निर्णय लिया। इसी के तहत सोमवार से आंदोलन शुरू किया गया है। डिजिटल डोंगल का इस्तेमाल बंद रहने से दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, जमाबंदी में सुधार और डिजिटल स्वीकृति से जुड़े राजस्व कार्य प्रभावित हैं। उधर जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए अंचल कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस हड़ताल से लंबित आवेदनों के निपटारे में भी देरी होने की आशंका है। आरटीपीएस के तहत जाति, आय और आवासीय प्रमाणपत्र से जुड़ी सेवाओं पर भी असर पड़ा है।

एक महिला सहित दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

विद्यापतिनगर (दैनिक नवसंदेश)। थाना पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान खनुआ ढाला गांव निवासी उषा देवी, पति योगेंद्र सहनी और मुकेश सहनी, पिता योगेंद्र सहनी के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। मामले में कांड संख्या 1084/18 एवं टीआर संख्या 591/26 दर्ज है। गिरफ्तारी की कार्रवाई एसआई अमृता राज के नेतृत्व में की गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों गिरफ्तार आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

स्ट्रीट लाइट खराब, साहित पंचायत के तीन वार्डों में अंधेरा

विद्यापतिनगर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड की साहित पंचायत में स्ट्रीट लाइटों की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। पंचायत के वार्ड संख्या 3, 8 और 9 में लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। इसके कारण शाम ढलते ही कई सड़कों और गलियों में अंधेरा छा जाता है। स्थानीय लोगों को रात के समय आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, वार्डों में लगाई गई स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब हैं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। रात के समय अंधेरा रहने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। खासकर जरूरी काम से घर से बाहर निकलने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अंधेरी गलियों और रास्तों से गुजरते समय लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत में सार्वजनिक रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त रखना जरूरी है, ताकि ग्रामीणों को रात में परेशानी न हो। स्ट्रीट लाइटें खराब रहने से सरकारी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द खराब लाइटों की मरम्मत कराने तथा नियमित रूप से उनकी देखरेख सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग और पंचायत प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करेंगे, ताकि वार्ड संख्या 3, 8 और 9 के लोगों को अंधेरे से राहत मिल सके और रात में सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था बहाल हो सके।

सामूहिक सहभागिता और सौहार्द के साथ रावण दहन कार्यक्रम करें सुनिश्चित : एसडीओ

समस्तीपुर(दैनिक नवसंदेश)। आगामी विजयदशमी के अवसर पर होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को भव्य, शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय जितवारपुर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी संबंधित अधिकारी, थाना प्रभारी, आयोजन समिति के सदस्य तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में एसडीओ ने रावण दहन स्थल पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, अग्निशमन और चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाए। बैरिकेडिंग तथा प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए जाएं। साथ ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियों को मौके पर तैनात रखने और मेडिकल टीम को तैयार रहने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि रावण दहन



बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, इसलिए इस आयोजन को सामूहिक सहभागिता और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही बैठक में स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम स्थल के आसपास पर्याप्त सफाई कर्मियों की तैनाती और कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि रावण दहन कार्यक्रम पूरी पारंपरिक भव्यता और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने अफवाह पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इसके पूर्व एसडीओ सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने हाउसिंग बोर्ड मैदान का निरीक्षण किया और कई जरूरी निर्देश दिए।

भोला टॉकीज ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने को 25 अक्टूबर को निकलेगी पदयात्रा

डीएम व डीआरएम को सौंपा जाएगा स्मारपत्र- सुरेंद्र



समस्तीपुर(दैनिक नवसंदेश)। जिला विकास संघर्ष मोर्चा एवं रेल विस्तार-विकास संघर्ष मोर्चा की संयुक्त बैठक सोमवार को डीआरएम चौक पर शंकर प्रसाद साह की अध्यक्षता तथा शत्रुघ्न राय पंजी के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में जिले की प्रमुख विकास योजनाओं को पूरा कराने के लिए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुक्तापुर रेल गुमटी पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाने, भोला टॉकीज रेल गुमटी पर बंद पड़े ओवरब्रिज निर्माण कार्य को पुनः शुरू कराने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा करने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही समस्तीपुर की बंद चीनी मिल को चालू कराने की मांग भी की गई। इन मांगों को लेकर जिलाधिकारी एवं डीआरएम को स्मारपत्र सौंपने, विभिन्न इलाकों में जन-जागरूकता बैठक करने तथा आगामी 25 अक्टूबर को भोला टॉकीज रेल गुमटी स्थित ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर पदयात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही मांगों की पूर्ति के लिए आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी।

मौके पर भाकपा माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राजद के राकेश ठाकुर आदि ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिले की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को पूरा कराने के सवाल पर विधायक, सांसद, मंत्री, मेयर एवं उपमेयर, जिप अध्यक्ष की चुप्पी समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ में जनप्रतिनिधि आगे रहते हैं, लेकिन जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए अपेक्षित पहल नहीं करते।ऐसे जनप्रतिनिधियों को आगामी चुनाव में जिलावासी सबक सिखाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

जोलबिघा मोड़ के समीप निजी क्लिनिक में करंट लगने से चिकित्सक की मौत

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र के जोलबिघा मोड़ के समीप सोमवार की सुबह करीब सात बजे एक निजी क्लिनिक में विद्युत स्पशार्घात से 23 वर्षीय चिकित्सक की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान मोहनपुर थाना क्षेत्र के सुराहीचक के समीप स्थित गोडीहा गांव निवासी कुलेश्वर यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र यादव जोलबिघा मोड़ के समीप महेंद्र यादव के किराए के मकान में पिछले कुछ दिनों से निजी क्लिनिक चला रहे थे। सोमवार की सुबह वह अपने भाई पंकज कुमार की मौजूदगी में क्लिनिक में कटे हुए बिजली के तार की मरम्मत कर रहे थे।

करमौनी बाजार के समीप अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी बाजार के समीप भलुआ से सोमवार की सुबह करीब दस बजे डोभी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार की दोपहर तीन बजे तक बालू परिवहन से संबंधित किसी प्रकार का चालान प्रस्तुत नहीं किया गया था। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

शहर तेलपा बाजार में पागल कुत्ते के हमले से दर्जनों छात्राएं घायल



इलाज कराते छात्राएं।

करपी (एनएसबी)। प्रखंड के शहर तेलपा बाजार में एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। इस हमले में भागवत उच्च विद्यालय शहर तेलपा की आरती कुमारी इंदु देवी प्रधान पासवान समेत लगभग 14 से 15 छात्राएं एवं स्थानीय लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि सभी छात्राएं विद्यालय में पढ़ाई कर लंच के समय बाहर निकली थीं। इसी दौरान बाजार में घूम रहे एक आवारा पागल कुत्ते ने अचानक छात्राओं पर हमला कर दिया। कुत्ते ने एक के बाद एक कई छात्राओं को काट लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए कुत्ते को खदेड़ा और घायल छात्राओं को तत्काल आंतरिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहर तेलपा पहुंचाया, जहां सभी का उपचार कराया गया। चिकित्सकों ने सभी घायलों को एंटी रेबीज इंजेक्शन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि शहर तेलपा बाजार में लंबे समय से आवारा कुत्तों का झुंड घूम रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में घूम रहे आवारा पागल कुत्तों को जल्द पकड़ा जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

विद्यालय में स्काउट-गाइड के पांच दिवसीय प्रवेश सोपान प्रशिक्षण का हुआ समापन



प्रशिक्षण में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

कुर्था (एसएनबी)। भारत स्काउट और गाइड अरवल के जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार की देखरेख में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, धमौल में आयोजित पांच दिवसीय प्रवेश सोपान प्रशिक्षण का समापन सोमवार को हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक आशुतोष रंजन ने किया। मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुर्था प्रवीण कुमार सुमन ने कहा कि स्काउट- गाइड प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं में देशप्रेम, अनुशासन और जीवन जीने की कला विकसित होती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यार्थी राज्य पुरस्कार से लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार तक हासिल कर सकते हैं। वहीं, मध्य विद्यालय धमौल के प्रधानाध्यापक ब्रह्मानंद दिवाकर ने कहा कि इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट मास्टर शकील अहमद ने बताया कि स्काउट-गाइड के प्रमाणपत्रों को भारत सरकार की नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन के दौरान नियमानुसार वेटेज मिल सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र निखिल कुमार, विवेक कुमार, प्रीति कुमारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सीनियर दिल्ली स्कूल, उचैली शाखा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय डाकघर दिवस पर खिजरसराय डाकघर का किया भ्रमण



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। राष्ट्रीय डाकघर दिवस के अवसर पर सीनियर दिल्ली स्कूल, उचैली शाखा के विद्यार्थियों ने खिजरसराय डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस पहल का उद्देश्य डाककर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करना तथा विद्यार्थियों को डाक सेवाओं के महत्व से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डाककर्मियों को शुभकामना कार्ड और फूल भेंट किए तथा समाज के प्रति उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए धन्यवाद दिया। बच्चों ने स्वयं अपने पत्र भी डाक से भेजे और पत्राचार की पारंपरिक एवं उपयोगी प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त किया। सीनियर दिल्ली स्कूल, उचैली शाखा का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में योगदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान और अच्छे नागरिक बनने के संस्कार विकसित करना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

जिला जदयू कार्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि मनाई गई



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। जनता दल (यूनाइटेड), जिला गया के जिला कार्यालय में समाजवादी चिंतक, प्रखर विचारक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि जिला अध्यक्ष ई अजय कुशवाहा जी के अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अजय कुशवाहा ने कहा कि डॉ. लोहिया जी के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना तथा सामाजिक समरसता और समान अवसर सुनिश्चित करना आवश्यक है। उनके सिद्धांत हमें जनसेवा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं।

कुर्था में प्राचीन हनुमान मंदिर निर्माण ने पकड़ी रफ्तार दूसरे तल का ढलाई पूरा

कुर्था(एनएसबी)। नवरात्रि के पावन अवसर पर कुर्था बाजार स्थित वीरेंद्र विद्रोही चौक के श्री हनुमान मंदिर के निर्माण कार्य में तेजी आने से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। सोमवार को नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिर के दूसरे तल का निर्माण कार्य शुरू हुआ। इससे मंदिर के जीर्णोद्धार और निर्माण में जुटे लोगों के साथ सनातन धर्मावलंबियों में खुशी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मां दुर्गा की कृपा, प्रभु श्रीराम और बजरंगबली के आशीर्वाद तथा श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर निर्माण का संकल्प अब साकार होता दिखाई दे रहा है।

गुरु-शिष्य का संबंध भारतीय परंपरा का अहम हिस्सा : राज्यपाल

दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में कहा



टिकारी/गयाजी (नव संदेश ब्यूरो)। ह्यह्यगुरु एवं शिष्य का संबंध भारतीय परंपरा का अहम हिस्सा है, मैं आज भी अपने गुरुओं का आदर करता हूँ और सदा करता रहूँगा। मुझे अपनी पढ़ाई पूरी किए 50 वर्ष से अधिक हो चुके हैं लेकिन आज भी अगर किसी गुरु का व्हाट्सएप पर मैसेज आता है तो मैं उसे सबसे पहले पढ़ता हूँ।ह्यह्य

बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने सोमवार को दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के पंचम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त बातें कहीं। गोल्ड मेडल और डिग्री हासिल करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह कामयाबी छात्रों और प्राध्यापकों दोनों की है। उन्होंने कहा कि खुशियां और ज्ञान बांटने से बढ़ती है। सीयूएसबी के नैक ए प्लस प्लस ग्रेड, यूजीसी केटेगरी-1 दर्जे और साफ-सुथरे ग्रीन कैंपस की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सीयूएसबी के छात्र काफी मेधावी हैं। इसका प्रमाण है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा 211 नए डिग्री कॉलेजों में 2400 सहायक प्राध्यापक पदों पर सीयूएसबी के 80 विद्यार्थियों की नियुक्ति हुई है। राज्यपाल ने कुलपति प्रो. के.एन. सिंह से बिहार सरकार के ह्यटीबी मुक्त अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज यह केवल शैक्षणिक पड़ाव की समाप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति नए दायित्व की शुरूआत है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आप जिस भी क्षेत्र में करियर बनाएं, मानवता के संरक्षण और उन्नयन में योगदान अवश्य दें। अहिंसक विरोध, मानव सम्मान और संवैधानिक अधिकारों पर विश्वास बनाए रखें। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि हमारी संस्कृति और ज्ञान संपदा की जिम्मेदारी युवाओं पर है। आज का युवा केवल नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहता है। यही आत्मनिर्भरता है जिसकी कल्पना गांधी और अंबेडकर ने की थी। सिक्किम और मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि ह्यआत्मनिर्भर भारतह्य अभियान में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है और सीयूएसबी ने बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में सीयूएसबी अग्रणी रहा है। विश्वविद्यालय ने बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट को पूरी तरह लागू किया है। हमारा परिसर हरित और अत्याधुनिक डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित है।

1662 छात्रों को मिली डिग्री, 61 छात्रों को 95 स्वर्ण पदक : दीक्षांत समारोह में कुल 1662 छात्रों को यूजी, पीजी और पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। 61 विद्यार्थियों को 95 स्वर्ण पदक दिए गए। वर्ष 2023 और 2024 के लिए 4 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 22 संकाय स्वर्ण पदक और 61 विभागीय स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। पहली बार 8 विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक भी दिए गए, जिनमें डॉ. मंजू करण, शेओधारी, विश्वनाथ डालमिया, आनंदी देवी डालमिया, कमला देवी और डॉ. बिंदेश्वर पाठक स्मृति स्वर्ण पदक शामिल हैं। मेडल वितरण की औपचारिक घोषणा परीक्षा नियंत्रक डॉ. शांतिगोपाल पाइन ने की, धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार ने दिया और मंच संचालन डॉ. अमृता श्रीवास्तव ने किया।

इंडोर स्टेडियम में होगा तीन दिवसीय सोलर मेला का आयोजन

एक ही स्थान पर आवेदन, बैंक ऋण, सब्सिडी एवं वेंडर चयन की सुविधा



सोलर मेला का निरीक्षण करते डीएम।

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार जिले के अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने, सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा आमजनों को बिजली बिल में बचत का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर, 2026 तक इंडोर स्टेडियम, अरवल में तीन दिवसीय सोलर मेला का आयोजन किया गया है।

इस मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के बिजली उपभोक्ताओं को सोलर पैनल की स्थापना, उससे होने वाले बिजली उत्पादन, सरकारी सब्सिडी, बैंक ऋण, आवेदन प्रक्रिया एवं वेंडर चयन से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी एवं सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन बिना किसी अनावश्यक परेशानी के अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल अधिष्ठापित करा सकें। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस विशेष सोलर मेले में आने वाले इच्छुक उपभोक्ता योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ आवेदन समर्पित कर सकते हैं। साथ ही, बैंक ऋण की सुविधा, सब्सिडी संबंधी मार्गदर्शन एवं अपनी पसंद के पंजीकृत वेंडर के चयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

1 किलोवाट से 3 किलोवाट तक सोलर पैनल से कितना होगा बिजली उत्पादन? सोलर पैनल की क्षमता के अनुसार बिजली उत्पादन की जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि किसी उपभोक्ता द्वारा अपने घर की छत पर 1 किलोवाट का सोलर पैनल अधिष्ठापित कराया जाता है, तो उससे अनुकूल मौसम एवं पर्याप्त धूप की स्थिति में प्रतिदिन लगभग 4 से 5 यूनिट बिजली का उत्पादन हो सकता है। इस प्रकार एक माह में लगभग 120 से 150 यूनिट तक बिजली प्राप्त की जा सकती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट का सोलर पैनल लगाए जाने पर प्रतिदिन लगभग 8 से 10 यूनिट एवं प्रतिमाह लगभग 240 से 300 यूनिट बिजली का उत्पादन संभव है। वहीं, 3 किलोवाट का सोलर पैनल अधिष्ठापित किए जाने पर प्रतिदिन लगभग 12 से 15 यूनिट तथा प्रतिमाह लगभग 360 से 450 यूनिट तक बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। इस प्रकार उपभोक्ता अपनी घरेलू बिजली खपत एवं आवश्यकता के अनुरूप सोलर पैनल की क्षमता का चयन कर बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत कर सकते हैं। सोलर पैनल की स्थापना पर केंद्र एवं बिहार सरकार से सब्सिडी का लाभ योजना के संबंध में दी गई जानकारी के अनुसार सोलर पैनल की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र एवं बिहार सरकार द्वारा पात्र उपभोक्ताओं को अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

मेले में दी जा रही जानकारी के अनुसार प्रस्तावित सब्सिडी का विवरण निम्नवत है पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाए जाने पर केंद्र सरकार द्वारा एक किलोवाट के सोलर पैनल पर तीस हजार रुपए, दो किलोवॉट क्षमता वाले सोलर पैनल के अधिष्ठापन पर साठ हजार रुपये एवं तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता वाले सोलर पैनल लगाए जाने पर अठहत्तर हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती है।बिहार सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पैनल की क्षमता के आधार पर राज्य सब्सिडी प्रदान की जाती है। 1 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल पर 10,000, 2 किलोवाट पर 20,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल पर ₹20,000 की सब्सिडी दी जाती है। राज्य सरकार की यह सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के अतिरिक्त है। सब्सिडी का लाभ पात्रता एवं लागू सरकारी प्रावधानों के अनुसार दिया जाएगा। बताया गया कि 3 किलोवाट सोलर पैनल की स्थापना पर अनुमानित परियोजना लागत लगभग 2,00,000 से 2,10,000 तक हो सकती है। यदि परियोजना लागत 2,10,000 मानी जाए तथा पात्र उपभोक्ता को केंद्र एवं बिहार सरकार से कुल 98,000 की सब्सिडी प्राप्त होती है, तो सब्सिडी की राशि घटाने के उपरांत उपभोक्ता को लगभग ₹1,12,000 का ही व्यय वहन करना होगा। इस प्रकार सरकारी अनुदान के माध्यम से सोलर पैनल की स्थापना पर होने वाले खर्च में उल्लेखनीय कमी आती है। वास्तविक लागत एवं अनुदान की राशि लागू योजना प्रावधानों, पात्रता तथा चयनित वेंडर के अनुसार निर्धारित होगी। 3 किलोवाट सोलर पैनल से प्रतिमाह 3,000 तक की संभावित बचत 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाए जाने पर अनुकूल परिस्थितियों में प्रतिमाह लगभग 450 यूनिट तक बिजली का उत्पादन हो सकता है। घरेलू बिजली की खपत, लागू विद्युत दर एवं नेट मीटरिंग व्यवस्था के अनुसार उपभोक्ताओं को प्रतिमाह लगभग 2,500 से 3,000 तक की संभावित बचत हो सकती है। सोलर पैनल की सामान्य उपयोगी अवधि लगभग 25 वर्ष मानी जाती है। उचित रखरखाव के साथ उपभोक्ता लंबे समय तक सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बिहार सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली के अतिरिक्त होने वाली बिजली खपत पर भी सोलर पैनल के माध्यम से बिजली बिल में बचत की संभावना रहती है।

प्रधानमंत्री धन धन्य कृषि योजना में गया जिला का पूरे देश में प्रथम रैंक मिला



गयाजी (नव संदेश ब्यूरो)। प्रधानमंत्री धन धन्य कृषि योजना में गया जिला का पूरे देश में प्रथम रैंक मिला है। इस योजना का कार्यान्वयन देश के सभी राज्यों के 100 जिलों में हो रहा है। योजना में सम्बद्ध 11 विभागों के 36 योजनाओं के 121 इंडिकेटर के आधार पर जिले का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

श्री शिवराज सिंह चैहान, केन्द्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार द्वारा जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर को सम्मानित किया गया। योजना के डैशबोर्ड पर दर्ज प्रगति एवं निर्धारित आउटपुट इंडिकेटर के आधार पर माह जुलाई एवं अगस्त 2026 में प्रथम रैंक तथा माह अप्रैल, मई एवं जून में द्वितीय रैंक रहा।

योजना का लक्ष्य जिले को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना है। इस योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर नई दिल्ली में स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में श्री शिवराज सिंह चैहान, केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, श्री सी. आर. पाटिल, केंद्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, कमलेश पासवान, राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भागीरथ चैधरी, राज्य मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, चंद्रशेखर पेम्मासानी, राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, राम नाथ ठाकुर, राज्य मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, अपर सचिव (डीडीकेवाई), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार एवं प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार नर्मदेश्वर लाल शामिल हुये। उक्त कार्यक्रम गया जिला से जिला पदाधिकारी, गया, जिला कृषि पदाधिकारी, गया, वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर एवं विनीत कुमार रंजन, प्रगतिशील किसान, प्रखंड- गुरारु में भाग लिया गया।

डीएम के अध्यक्षता में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक संपन्न



अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ ससमय उपलब्ध कराने से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके क्रियान्वयन में तेजी लाना, विभागीय कार्यों में आपसी समन्वय स्थापित करना तथा विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना रहा। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पूरी गंभीरता बरतें। विकास कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करते हुए योजनाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभागों के पदाधिकारियों के बीच प्रभावी समन्वय आवश्यक है। विभागीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं का आपसी समन्वय से समाधान करते हुए विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब से बचा जाए।

प्रो. विनोद कुमार मंगलम को गोवर्धन प्रसाद सदेय सम्मान मिला



गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना बंदौ रघुवर से कीः प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम

गयाजी (नव संदेश ब्यूरो)। जगजीवन महाविद्यालय, गयाजी के बीसीए सभागार में गोवर्धन प्रसाद सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सदय सिर्फ नाम ही नहीं, बल्कि सहृदय व्यक्तित्व का नाम है। सदय जी की भाषा प्रवाह सबसे उल्लेखनीय थी। गयाजी के साहित्यकारों से सदय जी का गहरा और लंबा जुड़ाव रहा है। यही कारण है कि गया जी के किसी भी साहित्यिक कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति अनिवार्य मानी जाती थी। जानकर आश्चर्य होगा कि गया जिला प्रशासन की पत्रिका ह्यतर्पणह्य की शुरूआत भी उन्होंने ही की थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित साहित्यकार डॉ. विनोद कुमार मंगलम, जगजीवन कॉलेज के प्रधानाचार्य, डॉ., मो. ऐयूब, साहित्य महापरिषद के अध्यक्ष डॉ. राम सिंहासन सिंह, मुंगेर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो. रंजीत कुमार वर्मा, परिषद के महामंत्री राजीव रंजन, प्रो. वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. वी. के. पी. वर्मा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद सहयात्री पत्रिका का लोकार्पण किया गया। सहयात्री का यह अंक इसलिए भी विशेष है कि डॉ. प्रदीप कुमार को पत्रिका के संपादन का दायित्व दिया गया है। तदुपरांत स्वागत वक्तव्य देते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राम सिंहासन सिंह ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि हम साहित्य एवं संस्कृत से दूर होते जा रहे हैं। यह धरती बहुत पवित्र रही है। जहां तक गया जी की बात है तो यह न केवल सांस्कृतिक तीर्थ का केंद्र बिंदु रहा है, बल्कि यह साहित्यिक तीर्थ की भी भूमि है। हम गोवर्धन प्रसाद सदस्य की 101 वीं जयंती मना रहे हैं। गया में 1990 के बाद सदस्य युग का प्रारंभ होता है। सदय जी ने अपने साहित्य के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का काम किया। सदय जी का राम आख्यान मूलतः बाल्मीकि रामायण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि साहित्य महापरिषद प्रो. विनोद कुमार मंगलम को सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बालिकाओं को सम्मानित करते डीएम।

अरवल(एनएसबी)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में बालिकाओं के साथ कॉफी पर संवाद कार्यक्रम आयोजित बाल विवाह उन्मूलन, बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण पर दिया गया जौर, नशा मुक्ति को लेकर दिलाई गई शपथ अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2026 के अवसर पर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बालिकाओं के साथ कॉफी पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, उनकी शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता तथा सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के तत्वावधान में किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय बालिका बाल विवाह समाप्त करें और बालिकाओं के अधिकारों में निवेश करें रखी गई है। इसी विषय को केंद्र में रखते हुए बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य, उनके अधिकारों की रक्षा तथा समाज में समान अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। बालिकाओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आकांक्षाओं पर हुई चर्चा कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी श्रीमतीं अमृषा बैंस ने बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं आकांक्षाओं एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

संक्षिप्त खबरें

राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में वैशाली की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का बढ़ाया मान

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच वैशाली जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में वैशाली जिले की छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एससीईआरटी, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में वैशाली प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दाउदनगर बालक के वर्ग 8 की छात्रा नुजहत प्रवीण ने कुल 79.75 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत विद्यालय, संकुल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, रचनात्मकता, राष्ट्रीय कर्तव्यबोध एवं विकसित भारत की संकल्पना के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए वर्ग 1 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम, सामूहिक योग, पौधारोपण, वर्षा जल संचयन, आपदा राहत कार्य एवं रक्तदान शिविर जैसे विषय निर्धारित किए गए थे। वहीं, वर्ग 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए ह्यपढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारतह्ल, ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्ल, ह्यडिजिटल इंडिया में अंक का महत्वह्ल, ह्यमेरा कर्तव्य मेरा राष्ट्रह्ल, ह्ययोग स्वस्थ जीवन की कुंजी हैह्ल, ह्यप्लास्टिक मुक्त भारतह्ल एवं ह्यवृक्षारोपण—आने वाली पीढ़ियों के लिए सेवाह्ल जैसे विषयों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक मंच उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य स्तर पर छात्रा की यह उपलब्धि जिले की शैक्षणिक प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता को प्रदर्शित करती है।

सड़क किनारे मांस-मछली के कारोबार पर सख्ती, 14 दुकानें सील

एसडीओ अंकित कुमार के निर्देश पर नगर परिषद का अभियान

महनार (दैनिक नवसंदेश)। महनार में सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से संचालित मांस, मुर्गा और मछली की दुकानों के खिलाफ नगर परिषद ने कार्रवाई की। अनुमंडल पदाधिकारी अंकित कुमार के निर्देश पर कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान में 14 दुकानों को सील किया गया, जबकि अन्य दुकानदारों को सड़क किनारे से हटाया गया। शांति समिति की बैठक में मुद्दा उठने के बाद नगर परिषद ने स्टेशन रोड स्थित मछली हाट परिसर को दुकानदारों के लिए चिह्नित किया है। परिषद ने परिसर का विस्तार कर इसे लीज पर लिया है। सभी संबंधित दुकानदारों को इसी परिसर में कारोबार करने का निर्देश दिया गया है। अभियान के दौरान प्रतिबंधित एकल प्रयोग प्लास्टिक के खिलाफ छापेमारी कर करीब एक किलोग्राम प्लास्टिक बैग जब्त किया गया। नगर प्रबंधक रितेश कुमार ने बताया कि दुकानदारों को पहले चार नोटिस दिए गए थे और कार्यालय में बैठक भी हुई थी। इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की गई। अभियान में लोक स्वच्छता पदाधिकारी कुमार गौरव, टाउन प्लानर अनिकेत प्रकाश, सहायक वास्तुविद राजेश कुमार, एसआई सरोज कुमार यादव पुलिस बल के साथ तथा नगर परिषद के सफाई कर्मी और स्वच्छता साथी शामिल रहे।

मंदिरों में पूजा अर्चना, तख्त साहिब में चंडी पाठ

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र पर शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी,अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चर के साथ सोमवार को भी धार्मिक अनुष्ठान हुए. शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना का अनुष्ठान आरंभ हुआ. छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, छोटू पुजारी व जयप्रकाश पुजारी,गड़हा स्थित पटनदेवी मंदिर में बबलू पांडे ने अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया . सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, काली मंदिर खाजेकलां व मंगल तालाब में शशिकांत मिश्र, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर में राजेश मिश्र के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुई. इसके अलाव बड़ी देवी जी मारूफगंज व महारागंज में पुजारी रामकांत मिश्र और सिद्धि मिश्र की देखरेख में ,नया गांव पूजा समिति के साथ तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर समेत दर्जनों पूजा समितिओं की ओर से में पूजा अर्चना की गयी. दूसरी ओर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में पाठ हुआ. नवमी तक चलने वाले पाठ में नवमी को शस्त्र पूजन होगा. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय, छोटू तिवारी व बेबी कुमारी की देखरेख में दुर्गा सप्तशति पाठ व चंडी पाठ चला.

स्टेशन पर बढ़ायी जायेगी यात्रियों सुविधाएं : जीएम

पूर्व मध्य रेलवे के जीएम का निरीक्षण

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक डिंपी गर्ग ने कहा कि पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर जनवरी 2027 में आयोजित होने वाले गुरु महाराज के प्रकाश पर्व से पहले स्टेशन की व्यवस्था में सुधार कर यात्री सुविधाएं बढ़ाई जाएगी. यात्रियों के लिए लिफ्ट, एक्सीलेटर, शेड, यूरिनल, शौचालय की सुविधा बढ़ाने के साथ दिव्यांगों के लिए रैम्प का निर्माण कार्य भी जल्द कराया जायेगा. महाप्रबंधक सोमवार को स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे थे. इस दौरान जीएम ने प्लेटफॉर्म, यात्री शेड, वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर, समेत अन्य जगहों का निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा और आवश्यक निर्देश साथ रहे अधिकारियों को दिया. इस दौरान बाहरी परिसर में निरीक्षण के क्रम में वाहनों की अवैध पार्किंग व चलंत दुकानो को देख कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया. जीएम ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यात्रियों और पदाधिकारी से बातचीत में जो कमियां सामने आई है उसे दूर किया जायेगा. निरीक्षण में जीएम के साथ दानापुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव कुमार व विभाग के अन्य अधिकारी के साथ स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल थे. जीएम ने कहा कि पटना साहिब रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकिसत करने का मामला अभी विभागीय स्तर पर विचाराधीन है.

गुलशन हत्याकांड में चार गिरफ्तार,मिला हथियार

मोबाइल व वाहन बरामद,पुलिस कर रही पूछताछ

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। दीदारगंज थाना की पुलिस ने बाइक राइडर गुलशन कुमार की हत्या में चार को गिरफ्तार किया है. ग्रामीण एसपी कोमल मीणा ने बताया कि थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी करते हुए दीदारगंज के रायबाग निवासी मिश्री यादव उर्फ मिश्री सिंह के पुत्र सुनील कुमार,रणधीर कुमार और अनिल कुमार और एक अप्राथमिकी अभियुक्त खुशरुपुर के मौसिमपुर निवासी अलख सिंह के पुत्र राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार के पास से घटना में उपयोग किये गये पिस्टल मैग्जीन के साथ,दो गोली,दो चार पहिया वाहन और पांच पीस मोबाइल बरामद किया गया.हत्या की घटना पुरानी अदावत में की गयी थी. ग्रामीण एसपी ने बताया कि मामले में फरार अन्य की तलाश में भी पुलिस टीम छापेमारी कर रही है. छापेमारी दल में दारोगा मो इम्तियाज झंकार,मनीष कुमार,सुजीत कुमार सिंह,आरती कुमारी,सिपाही मनु कुमार,रितेश कुमार,संतोष कुमार,निरंजन कुमार,सोनू कुमार व तकनीकी टीम शामिल थी. ग्रामीण एसपी ने बताया कि मामले में फरार अन्य की तलाश में भी पुलिस टीम छापेमारी कर रही है. बताते चले कि बीते नौ अक्तूबर की रात बदमाशों ने गुलमहियाचक के पास बाइक से घर लौटने के दौरान गोली मार हत्या कर दी थी. मृतक के भाई राहुल के बयान पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज हुई थी. इसमें चार नामजद और दस अज्ञात को आरोपित किया गया था.

प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। अगमकुआं और मुसल्लहपुर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित कफ सिरप पुलिस ने बरामद किया है. जिला उत्पाद विभाग की टीम ने ईआईबी के साथ ट्रांसपोर्ट नगर, गेट नंबर चार के पास स्थित गोदाम में छापेमारी कर 114 कार्टून से 23 हजार 80 पीस जो दो हजार 308 लीटर है. वो प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है. छापेमारी के दौरान टीम ने नवल प्रसाद नामक युवक को गिरफ्तार किया है. टीम ने बताया कि इस मामले में फरार कारोबारी रोहित कुमार उर्फ दीपक कुमार के खिलाफ छापेमारी की जा रही है. दूसरी ओर मुसल्लहपुर थाना की पुलिस ने 1060 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है. एएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष सीतू कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए रामपुर नहर रोड से सुल्तानगंज थाना के शाहगंज निवासी रोबिन कुमार को गिरफ्तार किया गया.

वैशाली के 12 बच्चे बेहतर भविष्य की उम्मीद संग पटना रवाना

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिले में जन्मजात विकृतियों से जूझ रहे नौनिहालों के जीवन में खुशियां लौटने और उन्हें सामान्य जीवन जीने का अवसर देने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है। जिला पदाधिकारी, वैशाली, वर्षा सिंह के

कटे होंठ, कटे तालू और टंग टाई से ग्रसित बच्चों का होगा मुफ्त इलाज

कुशल नेतृत्व में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 बच्चों को 04 एम्बुलेंस के जरिए इलाज के लिए पटना स्थित मेडीवर्सल मैत्री अस्पताल भेजा गया है।

बच्चों को रवाना किए जाने के दौरान जिला समन्वयक (डीसी आरबीएसके) डॉ. शाइस्ता, डॉ. नीतू कुमारी और आरबीएसके के फार्मासिस्ट नवीन



कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने बच्चों और उनके परिजनों का हौसला बढ़ाया।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पटना के मेडीवर्सल मैत्री अस्पताल में इन बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जाँच की जाएगी। जाँच के उपरांत शल्य चिकित्सा (सर्जरी) के लिए पूरी तरह उपयुक्त पाए जाने वाले बच्चों का निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जन्मजात विकृतियों (जैसे क्लेफ्ट लिप, क्लेफ्ट पैलेट और टंग टाई) की समय पर पहचान कर उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि उनके खाने-पीने, बोलने और दैनिक जीवन से जुड़ी तमाम कठिनाइयों को हमेशा के लिए दूर किया जा सके।

आरबीएसके की जिला समन्वयक डॉ. शाइस्ता ने बताया कि 2 अक्टूबर से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत अब तक तीन बच्चों का सफल ऑपरेशन कराया जा चुका है। इनमें से दो बच्चों का ऑपरेशन 'स्माइल ट्रेन' के सहयोग से मेडीवर्सल मैत्री अस्पताल, पटना में हुआ, जिनमें एक बच्चा क्लेफ्ट लिप और दूसरा क्लेफ्ट पैलेट की समस्या से ग्रसित था। दोनों की सर्जरी सफल रही और उन्हें स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इसके अलावा, टंग टाई की समस्या से पीड़ित एक अन्य बच्चे का सफल ऑपरेशन एनएमसीएच, पटना में कराया गया है।

कार्यस्थल पर महिलाओं का सेक्सुअल हैरेसमेंट ऑन विमेन एट वर्कप्लेस विषयक कार्यशाला आयोजित

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। सदर अस्पताल, हाजीपुर के सभागार में कार्यस्थल पर महिलाओं का सेक्सुअल हैरेसमेंट ऑन विमेन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रोहिबिशन एंड रिड्रेसल) एक्ट, विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. आर.के. साहू सर एवं डीआईओ डॉ. विशाल प्रकाश ने की, तथा इसमें डीएमईए रितु राज की उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण आयोजन में सिविल कोर्ट हाजीपुर के एडवोकेट राजेश रंजन, साथ ही दूरदर्शन पटना से मिस्टर कार्तिक और डॉ. अर्पणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कानूनी पहलुओं और मीडिया की भूमिका पर मंथन

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट राजेश रंजन ने अधिनियम के विभिन्न कानूनी प्रावधानों, इंटरनल कंप्लेंट कमेटी के गठन और उसकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होना और संस्थानों में पारदर्शी शिकायत तंत्र का होना बेहद आवश्यक है।



वहीं, दूरदर्शन पटना से पधारे मिस्टर कार्तिक और डॉ. अर्पणा ने कार्यस्थल पर जेंडर सेंसिटिविटी और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने में मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रभावी संवाद और जागरूकता अभियानों के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

सुरक्षित कार्यस्थल हमारी प्राथमिकताः सिविल सर्जन

अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. आर.के. साहू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अपने सभी संस्थानों में महिलाओं के लिए भयमुक्त और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डीआईओ डॉ. विशाल प्रकाश ने भी अपने संबोधन में कार्मिकों को नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करने का संदेश दिया। कार्यशाला के अंत में उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और अधिकारियों ने कार्यस्थल पर सेक्सुअल हैरेसमेंट के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का संकल्प लिया।

कोल्ड स्टोर के पानी से भरे गड्ढे में मिला युवक का शव, इलाके में मचा हड़कंप



बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)। बिदुपुर थाना क्षेत्र स्थित एक कोल्ड स्टोर में सोमवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की पहचान बिदुपुर के माइल पकड़ी गांव वार्ड नंबर-3 निवासी सुरेश राम के 18 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मृतक 3 भाई मे दूसरे नंबर पर था ओर उसका मानसिक संतुलन खराब था।

स्थानीय सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि उनका बेटा दीपक पिछले तीन दिनों से लापता था, जिसकी उनके परिवार के लोग लगातार खोजबीन कर रहे थे, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका था। इसी बीच आज उन्हें सूचना मिली कि कोल्ड स्टोर में साईं धर्म काटा के सामने बने पानी के 20 फीट गहरे गड्ढे में एक शव तैरता हुआ मिला है, जिसका चेहरा उनके बेटे जैसा लग रहा है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की, जो उनका बेटा दीपक ही निकला।

बताया जा रहा है कि कोल्ड स्टोर में बना यह गड्ढा करीब 20 फीट गहरा है और पूरी तरह पानी से भरा हुआ है। कोल्ड स्टोर के मालिक का कहना है कि यह लड़का कब अंदर आया और कैसे गड्ढे में गिर गया, इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। आज जब शव पानी में तैरता हुआ दिखा, तब इस घटना का पता चला।

घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना प्रभारी रवि प्रकाश अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने घटना की विशेष जांच के लिए एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को बुलाया, जो मौके पर जांच में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव वाहन से हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया, जहां पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नशा मुक्त वैशाली अभियान के तहत जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने तथा मद्यनिषेध कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज अनुमंडल पदाधिकारी, हाजीपुर तथा उत्पाद विभाग, हाजीपुर की संयुक्त टीम ने हाजीपुर के हथसरगंज रोड स्थित ए.एस.जी. अस्पताल के सामने छापेमारी की। इस दौरान एक अस्थायी गुमटी से संजय चौधरी को 0.900 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मामले में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी के निर्देशन में संचालित नशा मुक्त वैशाली अभियान का उद्देश्य अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाना, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करना तथा जिले में स्वस्थ एवं सुरक्षित सामाजिक वातावरण सुनिश्चित करना है। इसके तहत संबंधित विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं परिवहन से जुड़ी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन, वैशाली ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशा मुक्त वैशाली अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण या परिवहन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना संबंधित विभाग अथवा जिला प्रशासन को दें। जनसहयोग से ही नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित वैशाली के संकल्प को साकार किया जा सकता है। इस संबंध में प्रशासन द्वारा जारी व्हाट्सऐप नंबर 8544424310 एवं दूरभाष नंबर 06224-260233 / 06224-260234 पर सूचना दी जा सकती है।



जनता दरबार में 91 परिवादों की सुनवाई, सात दिनों में कार्रवाई का निर्देश : जिला पदाधिकारी

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी वैशाली, श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा आज समाहरणालय परिसर स्थित संवाद कक्ष में आयोजित ह्जनता दरबारह्ल कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक अवलोकन एवं निस्तारण किया गया। जनता दरबार में कुल 91 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।



जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त परिवादों पर सात (7) दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। आज प्राप्त परिवाद राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अवर निबंधक, आवास, विद्युत, डी०एस०ओ०, आई०सी०डी०एस०, आर्म्स, स्वास्थ्य, जीविका, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामलों की जांच कर त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से आमजन सीधे प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुँचा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त परिवादों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं गंभीरता बरतते हुए समयसीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

वैशाली की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी : जिला पदाधिकारी

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। वैशाली जिले के 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर स्थित पुष्करिणी सभागार में जिला कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक एवं स्मृति समारोह का आयोजन किया गया।

जिले के 54वें स्थापना दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने जिलेवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए वैशाली की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और सभ्यतागत पहचान को संरक्षित रखने तथा इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि वैशाली का इतिहास गौरव, संस्कृति और सामाजिक चेतना की समृद्ध परंपराओं



से जुड़ा है। जिले का स्थापना दिवस केवल एक तिथि का स्मरण नहीं, बल्कि अपनी ऐतिहासिक पहचान को समझने, अतीत से प्रेरणा लेने और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वैशाली की विरासत को केवल याद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना और इसकी सांस्कृतिक पहचान को निरंतर सुदृढ़ करना हम सभी की जिम्मेदारी है। समारोह के दौरान समाहरणालय परिसर स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात वैशाली के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गौरव पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं ने शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भरतनाट्यम एवं ओडिसी नृत्य की प्रस्तुतियों ने भारतीय शास्त्रीय कला की समृद्ध परंपरा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। स्वागत नृत्य, वैशाली गान, लोकगीत एवं कविता पाठ ने समारोह को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से वैशाली की सांस्कृतिक चेतना, भारतीय परंपराओं और कला की विविधता की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मंच संचालन उद्घोषक श्री विट्ठल नाथ सूर्य ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया।

संक्षिप्त खबरें

मक्का का बोझा रखने और जमीन विवाद में दो गुट भिड़े

टांगी व गड़ासे से हमला, 14 पर प्राथमिकी दर्ज, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया थाना क्षेत्र के मांझा गोसाईं गांव में बीते 7 अक्टूबर की सुबह जमीन और मक्का का बोझा रखने को लेकर दो पड़ोसियों के बीच खूनी हिंसक झड़प हो गई. दोनों पक्षों की ओर से मिली लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने कुल 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पहली प्राथमिकी माधुरी देवी के आवेदन पर दर्ज की गई है. उन्होंने आरोप लगाया कि 7 अक्टूबर को सुबह 6रू30 बजे वे अपने दरवाजे पर काम कर रही थीं. इसी दौरान अनमोल यादव सहित आधा दर्जन लोग अपने हाथों में हथियार लेकर आए और गाली-गलौज करने लगे. मक्का का बोझा रखने के विवाद में अनमोल यादव ने मंटू यादव के सिर पर टांगी से वार कर दिया. जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. इसके बाद भोला यादव ने माधुरी देवी के सिर पर टांगी से हमला किया. पियूष यादव पर मंगलसूत्र व कान के आभूषण छीनने तथा अन्य पर बच्चों से मारपीट का आरोप है. दूसरी ओर से भोला यादव ने प्राथमिकी दर्ज कराई है. उनका आरोप है कि सुबह 6रू20 बजे उनके पिता गणेश स्थान से लौट रहे थे. आरोप है कि मंटू यादव, माधुरी देवी, गोलू यादव, मावकी देवी और भोलू यादव गड़ासा, फारसा व कुदाल लेकर उनके पिता को मारने दौड़े. जब बीच-बचाव करने लोग पहुंचे तो मंटू यादव ने भोला यादव के सिर पर फारसे से जानलेवा हमला कर दिया. माधुरी देवी पर अनमोल यादव के सिर पर गड़ासे से वार करने तथा सोने की चैन व मंगलसूत्र छीनने का आरोप लगाया गया है. पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

उचकागांव थाना के चार और श्रीपुर के जमदार की हुई पदोन्नति, बने पुलिस अवर निरीक्षक

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) बिहार पुलिस विभाग में अपनी सेवा दे रहे कई तेज-तर्रार और समर्पित पदाधिकारियों को पदोन्नति का उपहार मिला है। पदोन्नति की इस प्रक्रिया के तहत पांच पुलिसकर्मियों को सहायक अवर निरीक्षक से पदोन्नति कर पुलिस अवर निरीक्षक बनाया गया है। इस



अवसर पर उचकागांव थाना परिसर में एक सादा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उचकागांव व फुलवरिया के सर्किल इंस्पेक्टर कुमार वैभव ने प्रोन्नत हुए सभी पदाधिकारियों के कंधों पर नए रैंक के स्टार लगाए। इस खास मौके पर पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में उचकागांव थाना में जमदार के पद पर पदस्थापित कन्हैयालाल सिंह, आशिक रसूल खान, अछैवर राम, प्राण कुमार सिंह और श्रीपुर थाना के अभिमन्यु सिंह शामिल है। इस संबंध में इंस्पेक्टर कुमार वैभव ने कहा कि पदोन्नति पाने वाले इन सभी पुलिस पदाधिकारियों ने अपनी मेहनत और निष्ठा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है और आगे भी अपने पद की गरिमा व निष्ठा बनाए रखें। पदोन्नति के पश्चात पदोन्नत पदाधिकारियों को इंस्पेक्टर कुमार वैभव, उचकागांव थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा, अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मियों ने मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी और पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरित किया।

ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की हुई पुष्टि, 9 लोग गिरफ्तार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर रविवार की शाम उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष जांच अभियान चलाकर शराब के नशे में 9 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी लोग उत्तर प्रदेश की ओर से शराब का सेवन करने के बाद बिहार की सीमा में प्रवेश कर रहे थे।विभागीय निर्देश के आलोक में चलाए गए अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आने वाले वाहनों के चालकों सहित अन्य लोगों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच के दौरान 9 लोगों में शराब पीने की पुष्टि हुई।इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने सभी को गिरफ्तार कर लिया।उत्पाद निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सोमवार को सभी आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

श्रीपुर थाने की हाजत से कैदी फरार मामले में जांच तेज, 36 घंटे बाद भी सुराग नहीं

इंस्पेक्टर वैभव कुमार ने थाना परिसर पहुंचकर की जांच
चैकीदार अशोक यादव की भूमिका संदिग्ध

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना परिसर की हाजत से कैदी के फरार होने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। घटना के करीब 36 घंटे बीत जाने के बाद भी फरार कैदी का कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस बीच इंस्पेक्टर वैभव कुमार ने श्रीपुर थाना परिसर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। उन्होंने घटना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों तथा चैकीदारों की भूमिका की पड़ताल की। मामले में चैकीदार अशोक यादव की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।फरार कैदी की पहचान छोटे लाल यादव उर्फ मोटर के रूप में हुई है। उसके हाजत से फरार होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। वहीं, हाजत की सुरक्षा व्यवस्था और कैदी की निगरानी में हुई चूक को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। मामले में श्रीपुर थानाध्यक्ष सिंपी कुमारी ने फरार कैदी छोटे लाल यादव उर्फ मोटर के विरुद्ध दूसरी प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस अब फरारी की परिस्थितियों, सुरक्षा व्यवस्था में संभावित लापरवाही और संबंधित कर्मियों की भूमिका की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर वैभव कुमार की जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की उम्मीद है।इधर, कैदी के फरार रहने से पुलिस की चुनौती बढ़ गई है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कैदी किन परिस्थितियों में हाजत से निकला। हाजत का तालाब बंद था या नहीं इन सब बिंदुओं पर जांच की जा रही।

उचकागांव पुलिस ने दो किशोरियों को किया बरामद, स्वजन को सौंपा

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से अपहृत हुई किशोरियों को पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से बरामद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां न्यायालय से मिले आदेश पर उनके स्वजन को सौंप दिया गया। उचकागांव थाना क्षेत्र के जमसडी गांव से अपनी मां की डांट मिलने से नाराज एक किशोरी अपने एक रिश्तेदार के घर दिल्ली भाग गई थी। जिसे थाना की दरोगा नीतू कुमारी ने काफी मशक्कत के बाद बरामद करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वैसे अपहृत किशोरी की मां के आवेदन पर एक मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात युवक के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। परंतु पुलिस जांच में मामला सामने आने के बाद स्वजन के सहयोग से पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां न्यायालय ने किशोरी का बयान दर्ज करने के बाद अपहरण के मामले को खारीज करते हुए उसे उसके स्वजन को सौंपने का आदेश जारी किया है। जबकि बीते 29 सितंबर के दिन जमसड़ टोला से रघुआ विद्यालय पढ़ने जा रही किशोरी का भी अपहरण कर लिया गया था। मामले में अपहृत किशोरी के पिता के आवेदन पर तीन आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद गोरखपुर से बरामद करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

दुर्गा पूजा को लेकर प्रमुख पंडालों में सुरक्षा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)दुर्गा पूजा के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर जिला पदाधिकारी समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने सोमवार को राजा दल, छत्र दल, कौशल्या चैक एवं कमला राय कॉलेज सहित नगर के विभिन्न प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन, प्रकाश एवं श्रद्धालुओं के आवागमन व्यवस्था का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी ने पूजा समितियों को सुरक्षित विद्युत वायरिंग, अग्निशमन उपकरण, सीसीटीवी, पर्याप्त प्रवेश-निकास मार्ग एवं भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख चैक-चैराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

जिला प्रशासन ने पूजा समितियों एवं जिलेवासियों से प्रशासनिक दिशा-निदेर्शों का

नानी की हत्या के आरोप में नाती गिरफ्तार, बनरहा गांव में सनसनी

रात दो बजे की घटना, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य, हत्या की वजह तलाश रही पुलिस



(मृतिका का फाईल फोटो)



(गिरफतार आरोपी)



(मृतिका के घर पर लगी लोगो की भीड)

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के बनरहा (सोहनरिया) गांव में रविवार की देर रात एक बुजुर्ग महिला की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। हत्या का आरोप महिला के नाती साहेब हुसैन पर लगा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस हत्या के पीछे की वजह तलाशने में जुटी है।

मृतका की पहचान जैनुदीन अंसारी की 85 वर्षीय पत्नी कोईलसिया खातून के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, भोरे थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव निवासी अनवर मियां का पुत्र साहेब हुसैन झाड़-फूंक कराने के लिए अपनी नानी के घर आया हुआ था। रविवार की रात भोजन करने के बाद परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए। बताया जाता है कि साहेब हुसैन अपनी नानी और एक बच्चे के साथ एक ही कमरे में सोया था।

स्वजनों के अनुसार, रविवार की रात करीब दो बजे साहेब हुसैन ने कथित तौर पर दाब से हमला कर अपनी नानी की हत्या कर दी। उसी कमरे में मौजूद बच्चे को घटना की जानकारी हुई तो उसने घर के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कटेया थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया गया। घटना के बाद गांव में हत्या के संभावित कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीणों के बीच आरोपित के कथित प्रेम संबंध और शादी के लिए तय रिश्ते को लेकर विवाद की बातें कही जा रही हैं। हालांकि, इन चर्चाओं की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि हत्या के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। वहीं, स्वजनों ने आरोपित की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कही है। हालांकि, उसकी मानसिक स्थिति और घटना के बीच किसी संबंध की अभी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस इस पहलू सहित मामले के सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है। सोमवार को एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच से मिलने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में कटेया थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आरोपित मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है और हत्या के सभी संभावित पहलुओं पर पुलिस की नजर है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर जल्द ही हत्या के कारणों का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद बनरहा गांव में शोक और दहशत का माहौल है। एक बुजुर्ग महिला की हत्या से ग्रामीण स्तब्ध हैं और पुलिस की जांच से मामले की वास्तविक वजह सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।

गंडक नहर के सायफन के पास मिला अज्ञात युवक का शव, सनसनी

शव के पास से 200 मीटर दूर सायफन में मिले कपड़े, एफएसएल टीम जुटाएगी साक्ष्य



(जांच करती एफएसएल की टीम)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के डोमन बंजरिया गांव के समीप गंडक नहर के सायफन के पास सोमवार की अहले सुबह लगभग 23 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के सूचना मिलते ही कुचायकोट थानाध्यक्ष दर्पण सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण शौच के लिए गंडक नहर की ओर गए थे।इसी दौरान उनकी नजर नहर की पटरी पर बिजली के खंभे के पास पड़े युवक के शव पर पड़ी।ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू किया।आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया गया।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृत युवक के शरीर पर अंडरवियर के अलावा कोई अन्य कपड़ा नहीं था।वहीं, शव मिलने के स्थान से करीब 200 मीटर दूर गंडक नहर के सायफन में कुछ कपड़े फेंके हुए मिले। पुलिस ने इन कपड़ों को भी जब्त कर लिया है।इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को सूचना दी है। टीम घटनास्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाएगी।पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मृतक कौन था, वह कहां का रहने वाला था और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई। साथ ही, शव घटनास्थल तक कैसे पहुंचा, इसकी भी जांच की जा रही है।फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है।हत्या समेत अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।हालांकि, युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

कांग्रेस सांसद बिमोल अकाइजम के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

राहुल गांधी का पुतला फूंका



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) कांग्रेस सांसद और जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकाइजम के खिलाफ लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज गोपालगंज के मौनिया चैक पर भाजपा महिला मोर्चा और पार्टी कार्यकताओं द्वारा एक जोरदार श्हल्लाबोलश् प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस सांसद के इस्तीफे की मांग करते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। यह पूरा विरोध प्रदर्शन भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गिरि के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें जिला मंत्री सुनीता राजपूत समेत सैकड़ों महिला और पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गिरि ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी जी और कांग्रेस से पूछना चाहता हूँ कि आप अभी तक इस मामले पर मौन क्यों हैं? क्या आपने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? क्या स्मैश द पेट्रायर्डी आपके लिए सिर्फ एक चुनावी जुमला है? अगर ऐसा नहीं है, तो तुरंत बिमोल अकाइजम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कीजिए। कार्यक्रम में मौजूद विधान पार्षद राजीव कुमार (गप्पू बाबू) ने केंद्र सरकार और विपक्ष की तुलना करते हुए कहा कि एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो श्महिला आरक्षणश् के जरिए महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व लगातार बढ़ा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं, जो इसके क्रियान्वयन में अवरोध पैदा करते हैं, एक सेक्सुअल प्रीडेटर (यौन उत्पीड़न के आरोपी) को लोकसभा में स्थान देते हैं और अपने मौन के जरिए उसे संरक्षण प्रदान करते हैं। स्थानीय विधायक सुभाष सिंह ने इस पूरी घटना की कड़ी भत्र्सना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस स्थिति पर शर्म आनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संदीप कुमार गिरि, विधान पार्षद राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू, विधायक सुभाष सिंह, उमेश प्रधान, बिनोद कुमार, हरिनारायण सिंह, राजू चैबे, दुर्गा राय, दीपक कुमार दीपू, विनय यादव, राजू सिंह, रितेश सिंह, अनिकेत सिंह, सुनीता राजपूत, विकाश सिंह, अनुज सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, प्रकाश लाल श्रीवास्तव, बीरबहादुर सिंह, बुलेट राम, फरहान अख्तर, आदित्य सिन्हा, भरत सिंह, सत्येंद्र सिंह, दीपक साह, अंशु सिंह, चंदन तिवारी, अरविंद महतो, प्रकाश सिंह और राहुल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की सदस्य मौजूद रहीं।

फुलवरिया में बच्चों की तकरार बनी खूनी जंग

दोनों पक्षों से जमकर चले लाठी-डंडे



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया थाना क्षेत्र के कोयलादेवा गांव में बच्चों के खेल-खेल में हुए मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया. बच्चों की मामूली कहासुनी को लेकर दोनों पक्षों के बुजुर्ग और महिलाएं आपस में भिड़ गए. इस दौरान जमकर लाठी-डंडे चले. जिसमें दोनों पक्षों से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में एक पक्ष से कोयलादेवा निवासी भोला मियां के पुत्र शफीक मियां घायल हुए हैं. वहीं दूसरे पक्ष से मकबूल अंसारी की पत्नी जमीला खातून, उनकी बेटी सलमा खातून और मकसूद अंसारी की पत्नी मुबीना खातून गंभीर रूप से जख्मी हैं. आसपास के लोगों ने सभी घायलों को फुलवरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। एक पक्ष के शफीक अंसारी ने बताया कि बच्चे खेल-खेल में उलझ गए थे. जिसे लेकर महिलाएं बहस कर रही थीं. वे नमाज पढ़कर जैसे ही पहुंचे, तभी दूसरे पक्ष की महिलाओं ने लाठी से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया. जिससे उनका सिर फट गया. वहीं, दूसरे पक्ष की जमीला खातून ने आरोप लगाया कि वे बेटी के साथ पगडंडी से गुजर रही थीं, तभी विपक्षी ने बेवजह गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया.

दी गोपालगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक बोर्ड की बैठक करते अध्यक्ष अन्य लोग



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) दी गोपालगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की भोरे शाखा में 2।98 करोड़ रुपये के गबन के मामले में बैंक प्रबंधन ने बड़ी कार्रवाई की है। निदेशक मंडल की बैठक में गबन और राशि की निकासी में संलिप्तता के मामले में तीन निलंबित कर्मियों की सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं चार अन्य कर्मियों को उनके वर्तमान पद से डिमोशन कर अनुसेवक बनाने और एक माह के भीतर उनके आइडी से निकाली गयी राशि जमा करने का निर्देश देने का निर्णय लिया गया। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर उनकी भी सेवा समाप्त की जायेगी। बैंक की धोखाधड़ी एवं जोखिम प्रबंधन समिति की अनुशंसा, विभिन्न चरणों में हुई सुनवाई और मानव संसाधन विशेषज्ञ की राय के आधार पर निदेशक मंडल ने निलंबित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय लिया। इसके तहत शाखा प्रबंधक रहे चैधरी संजय कुमार रामाकांत, संजीव कुमार और अमित कुमार झा की सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं सोहैल अहमद, सुमित कुमार, कुमार वरुण और नीतीश कुमार को वर्तमान पद से क्लर्क से अनुसेवक के पद पर डिमोशन करने तथा एक माह के भीतर उनके आइडी से निकाली गयी राशि जमा करने का निर्देश देने का निर्णय लिया गया। राशि जमा नहीं करने पर इन चारों की सेवा समाप्त करने का भी निर्णय लिया गया है। सोमवार को बैंक सभागार में अध्यक्ष महेश राय की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक हुई। इसमें प्रबंध निदेशक सुमन कुमार सिंह ने 30 सितंबर तक का अर्धवार्षिक आर्थिक चिट्ठा प्रस्तुत किया।

राशन की बोरियों में 4-5 किलो अनाज कम मिलने का आरोप, दुकानदारों का हंगामा



(हंगामा करते पीडीएस दुकानदार)



(दुकानदारों को समझाते अधिकारी)

धर्मकांटा पर वजन कराने के बाद खाद्यान्न देने की मांग, गोदाम प्रबंधक के आश्वासन पर शांत हुए दुकानदार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) राशन की बोरियों में अनाज कम मिलने और शिकायत करने पर दुर्व्यवहार किए जाने के आरोप को लेकर सोमवार को कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के गोदाम पर जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया। दुकानदारों ने धर्मकांटा पर वजन कराने के बाद ही खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग की।गोदाम प्रबंधक के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और वजन कराकर खाद्यान्न का उठाव शुरू किया गया। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों का आरोप था कि गोदाम में लगा कांटा खराब होने के कारण उन्हें बिना वजन किए ही अनाज की बोरियां उपलब्ध करा दी जाती हैं। इससे प्रत्येक बोरी में चार से पांच किलो तक अनाज कम मिलने की शिकायत है।दुकानदारों का कहना था कि राशन वितरण के दौरान उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा से कम अनाज मिलने पर वे उनसे जवाब मांगते हैं।इससे उन्हें उपभोक्ताओं की नाराजगी झेलनी पड़ती है।दुकानदारों ने गोदाम के कंप्यूटर ऑपरेटर पर दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया।उनका कहना था कि शिकायत करने पर उन्हें परेशान किया जाता है।कई बार पूरे दिन गोदाम में बैठाए रखने के बावजूद शाम तक खाद्यान्न का उठाव नहीं कराया जाता है।शनिवार को बड़हरा पंचायत के एक राशन दुकानदार के साथ कथित दुर्व्यवहार और खाद्यान्न का उठाव नहीं होने की शिकायत के बाद अन्य दुकानदारों में भी नाराजगी बढ़ गई।इसी के विरोध में सोमवार की सुबह बड़ी संख्या में दुकानदार गोदाम पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया।हंगामे की सूचना मिलने पर गोदाम प्रबंधक रामानंद सिंह मौके पर पहुंचे और दुकानदारों की शिकायतें सुनीं।उन्होंने आश्वासन दिया कि अब धर्मकांटा पर अनाज का वजन कराने के बाद ही खाद्यान्न की आपूर्ति की जाएगी।साथ ही कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की जांच कर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।इसके बाद दुकानदार शांत हुए और वजन कराने के बाद खाद्यान्न का उठाव शुरू हुआ।प्रदर्शन में अमरेश राय, रमेश मांझी, राघव बरनवाल, राधाकांत मिश्र, गिरधर साह,दीपक कुमार सहित अन्य राशन दुकानदार शामिल थे।